## खबरें एक नजर में

### इलेक्ट्रॉनिक दुकान में हुई थी चोरी, सप्ताह भर बाद मुकदमा दर्ज

**उचौलिया (खीरी)।** उचौलिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत गुरुद्वारा मार्केट में स्थित इलेक्ट्रॉनिक और इलेक्ट्रिक सामान की दुकान में हुई चोरी की घटना के करीब एक सप्ताह बाद पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पीड़ित दुकानदार निशान सिंह पुत्र बिरसा सिंह निवासी उचौलिया ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। पीड़ित ने बताया कि घटना 9 जून की रात की है। रोज की तरह वह दुकान बंद करके घर चला गया था। इसी दौरान रात में अज्ञात चोरों ने दुकान का शटर तोड़कर भीतर घुसकर कीमती सामान चोरी कर लिया। चोरी गए सामान में एक लैपटॉप, बैटरियां, पांच पंखे, करीब 20 डेक, 20 मोबाइल चार्जर, ट्रैक्टर की डेक, ब्लूटूथ स्पीकर और पांच बड़े स्पीकर शामिल हैं। सुबह जब दुकानदार दुकान पर पहुंचा तो भीतर का नजारा देख उसके होश उड़ गए। सामान बिखरा पड़ा था और कई जरूरी सामान गायब थे। पीड़ित ने अपने स्तर पर चोरों की तलाश भी की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लगा। घटना की सूचना मिलने के बाद भी पुलिस ने तत्काल कार्रवाई नहीं की, जिससे पीड़ित में नाराजगी रही। अब घटना के करीब एक सप्ताह बाद पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है।

### गोला इंस्पेक्टर रविन्द्र पांडे को भावभीनी विदाई, मैगलगंज कोतवाली में हुआ स्थानांतरण



**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** गोला गोकर्णनाथ कोतवाली में तैनात क्राइम इंस्पेक्टर रविन्द्र पांडे के मैगलगंज कोतवाली स्थानांतरण होने पर गोला कोतवाली स्टाफ द्वारा उन्हें भावभीनी और भव्य विदाई दी गई। विदाई समारोह में कोतवाली के सभी अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। इंस्पेक्टर रविन्द्र पांडे अपनी ईमानदार कार्यशैली और दूरदर्शिता के लिए जाने जाते थे। बीते दिनों गोला कोतवाल चंद्रशेखर सिंह के तबादले के बाद उन्हें अस्थायी रूप से गोला कोतवाल का कार्यभार सौंपा गया था, लेकिन मात्र एक-दो दिन बाद ही उनका स्थानांतरण मैगलगंज कोतवाली प्रभारी पद पर कर दिया गया। इस अवसर पर कोतवाली स्टाफ ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि उनकी कार्यशैली से सभी को प्रेरणा मिलती रही है। मैगलगंज में उनके नेतृत्व में थाने का कार्य और बेहतर होगा, ऐसा विश्वास सभी ने जताया।

### इंडो-नेपाल सीमा पर एसएसबी ने निकाली साइकिल रैली, ग्रामीणों को किया नशा मुक्ति के प्रति जागरूक



**बेलरायां खीरी।** भारत-नेपाल सीमा पर तैनात सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) द्वारा सोमवार को सीमा क्षेत्र के गांवों में साइकिल रैली का आयोजन किया गया। इस रैली में एसएसबी जवानों के साथ बड़ी संख्या में ग्रामीणों और स्कूली छात्रों ने भी भाग लिया। रैली का उद्देश्य नशा उन्मूलन के प्रति जागरूकता फैलाना था। एसएसबी डांगा की प्रभारी असिस्टेंट कमांडेंट रौनक त्यागी के नेतृत्व में यह रैली निकाली गई। साइकिल रैली बार्डर के बदलापुरवा, गबडुटांडा, गोवर्धनपुरवा, महतीटांडा, दीपनगर सहित कई गांवों से होकर गुजरी। रैली के दौरान ग्रामीणों और छात्रों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में बताया गया। एसएसबी अधिकारियों ने समझाया कि नशे की लत न केवल व्यक्ति की शारीरिक और मानसिक स्थिति को प्रभावित करती है, बल्कि पूरे समाज के विकास में बाधक बनती है। संदेश दिया गया कि एक स्वस्थ और नशा मुक्त समाज ही देश के विकास में योगदान दे सकता है। इस अवसर पर असिस्टेंट कमांडेंट रौनक त्यागी के अलावा इंस्पेक्टर अर्चित तिवारी, हेड कांस्टेबल रोहित त्रिवेदी, कांस्टेबल अक्षय, नीरज बाथम, अर्पिता, पूजा, माधुरी समेत बड़ी संख्या में बच्चे और ग्रामीण उपस्थित रहे।

### कृषि महाविद्यालय जमुनाबाद में सूर्य नमस्कार व योग मैराथन का आयोजन




**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर)।** चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कानपुर के अंतर्गत आने वाले कृषि महाविद्यालय जमुनाबाद, गोला में 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में शनिवार को विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों में योग के प्रति उत्साह और जागरूकता देखने को मिली। कार्यक्रम की शुरुआत योग मैराथन- स्वस्थ समाज की ओर बढ़ते कदम विषय पर आधारित मैराथन दौड़ से हुई। यह दौड़ महाविद्यालय परिसर से प्रारंभ होकर पांच किलोमीटर की दूरी तक आयोजित की गई। कुल 22 छात्रों ने इस दौड़ में भाग लिया। सह्प्राध्यापक डॉ. एके पांडेय ने हरी झंडी दिखाकर दौड़ की शुरुआत करवाई। मैराथन में प्रथम स्थान प्रथम वर्ष के छात्र सचिन कुमार ने प्राप्त किया, जबकि द्वितीय स्थान पर द्वितीय वर्ष के मोहित कुमार और तृतीय स्थान पर सुमित कुमार रहे। विजयी प्रतिभागियों को महाविद्यालय प्रशासन द्वारा स्मृति चिह्न और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके पश्चात महाविद्यालय के प्रक्षेत्र भवन में सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन मंत्रोच्चार के साथ किया गया। सामूहिक सूर्य नमस्कार- ऊर्जा और एकाग्रता का अनुभव विषय पर आधारित इस आयोजन में लगभग 80 छात्रों, कर्मचारियों एवं सभी शिक्षकों ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉ. एके पांडेय ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि मानसिक शांति और आत्मिक ऊर्जा का स्रोत है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे योग को अपनी दिनचर्या का अभिन्न हिस्सा बनाएं। योगाभ्यास का संचालन योग प्रशिक्षित प्रशिक्षक शिवम मिश्रा ने किया। उन्होंने विभिन्न आसनों और सूर्य नमस्कार की वैज्ञानिक व्याख्या करते हुए उपस्थित जनों को योगाभ्यास करवाया। महाविद्यालय के इस संयुक्त आयोजन से छात्रों में आत्मविश्वास, अनुशासन और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का संचार हुआ।

### मनीष तिवारी ने अयोध्या से बाबा बैजधाम तक की आध्यात्मिक पैदल यात्रा, सादुल्लानगर मे स्वागत



**सादुल्लानगर/बलरामपुर।** अयोध्या की पावन धरती से एक अद्वितीय आध्यात्मिक पहल की शुरुआत हुई है। मनीष तिवारी निवासी बलिया जिला के प्रभु श्री राम की नगरी अयोध्या के सरयू नदी के तट से पवित्र जल लेकर बाबा बैजधाम तक की पदयात्रा आरंभ की है। लगभग 250 से 300 किलोमीटर की यह यात्रा वह 40 दिनों में पूरी करेंगे, जिसमें उनका उद्देश्य न केवल धार्मिक अनुष्ठान है, बल्कि आत्मिक शुद्धि, धैर्य और समर्पण की भावना को समाज में जागृत करना भी है। मनीष तिवारी ने कहा कि मैंने यह संकल्प लिया है कि मैं यह पवित्र जल बाबा बैजधाम तक बिना वाहन सहायता के पैदल पहुंचाऊंगा। मेरा उद्देश्य है कि लोग इस यात्रा से प्रेरित होकर आत्मिक शांति और मानसिक स्थिरता की ओर अग्रसर हों। यह पवित्र यात्रा अयोध्या से प्रारंभ होकर सादुल्लानगर, गौराचौकी, डुमरियागंज, रूधौली, मेंहदावल, कैम्पयरगंज, कप्तानगंज, हाटा, कुशीनगर, तमकुहीराज, फुलवरिया, गोपालगंज, थावे, छपरा, मुजफ्फरपुर और सिमरियाघाट होते हुए बाबा बैजधाम तक पहुंचेगी। प्राकृतिक सौंदर्य, ग्रामीण जीवन की शांति और भक्तों की संगति इस यात्रा को और भी दिव्य बना रही है। सादुल्लानगर में भारतीय जनता पार्टी मंडल अध्यक्ष विष्णु प्रताप गुप्ता ने मनीष तिवारी का स्वागत करते हुए कहा कि हमें विश्वास है कि मनीष तिवारी की यह यात्रा जनमानस को धर्म, संस्कार और आत्मिक जागरूकता की प्रेरणा देगी।

### ई-केवाईसी एवं चेहरा प्रमाणीकरण न कराने वाले लाभार्थी पोषाहार से रह जाएंगे वंचित



**सादुल्ला नगर/बलरामपुर।** महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आंगनवाड़ी केन्द्रों के लाभार्थियों को दिये जाने वाले अनुपूरक पोषाहार में पारदर्शिता लाने तथा पात्र एवं वास्तविक लाभार्थियों को ही अनुपूरक पोषाहार दिये जाने के उद्देश्य से देश भर में पोषण ट्रैकर के माध्यम से फेस ऑथेंटिकेशन मॉड्यूल के कार्यान्वयन के सम्बन्ध में निर्देश जारी किये गए हैं। जिसके अनुसार अब 01 जुलाई से आंगनवाड़ी केन्द्र के जिन लाभार्थियों का ई-केवाइसी और चेहरा प्रमाणीकरण नहीं होगा उनको आंगनवाड़ी केन्द्र पर दिये जाने वाले अनुपूरक पोषाहार का लाभ प्राप्त नहीं होगा। इस सम्बन्ध में बाल विकास परियोजना अधिकारी अधिकारी रेहरा बाजार संदीप कुमार ने बताया कि ई-केवाइसी एवं चेहरा प्रमाणीकरण हेतु लाभार्थी को अपने आधार नम्बर के साथ आंगनबाड़ी केन्द्र पर जाना होगा। लाभार्थी को उनके आधार से लिंक मोबाइल नम्बर पर ओटीपी आयेगा। जिसका सत्यापन किया जायेगा तथा आधार सत्यापन के पश्चात लाभार्थी का चेहरा स्कैन करते हुए चेहरा प्रमाणीकरण (फेस आथेन्टिकेशन) का कार्य पूर्ण किया जायेगा। तब वह पूर्ण रूप से पोषाहार सहित अन्य लाभ पाने हेतु पंजीकृत हो जायेगा। इस सम्बन्ध में परियोजना की सभी आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को 30 जून तक शत प्रतिशत ई-केवाइसी और फेस आथेन्टिकेशन कराए जाने के निर्देश दे दिये गये हैं। साथ ही बाल विकास परियोजना अधिकारी संदीप कुमार ने आंगनबाड़ी केन्द्रों के लाभार्थियों से अपील की है कि सम्बन्धित आंगनवाड़ी केन्द्र पर उपस्थित होकर आंगनवाड़ी कार्यकर्त्री से सम्पर्क स्थापित करते हुए ई-केवाइसी एवं फेस प्रमाणीकरण करा ले ताकि किसी भी लाभ से वंचित न होना पड़े।

# खून से लथपथ मिला युवक का शव, हत्या का आरोप

- सांड से टक्कर, कहानी में आया नया मोड़
- पत्नी की तहरीर पर दर्ज हुई एफआईआर
- नामजद आरोपी सचिन पुलिस हिरासत में, धमकी देने का भी आरोप

**पलिया कलां (खीरी), समृद्धि न्यूज़।**



कोतवाली पलिया क्षेत्र के छेदनीपुरवा गांव निवासी युवक निर्मल की मौत का मामला अब पूरी तरह से हत्या की ओर इशारा कर रहा है। मृतक की पत्नी रूबी देवी ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में जो बयान दर्ज कराया है, वह इस घटना को एक सोची-समझी साजिश और निर्मम हत्या का मामला बना देता है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 15 जून की शाम करीब 6 बजे गांव के ही युवक सचिन पुत्र घनश्याम,निर्मल को घर से यह कहकर ले गया कि वह उसे जूस पिलाने पलिया ले जा रहा है। इस दौरान मृतक के पिता ने भी सचिन से पूछताछ की थी, लेकिन उसने टालने की कोशिश की। रात्रि लगभग 8 बजे प्रार्थिनी रूबी को किसी व्यक्ति ने सूचना दी कि उसके पति का शव बसंतापुर खुर्द व बसंतापुर कलां मार्ग के बीच घायल अवस्था में पड़ा है। जब उसने तत्काल सचिन को फोन किया तो उसने बात टाल दी और कहा, ÷गांव में ही हूं, और फोन काट दिया। जब परिवार मौके पर पहुंचा तो देखा कि निर्मल खून से लथपथ सड़क किनारे पड़ा है। मौके पर आरोपी सचिन और उसका भाई अरविंद मृतक के शरीर को इधर-उधर कर रहे थे। प्रार्थिनी के पहुंचते ही अरविंद वहां से फरार हो गया लेकिन सचिन मौजूद रहा। प्राथिनी ने जब शव देखा तो उसमें किसी भी प्रकार की हलचल नहीं थी और ऐसा प्रतीत हो रहा था कि निर्मल की निर्मम हत्या की गई है। इस दौरान सचिन ने झूठा दावा किया कि निर्मल की मौत सांड से टकराने के कारण हुई लेकिन बाद में घटनास्थल से पुलिस ने खून से सना हुआ एक लकड़ी का डंडा बरामद किया जिससे हत्या की आशंका और मजबूत हो गई। रूबी देवी ने अपने प्रार्थना पत्र में यह भी आरोप लगाया कि आरोपी सचिन ने धमकी देते हुए कहा–अगर पुलिस में शिकायत करोगी तब भी मेरा कुछ नहीं बिगड़ेगा। इतना ही नहीं, आरोपी के पिता घनश्याम द्वारा भी पीड़िता को धमकी दी जा रही है कि अगर मेरा बेटा जेल गया, तो मैं तुम्हारे पूरे परिवार को जान से मार दूंगा।पुलिस ने रूबी देवी की तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है और जांच थाना अध्यक्ष पंकज त्रिपाठी को सौंपी गई है। फिलहाल आरोपी सचिन पुलिस हिरासत में है और मामले की जांच जारी है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार एफआईआर में हत्या, धमकी और साजिश की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस की जांच आगे क्या नया खुलासा करती है और क्या निर्मल को न्याय मिल पाएगा? गांव में तनाव का माहौल है और पीड़ित परिवार को सुरक्षा मुहैया कराई गई है।

## बीडीओ जयेश कुमार सिंह की मौजूदगी में लगा कैंप, मौके पर बने जन्म प्रमाण पत्र

**निघासन खीरी।** निघासन विकासखंड परिसर में मंगलवार को एक दिवसीय विशेष कैंप का आयोजन किया गया। खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) जयेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस शिविर में जन्म प्रमाण पत्रों के त्वरित निस्तारण की प्रक्रिया अपनाई गई। कैंप में दूरदराज से आए ग्रामीणों ने अपने दस्तावेजों के साथ आवेदन प्रस्तुत किए। विभागीय कर्मचारियों ने मौके पर ही दस्तावेजों की जांच कर प्रमाण पत्र जारी किए। खंड विकास अधिकारी जयेश कुमार सिंह ने बताया कि कुल 48 लोगों ने आवेदन किये जिसमें दो लोगों के प्रमाण पत्र जारी कर दिए गए हैं बाकी शेष लोगों के प्रमाण पत्र जारी करने के लिए अग्रिम कार्रवाई उपजिलाधिकारी राजीव निगम के पोर्टल पर प्रेषित कर दिए गए है। शेष आवेदनों की जांच प्रक्रिया जारी है। खंड विकास अधिकारी ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार जनता को मूलभूत सुविधाएं शीघ्रता से उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कोई भी



नागरिक बिना सेवा पाए वापस न लौटे। इस मौके पर ग्राम पंचायत अधिकारी आशिफ खान, शालिनी पाण्डेय, नवीन राठौर, ग्राम विकास अधिकारी राजेश कुमार, आशीष कुमार, यशपाल कुमार, आवास सहायक महेश कुमार एवं वीडियो पंचायत सतीश कुमार उपस्थित रहे। अधिकारियों ने मौके पर ही लोगों की समस्याएं सुनीं और अधिकतर मामलों का समाधान भी किया। ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यदि ऐसे शिविर नियमित अंतराल पर आयोजित किए जाएं, तो ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को जन्म, मृत्यु जैसे आवश्यक प्रमाण पत्रों के लिए कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे।

## डायरिया रोको अभियान 31 जुलाई तक जिले भर में चलेगा

**लखीमपुर-खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

- जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई अंतरविभागीय बैठक, सीएमओ ने बताई रणनीति
- सीएमओ बोले- यह अभियान पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों, कुपोषित व अतिकुपोषित बच्चों, पर केंद्रित रहेगा

जिले में डायरिया की रोकथाम, नियंत्रण और प्रभावी प्रबंधन को लेकर स्वास्थ्य विभाग द्वारा 16 जून से 31 जुलाई तक डायरिया रोको अभियान चलाया जा रहा है। इस महत्वपूर्ण अभियान की तैयारी और अंतरविभागीय समन्वय को लेकर सोमवार को विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में एक अंतरविभागीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतोष गुप्ता ने बताया कि यह अभियान पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों, कुपोषित व अतिकुपोषित बच्चों, उच्च प्राथमिकता वाले क्षेत्रों एवं अति संवेदनशील समुदायों पर केंद्रित रहेगा। उन्होंने कहा कि अभियान के दौरान ओआरएस घोल और जिंक की टैबलेट की समय से आपूर्ति और वितरण सुनिश्चित किया जाएगा, ताकि दस्त की स्थिति में तुरंत उपचार शुरू हो सके। सीएमओ ने बताया कि डायरिया जैसी बीमारियों से बचाव के लिए लोगों को स्वच्छ पेयजल, साफ-सफाई और हाथों की नियमित धुलाई की महत्ता के प्रति जागरूक किया जाएगा। आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, आशा बहुओं और एएनएम के माध्यम से घर-घर संपर्क कर लोगों को ओआरएस के उपयोग, स्तनपान के लाभ, और व्यक्तिगत स्वच्छता के तरीकों के बारे में जानकारी दी जाएगी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी महोदया ने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह अभियान केवल स्वास्थ्य विभाग का कार्य नहीं है, बल्कि इसमें पेयजल, शिक्षा, पंचायतीराज, नगर निकाय, महिला एवं बाल विकास, एवं सूचना विभाग की भी अहम भूमिका है। सभी विभाग सुनिश्चित करें कि संबंधित गतिविधियाँ समयबद्ध ढंग से और प्रभावी रूप से क्रियान्वित हों। अभियान के तहत ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में सामुदायिक जागरूकता रैलियाँ, स्वास्थ्य शिक्षा सत्र, स्कूलों में विशेष कार्यक्रम, और सार्वजनिक स्थलों पर पोस्टर व बैनर के माध्यम से जनजागरूकता को प्राथमिकता दी जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि दस्त जैसी सामान्य दिखने वाली बीमारी कई बार जानलेवा साबित हो सकती है, विशेषकर बच्चों के लिए। ऐसे में समय रहते जागरूकता, रोकथाम और उपचार ही इसका सबसे सशक्त उपाय है।

## हृदय रोगों के बढ़ते मामलों पर चलेगा जन-जागरूकता अभियानः डॉ. पंकज श्रीवास्तव

- लखीमपुर खीरी में निःशुल्क जांच शिविर सम्पन्न, 120 लोगों की हुई जांच

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

जैनस इनिशिएटिव के संस्थापक व चरक हार्ट इंस्टिट्यूट लखनऊ के वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. पंकज कुमार श्रीवास्तव ने शनिवार को लखीमपुर खीरी में सांसद उत्कर्ष वर्मा से मुलाकात की। उन्होंने युवाओं में तेजी से बढ़ रहे हृदय रोग के मामलों पर चिंता जताते हुए जिले में व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाने की आवश्यकता बताई।

डॉ. श्रीवास्तव ने कहा कि बदलती जीवनशैली, तनाव और असंतुलित आहार हृदय रोगों को बढ़ावा दे रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों



में समय पर इलाज न मिलने से हालात और भी गंभीर हो जाते हैं। सांसद वर्मा ने भी इस पर सहमति जताई और स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त बनाने हेतु हरसंभव प्रयास का भरोसा दिलाया। इसी क्रम में 15 जून को श्री गुरु तेग बहादुर साहब गुरुद्वारा, पंजाबी कॉलोनी में निन्शुल्क हृदय रोग जांच शिविर आयोजित किया गया, जिसमें 120 मरीजों की जांच की गई। निर्धारित समय दोपहर 1 बजे तक का था, परंतु मरीजों की भारी भीड़ को देखते हुए जांच शाम 4 बजे तक जारी रही। शिविर में डॉ. पंकज श्रीवास्तव ने मरीजों की बीपी, शुगर, ईसीजी सहित अन्य जांच कर स्वास्थ्य संबंधी परामर्श और दवाएं दीं। उनके वरिष्ठ सहयोगी अभिषेक कुमार ने भी शिविर में मरीजों की सेवा में सहयोग दिया। शिविर का आयोजन चरक हॉस्पिटल लखनऊ एवं श्री गुरु तेग बहादुर साहब ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। डॉ. श्रीवास्तव ने बताया कि उनका उद्देश्य मरीजों की समय पर जांच और जागरूकता के जरिए जीवन रक्षा करना है। इस दौरान उन्होंने संवाददाता की भी जांच कर उन्हें स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहने की सलाह दी। बैठक में रोटरी क्लब के पूर्व अध्यक्ष अशोक तोलानी, रविंद्र शुक्ला, अरुण गुप्ता, डॉ. रूपक टंडन सहित कई संभ्रांत नागरिक मौजूद रहे। सभी ने स्वास्थ्य जागरूकता अभियान में सहयोग देने का आश्वासन दिया।

## खंड विकास अधिकारी पर गंभीर आरोप, पीड़ित ने सीएम हेल्पलाइन पर की शिकायत

- फोन न उठाने और नंबर ब्लैकलिस्ट करने का आरोप, ग्रामीण परेशान

**पसगवां (खीरी), समृद्धि न्यूज़।**

पसगवां ब्लॉक के अंतर्गत गांव दोहक के मजरा सुकरुद्दीनपुर निवासी एक किसान ने खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) पर गंभीर आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराई है। किसान का आरोप है कि अधिकारी न तो फोन उठाते हैं और न ही उसकी समस्या का समाधान कर रहे हैं। पीड़ित किसान लालाराम ने बताया कि उसके खेत तक जाने वाला चकरोड गांव के कुछ प्रभावशाली लोगों ने जबरन जोतकर अपने खेत में मिला लिया है। इससे उसे खेत तक पहुंचने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। फसल की कटाई और बुवाई दोनों ही प्रभावित हो रही हैं। लालाराम का कहना है कि उसने इस समस्या को लेकर कई बार उच्च अधिकारियों से शिकायत की थी। शिकायत के बाद संबंधित लेखपाल ने मौके पर जाकर चकरोड की पैमाइश भी कराई। लेकिन इसके बाद भी कोई समाधान नहीं निकल पाया। किसान का आरोप है कि स्थिति की जानकारी लेने के लिए जब उसने खंड विकास अधिकारी मोहित कौशिक से संपर्क करने की कोशिश की तो अधिकारी ने न तो फोन उठाया और न ही कोई जवाब दिया। कई दिनों तक प्रयास करने के बाद भी जब संपर्क नहीं हो पाया तो किसान ने मजबूर होकर मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर शिकायत कर दी। आरोप यह भी है कि बीडीओ ने किसान का मोबाइल नंबर ब्लैकलिस्ट में डाल दिया। यह पहली बार नहीं है जब खंड विकास अधिकारी पर जवाब न देने का आरोप लगा हो। ग्रामीणों के अनुसार, जब स्थानीय पत्रकार किसी विषय पर उनका पक्ष जानने के लिए संपर्क करते हैं तो बीडीओ अक्सर यही कहते हैं कि ऑफिस में आ जाइए।

## योग समावेश कार्यक्रम के अंतर्गत वृद्धाश्रम में विशेष योग सत्र और संगोष्ठी का सफल आयोजन

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

- योग उम्र नहीं देखता, स्वास्थ्य का सबसे सरल मार्ग दिखवाताः डॉ. सुमन्त कुमार



11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 के उपलक्ष्य में आयोजित योग सप्ताह (15-21 जून) के तृतीय दिवस पर जिला आयुष समिति एवं योग रंजन फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में सलेमपुर कोन स्थित वृद्धाश्रम में एक विशेष योगाभ्यास सत्र एवं योग संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अभिनव पहल का उद्देश्य वृद्धजन समुदाय तक योग की पहुँच सुनिश्चित कर उनके शारीरिक, मानसिक व भावनात्मक स्वास्थ्य को मजबूती प्रदान करना रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. सुमन्त कुमार ने की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा, योग न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है, बल्कि वृद्धावस्था में आत्मबल व मानसिक सशक्तिकरण का प्रभावी माध्यम भी है। वृद्धाश्रम के स्टाफ और वहां निवास कर रहे वरिष्ठ नागरिकों की आत्मीय सहभागिता से आयोजन अत्यंत सफल और भावपूर्ण बना। योगाभ्यास सत्र का संचालन योग प्रशिक्षक प्रिंस रंजन ने किया, जिन्होंने प्रतिभागियों को उनकी सुविधा अनुसार सरल योगासन, प्राणायाम व ध्यान की तकनीकों का अभ्यास करवाया। उन्होंने वृद्धावस्था में योग की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नियमित योगाभ्यास से बुजुर्गों को न केवल शारीरिक लचीलापन प्राप्त होता है, बल्कि मानसिक शांति और सकारात्मक सोच भी विकसित होती है। कार्यक्रम में आयोजित संक्षिप्त योग संगोष्ठी में अंशकालिक प्रशिक्षक सुमन राजपूत और राजदीपिका तिवारी ने भी अपने विचार साझा किए। संगोष्ठी के दौरान उपस्थित बुजुर्गों ने भी अपने अनुभवों को साझा करते हुए योग को अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाने की प्रतिबद्धता प्रकट की। कार्यक्रम में योग वॉलंटियर अश्विन राजपूत, महेंद्र सिंह एवं अन्य स्वयंसेवकों की सक्रिय सहभागिता से आयोजन को विशेष गरिमा प्राप्त हुई। योग रंजन फाउंडेशन द्वारा संचालित यह समावेशी पहल समाज के प्रत्येक वर्ग, विशेषकर वरिष्ठ नागरिकों तक योग पहुंचाने की दिशा में एक प्रशंसनीय प्रयास है।


## गन्ना विकास परिषद ने किसानों को दिया प्रशिक्षण

**उतरौला,बलरामपुर।** गन्ना विकास परिषद उतरौला,बलरामपुर के न्याय पंचायत टेढवा टप्पा बांक के ग्राम बाकभवानी में मुख्यमंत्री गन्ना कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें नरेंद्र कुमार सिंह ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक, डॉ. आर.पी. शाही महाप्रबंधक(गन्ना), मास्टर ट्रेनर/ गन्ना प्रबंधक योगेश त्रिपाठी, मास्टर ट्रेनर/ गन्ना पर्यवेक्षक अतुल कुमार सिंह, मास्टर ट्रेनर/गन्ना कृषक/संचालक अभिनंदन त्रिपाठी, इफको के क्षेत्र प्रतिनिधि ने वार्ताकार के रूप में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर कृषकों को प्रशिक्षित करते हुए नरेंद्र कुमार सिंह ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक उतरौला द्वारा लागत को न्यूनतम करने, उत्पादन को बढ़ाने ,जीवांत एवं टिकाऊ खेती करने, जैव उर्वरक के उपयोग और मशीनरी बैंक के यंत्रों के संचालन ट्राईकोडरमा के उपयोग आदि से कृषकों को प्रशिक्षित किया गया। इस अवसर



पर महाप्रबंधक (गन्ना) डॉ. आर.पी. शाही द्वारा सहफसली एवं पेड़ी प्रबंधन की जानकारी कृषकों को दी गई। संचालक एवं गन्ना कृषक/ मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रशिक्षित अभिनंदन त्रिपाठी द्वारा खेती के व्यावहारिक पहलुओं पर प्रकाश डाला गया। मास्टर ट्रेनर/ गन्ना पर्यवेक्षक अतुल कुमार सिंह द्वारा समन्वित कीट रोग प्रबंधन, पोषक तत्व प्रबंधन के संबंध में जानकारी दी गई। इफको के क्षेत्र प्रतिनिधि द्वारा इफको के विभिन्न उत्पादों के खेती में उपयोग विधि एवं उनके उपयोगिता पर प्रकाश डाला गया। योगेश त्रिपाठी मास्टर ट्रेनर /गाना प्रबंधन द्वारा समसामयिक विषयों पर जानकारी दी गई।

## निःशुल्क पुस्तकों का टोटा, लोकतंत्र सेनानी ने उठाई आवाज़



**उतरौला (बलरामपुर)।** लोकतंत्र सेनानी चौधरी इरशाद अहमद गद्दी ने जनपद के अन्तर्गत अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में कक्षा 6 से कक्षा 8 हेतु विभाग के प्रावधान के अनुसार अधिकृत निशुल्क पुस्तक वितरण के संबंध में माध्यमिक शिक्षा मंत्री उत्तर प्रदेश गुलाब देवी को संबोधित एक ज्ञापन एसडीएम उतरौला राजेन्द्र बहादुर को सौंपा। दिए गए पत्र में कहा है कि माध्यमिक शिक्षा विभाग से अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में कक्षा 6 से कक्षा 8 हेतु सर्व शिक्षा अभियान के प्रावधान के अनुसार शिक्षा विभाग की निशुल्क पुस्तकें वितरण की जाती हैं किंतु अत्यंत दुर्भाग्य का विषय है कि जनपद बलरामपुर के अधिकांश अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में वर्तमान शैक्षिक सत्र 2025-26 प्रारंभ होने के तीन महीने बीतने के उपरांत अधिकृत निशुल्क वितरण की पुस्तकें आवंटित नही की जा सकी हैं। ऐसी दशा में जनपद के अन्तर्गत समस्त सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में कक्षा 6 से कक्षा 8 हेतु प्रावधान के अनुसार बेसिक शिक्षा विभाग की अधिकृत निशुल्क वितरण की पुस्तकें अति शीघ्र आवंटित कराने के लिए मातहतों को निर्देशित किया जाए।

## हे ईश्वर! तू पानी दे, भरी गगरिया खाली है- भीषण गर्मी से बेहाल उतरौला, सूखे तालाब, प्यासी धरती और त्रस्त जनजीवन

**बी पी त्रिपाठी/अनिल कुमार गुप्ता**

**उतरौला (बलरामपुर)।** जून की तपती दोपहरी और आसमान से बरसती आग जैसी धूप ने उतरौला क्षेत्र को झुलसा कर रख दिया है। 42 से 44 डिग्री तापमान ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। गांव-देहात से लेकर नगर तक हर ओर एक ही गुहार है – हे ईश्वर! तू पानी दे, भरी गगरिया खाली है। भीषण गर्मी से जहां आम आदमी परेशान है, वहीं पशु-पक्षी भी प्यास से तड़प रहे हैं। कई तालाब और कुएं सूख चुके हैं, हैंडपंपों से पानी की धार कमजोर हो गई है, और नहरों में जल का नामोनिशान नहीं है। गर्मी के इस कहर ने हर वर्ग को प्रभावित किया है – किसान, मजदूर, महिलाएं, बच्चे, वृद्ध सभी परेशान हैं।

**तालाब सूखे, पशु-पक्षियों की हालत नाजुकः** बरसों से प्यास बुझाने वाले तालाब अब धूल फांक



रहे हैं। न तो मवेशियों के लिए पानी बचा है, न ही परिंदों के लिए। पशु इधर-उधर भटकते फिर रहे हैं, और कई स्थानों पर प्यास से मवेशियों के गिरने की घटनाएं भी सामने आई हैं। गांवों में सन्नाटा पसरा है, दोपहर में लोग घरों से निकलने से कतरा रहे हैं।

**तिब्बल ही बना सहाराः** गर्मी से त्रस्त लोगों ने राहत पाने के लिए गांवों के किनारे बहने वाले छोटे नालों पंपिंग सेटों पर नहाना शुरू कर दिया है। बच्चे, युवक और यहां तक कि बुजुर्ग भी राहत के लिए पानी के किसी भी स्रोत की ओर दौड़ रहे हैं। यह स्थिति साफ दर्शाती है कि जल संकट किस कदर भयावह हो चुका है।

**न बिजली, न पानी- दोहरी मारः** एक ओर जहां विद्युत विभाग की अनियमित आपूर्ति से लोग रातभर जाग रहे हैं, वहीं दूसरी ओर पेयजल संकट भी गहराता जा रहा है। टंकी वाले पानी का वितरण समय पर नहीं हो रहा, हैंडपंपों की गहराई बढ़ने से जल स्तर नीचे चला गया है।

**प्रशासन मौन, जनता त्रस्तः** स्थानीय नागरिकों का कहना है कि न तो कोई विशेष राहत की व्यवस्था की गई है, न ही प्रशासन की ओर से पेयजल आपूर्ति के लिए सूखे तालाब पोखरे में पानी भराने की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। जनप्रतिनिधियों का भी इस संकट पर कोई सक्रिय हस्तक्षेप दिखाई नहीं दे रहा।


# मेडिकल डिवाइस मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने के लिए नई स्कीम लॉन्च

## सीएम योगी के विजन को क्रियान्वित करते हुए यमुना एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) की नई स्कीम

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश को उत्तम स्वास्थ्य सेवाएं युक्त प्रदेश बनाने के लिए प्रतिबद्ध योगी सरकार ग्रेटर नोएडा में मेडिकल डिवाइस मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने के लिए एक नई स्कीम लेकर आयी है।

सीएम योगी के विजन को क्रियान्वित करते हुए यमुना एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) सेक्टर-28 में 21 प्लॉट्स के आवंटन की स्कीम लायी है जिसके जरिए मेडिकल डिवाइस मैन्युफैक्चरर्स को आमंत्रित किया गया है।



ग्रेटर नोएडा में निर्माणाधीन मेडिकल डिवाइस पार्क को देश के सबसे बड़े मेडिकल डिवाइस पार्क के तौर पर विकसित किया जा रहा है। ऐसे में, इस स्कीम के जरिए, न केवल मेडिकल डिवाइस पार्क में निर्माण इकाई लगाने का मौका मैन्युफैक्चरर्स को मिलेगा बल्कि यह ग्रेटर नोएडा और प्रदेश की इकॉनमी को भी सुदृढ़ करने की दिशा में एक बड़ा कदम सिद्ध होगा। खास बात यह है कि इस स्कीम के जरिए कैंसर केयर, रेडियोलॉजी समेत विभिन्न प्रकार के मेडिकल इंप्लांट्स व उपकरणों की निर्माण इकाई स्थापित करने का मार्ग प्रशस्त होगा। स्कीम के जरिए 1000 स्क्वेयर मीटर के 16 तथा 2100 स्क्वेयर मीटर के 5 प्लॉट्स आवंटन के लिए उपलब्ध हैं तथा इनके प्रीमियम अमाउंट समेत विभिन्न पहलुओं का निर्धारण किया जा चुका है।

### सात जुलाई तक हो सकेगा आवेदन

मेडिकल डिवाइस पार्क योजना के अंतर्गत यीडा द्वारा लायी गयी मौजूदा स्कीम के जरिए जिन सेक्टर्स को लक्षित किया जा रहा है उनमें कैंसर केयर, रेडियोलॉजी, इमेजिंग, आईवीडी, इंप्लांट व मेडिकल केयर से जुड़े इलेक्ट्रॉनिक डिवाइसेस, कार्डियो रेस्पिरेटरी मेडिकल डिवाइसेस तथा रीनल डिवाइसेस व इंप्लांट मुख्य हैं। 1000 स्क्वेयर मीटर के 16 प्लॉट्स के लिए रेट ऑफ अलॉटमेंट 7730 रुपये प्रति वर्ग मीटर निर्धारित है।

### मिलेंगी विश्व स्तरीय सुविधाएं

प्रदेश सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि यीडा द्वारा मेडिकल डिवाइस मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने के लिए लायी गयी स्कीम कई मायनों में विशिष्ट है। सेक्टर-28 में स्थित यह प्लॉट्स यमुना एक्सप्रेसवे के समीप हैं जहां से जेवर स्थित नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट भी काफी नजदीक स्थित है। यह प्लॉट्स ग्रेटर नोएडा के प्राइम लोकेशन पर स्थित हैं जहां से इंटरनेशनल फिल्म सिटी, एफ-1 मोटो जीपी ट्रैक, इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर, डेडिकेटेड एमएसएमई, अपैरल-हैंडीक्राफ्ट व टॉय पार्क भी समीप होंगे, जो इस क्षेत्र की उत्तम कनेक्टिविटी को सुनिश्चित करने के साथ ही वर्ल्ड क्लास एमिनिटीज से युक्त करते हैं। स्कीम के जरिए निर्माण इकाई स्थापित करने वाले उद्यमों को भविष्य में ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे से भी उत्तम कनेक्टिविटी मिलेगी जिससे फ्रेट मूवमेंट समेत विभिन्न प्रकार की गतिविधियों के संचालन में मदद मिलेगी।

# 30 को यूपी को मिलेगी नई यूनिवर्सिटी

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु करेंगी लोकार्पण

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय का लोकार्पण राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु 30 जून को करने वाली है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने आयुष विवि के निरीक्षण के बाद जिम्मेदारों को विवि के अधूरे कार्यों को 22 जून तक पूर्ण कराने के निर्देश दिए थे। लोक निर्माण विभाग के अफसर प्रतिदिन निर्माण कार्यों का निरीक्षण एवं समीक्षा कर रहे है।

राष्ट्रपति के आगमन को लेकर तीन हेलीपैड बन रहे हैं। बताया जा रहा है, राष्ट्रपति के लिए एक हेलीपैड एवं सुरक्षा कर्मियों के लिए दो हेलीपैड के साथ पास ही विवस कॉटेज बनाये जाएंगे। पंचकर्म के लिए बने कॉटेज परिसर में पाथवे एवं सड़कों को शीघ्र पूरा कराने में निर्माण कंपनी एवं लोक निर्माण विभाग लगा हुआ है।

कुलपति प्रोफेसर डॉ. के रामचंद्र रेड्डी द्वारा परिसर में वैज्ञानिक विधि से औषधीय पौधे लगवाए जा रहे हैं। एडमिन ब्लॉक के मुख्य मार्ग पर राष्ट्रपति के हाथों रुद्राक्ष का पौधा लगाने के लिए गार्डन तैयार कराया जा रहा है।महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विवि में सोमवार को कुलपति प्रोफेसर डॉ. के. रामचंद्र रेड्डी लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की।

# खबरें एक नजर में

### प्राथमिक शिक्षामित्र संघ ने बेसिक शिक्षा मंत्री से की मुलाकात

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत शिक्षामित्रों की मांगों को लेकर उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षामित्र संघ का एक प्रतिनिधिमंडल बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार संदीप सिंह से मिला। मुलाकात में शिक्षामित्रों ने अपनी दो मुख्य मांगें सामने रखीं। पहली, परिषदीय विद्यालयों में तैनात शिक्षामित्रों को उनके मूल विद्यालयों में वापस तैनात किया जाना और दूसरी, उनके मानदेय में वृद्धि की आवश्यकता। शिक्षामित्रों का कहना है कि वे अपनी सेवा का बेहतर प्रदर्शन तभी कर पाएंगे जब वे अपनी इच्छानुसार मूल विद्यालय में कार्यरत हों और उनका मानदेय न्यायसंगत हो। मंत्री संदीप सिंह ने शिक्षामित्रों की मांगों को गंभीरता से लिया और आश्वासन दिया कि वे इस मामले को प्राथमिकता देंगे। उन्होंने कहा कि शिक्षामित्रों के कल्याण के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे ताकि वे अपनी जिम्मेदारियों को पूरी लगन से निभा सकें।

### लोक निर्माण विभाग के विभागाध्यक्ष बने एके द्विवेदी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश के लोक निर्माण विभाग में बड़ा फेरबदल किया गया है। मंगलवार को हुए फेरबदल मे लोक निर्माण विभाग के विभागाध्यक्ष मुकेश चंद्र शर्मा को हटा दिया गया है। उनकी जगह प्रमुख अभियंता एके द्विवेदी को विभागाध्यक्ष बनाया गया है। मुकेश शर्मा को प्रमुख अभियंता ग्रामीण सड़क की जिम्मेदारी सौंपी गयी है। विजय कनौजिया को प्रमुख अभियंता नियोजन एवं परिकल्प बनाया गया है। लोक निर्माण विभाग के विभागाध्यक्ष के फेरबदल की लंबे समय से चर्चा चल रही थी, जल्द ही उनके स्थान पर किसी अन्य की तैनाती होगी। ऐसे में मंगलवार को उनको हटाकर एके द्विवेदी को ध्जिम्मेदारी सौंपी गयी है।

### भंडारा में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी के प्रीति नगर क्षेत्र में मंगलवार को लाल जी सुइट्स एंड कैटर्स की ओर से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे की शुरुआत हनुमान जी की पूजा–अर्चना के साथ हुई। कार्यक्रम में स्थानीय और दूर–दराज से आए श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे में छोले–चावल, कढ़ी पूड़ी और हलवे की व्यवस्था की गई थी। आयोजन व्यवस्थित रहा और सभी को समय पर भोजन मिला। आयोजन समिति सदस्य दीपू साहू ने बताया कि यह आयोजन आस्था और सेवा भावना का प्रतीक है। हर साल अधिक से अधिक लोगों तक सेवा पहुंचाने का प्रयास किया जाता है। मुख्य आयोजक लाल जी साहू ने कहा कि इतने लोगों का प्रसाद ग्रहण करने आना खुशी की बात है। उन्होंने कहा कि यह सिर्फआयोजन नहीं बल्कि सेवा है। वे आगे भी ऐसे आयोजनों के माध्यम से समाज सेवा जारी रखेंगे।

### पुलिस ने दो फर्जी कॉल सेंटर पकड़े

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ सरोजनी नगर पुलिस व सर्विलांस की संयुक्त टीम ने फर्जी कॉल सेंटर पकड़े हैं। पुलिस गिरफ्त में आए आरोपियों ने बताया कि एयरलाइंस में नौकरी के नाम पर लोगों को बहसा फुसलाकर धोखधड़ी करते हैं। उनको फर्जी नियुक्ति लेटर देते थे। अगर कोई ज्यादा जानकारी करता तो उसका नंबर ब्लॉक कर देते। पुलिस इनके नेटवर्क की जानकारी जुटा रही है। डीसीपी साउथ निपुण अग्रवाल ने बताया कि मंगलवार को पुलिस को आउटर रिंग रोड कानपुर अंडरपास के पास एक बिल्डिंग में फर्जी कॉल सेंटर चलने की जानकारी मिली। सूचना पर पहुंची पुलिस बिल्डिंग में पहुंची। जहां फर्स्ट फ्लोर पर एक दुकान में स्काई नेट इंटरप्राइजेज का बोर्ड लगा मिला। दुकान के अंदर जाकर देखा गया तो एक लड़का और तीन लड़कियां मोबाइल और लैपटॉप लेकर कुछ काम कर रहे थे। पुलिस को देखते ही सब हड़बड़ा गए। पुलिस ने चारों को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो पहले गुमराह करते रहे। कड़ाई से पूछने पर बताया कि एयरलाइंस में नौकरी दिलाने के नाम पर साइबर ठगी करते हैं।

### मांग : परिषदीय विद्यालयों के मर्जर पर लगे रोक

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** परिषदीय विद्यालयों के मर्जर के उत्तर प्रदेश सरकार के आदेश पर युवाओं में गहरा रोष व्याप्त है। इस बाबत युवा मंच ने सीएम योगी आदित्यनाथ के एक्स हैंडल पर पोस्ट कर परिषदीय विद्यालयों के मर्जर पर रोक लगाने का मुद्दा उठाया है। यह भी आरोप लगाया है कि मर्जर व विद्यालयों को बंद करने की कार्रवाई आरटीई एक्ट 2009 के प्रावधानों का उल्लंघन है। प्रेस बयान में युवा मंच कार्यकारिणी सदस्य अर्जुन प्रसाद ने प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षकों के रिक्त पदों को तत्काल विज्ञापित करने की मांग की है। बयान में आगे कहा गया है कि बेसिक शिक्षा में रिकॉर्ड शिक्षकों की नियुक्ति का दावा पूरी तरह गलत है। 15 मई 2017 को जहां बेसिक शिक्षा में 5.53 लाख शिक्षक कार्यरत थे वहीं आज इनकी संख्या 4.53 लाख रह गई है। इसके अलावा विधानसभा से लेकर प्रोजेक्ट अप्रूवल बोर्ड की बैठक में रिक्त पदों का ब्यौरा पेश किया गया है लेकिन इन्हें भरने की बजाय परिषदीय विद्यालयों का मर्जर किया जाना पूरी तरह से अनुचित है।

### साइन्स टीचर्स ओलम्पियाड में शिक्षिकाओं का शानदार प्रदर्शन



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, स्टेशन रोड कैम्पस की तीन शिक्षिकाओं अंजू सिंह, पूजा श्रीवास्तव एवं स्वाति शर्मा ने इण्टरनेशनल साइन्स टीचर्स ओलम्पियाड में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी शिक्षण प्रतिभा व प्रोफेशनल कौशल का परचम लहराया है। ओलम्पियाड का आयोजन शैक्षिक संस्था यूपीएजूकेटर्स के तत्वावधान में किया गया। यह जानकारी सी.एम.एस. के हेड, कम्युनिकेशन्स श्री ऋषि खन्ना ने दी है। श्री खन्ना ने बताया कि इस प्रतिष्ठित ओलम्पियाड में सी.एम.एस. शिक्षिकाओं ने अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर टॉप 200 टीचर्स में अपना स्थान सुनिश्चित किया है एवं छात्रों में विज्ञान के प्रति रूचि विकसित करने व भावी पीढ़ी को विज्ञान की उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान की।

## 17 नगर निगम और गौतमबुद्धनगर में 54 हजार से अधिक सुरक्षा पहरी दे रहे हर समस्या को चुनौती

# सेफ सिटी योजना बनी महिलाओं, बच्चों व बुजुर्गों की ढाल

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** योगी सरकार की सेफ सिटी परियोजना महिलाओं, बेटियों, बच्चों, बुजुर्गों और दिव्यांगों की सारथी बनकर उभरी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दूरदर्शी सोच और प्रशासन की सक्रियता ने इसे एक मॉडल योजना बना दिया है, जिससे प्रदेश की महिलाएं, बच्चे, बुजुर्ग और दिव्यांगजन स्वयं को ज्यादा सुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

यह योजना उस भरोसे का प्रतीक है, जो योगी सरकार ने हर नागरिक के मन में सुरक्षा और सम्मान के साथ जीने के अधिकार को सुनिश्चित करने के लिए पैदा किया है। डीजीपी राजीव



कृष्णा ने मंगलवार को बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप महिलाओं, बालिकाओं, बच्चों, बुजुर्गों और दिव्यांगजनों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सेफ सिटी परियोजना को प्रभावी ढंग से लागू किया गया है। यह परियोजना प्रदेश के 17 नगर निगमों और गौतमबुद्धनगर में संचालित की जा रही है, जिसका उद्देश्य महिलाओं को एक सुरक्षित, संरक्षित एवं सहज वातावरण प्रदान करना है। इस परियोजना के तहत महिला सुरक्षा को लेकर कई अभूतपूर्व कदम उठाए गए हैं। इसमें पिंक पुलिस बूथ से लेकर सीसीटीवी कैमरों की निगरानी, डिजिटल प्रचार से लेकर महिला जागरूकता कार्यक्रमों को मजबूती से लागू किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि परियोजना के तहत 17 नगर निगम और गौतमबुद्धनगर में 100 पिंक पुलिस बूथ बनाए गए हैं, जहां महिला पुलिस बल तैनात रहती हैं। इसके साथ ही 100 जीपीएस युक्त पिंक स्कूटी और 10 पिंक एसयूवी वाहन सुरक्षा के लिए लगाए गए हैं। इसके अलावा 1090 और यूपी-112 को इंटरऑपरेटिव बनाया गया है ताकि त्वरित प्रतिक्रिया हो सके। वहीं 1090 कॉल सेंटर में 80 नए टर्मिनल की स्थापना की गई है, जिससे डेटा एनालिटिक्स सेंटर और साइबर सेल मजबूत हो सके। इतना ही नहीं 54,000 लोगों को महिला सुरक्षा संबंधी प्रशिक्षण दिया गया है। इसमें पुलिसकर्मी, सरकारी व गैर-सरकारी कर्मी, सुरक्षा गार्ड, छात्र-छात्राएं और अध्यापक शामिल हैं। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर एलईडी वैन, डिजिटल वॉल पेंटिंग, नाटक व वेब प्लेटफॉर्म के जरिए महिला जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं।

### 47,422 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए

सर्वेक्षण कर 4,150 डार्क स्पॉट चिन्हित किए गए हैं, जहां उचित प्रकाश की व्यवस्था की गई है। 47,422 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। 4,150 संवेदनशील स्थान (हॉटस्पॉट्स) पर प्रभावी पुलिस प्रबंधन की व्यवस्था की गई है। सवेरा योजना के तहत मॉर्निंग वॉक पर जाने वाले वरिष्ठ नागरिकों से संवाद स्थापित किया जा रहा है। इंटीग्रेटेड स्मार्ट कंट्रोल रूम और सेफ्टी मेजर्स पर आधारित सेफ सिटी बेस्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर का निर्माण किया गया है। महिला जागरूकता के लिए 'संवाद वेणी' जैसे मोटिवेशनल टॉक कार्यक्रम संचालित किये जा रहे हैं। आशा ज्योति केंद्र परियोजना के तहत रेस्क्यू वैन, एडमिनिस्ट्रेटिव वाहन आदि की व्यवस्था की गई है।

### लिफ्ट लेने के बहाने स्कूटी पर बैठे टप्पेबाजों ने जेब से निकाले 50 हजार

**लखनऊ,** । तालकटोरा इलाके में टप्पेबाजों ने स्कूटी सवार से लिफ्ट लेकर जेब से 50 हजार रुपए निकाल लिए। पीड़ित ने जानकारी होने पर आरोपियों का पीछा किया, लेकिन दोनों भाग निकले। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस मुकदमा दर्ज करके आरोपियों की तलाश कर रही है। योगीपुरम पारा निवासी श्याममोहन मिश्रा पुत्र स्वर्गीय चन्द्रभूषण मिश्रा ने बताया कि 10 जून को दोपहर करीब 3 बजे घर से 50 हजार रुपए लेकर निकले थे। अपनी स्कूटी से रकाबगंज सुचित ट्रेडर्स के पास जा रहे थे। पाल तिराहे से आगे राजाजीपुरम की तरफ बढ़े थे। तभी दो बाइक सवार लड़कों ने उनकी स्कूटी के बगल में गाड़ी लगा दी। बाइक चला रहे युवक ने बोला कि उसके साथी को आगे तक छोड़ दीजिए।

# युवती को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ की थाना गुडम्बा पुलिस टीम ने दुष्कर्म करने के आरोपी को गिरफ्तार करने में बेहतरीन कामयाबी हासिल की है।

जानकारी देते हुए प्रभारी निरीक्षक थाना गुडम्बा प्रभातेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि बीते 21 मई को वादिनी ने तहरीर के माध्यम से अवगत कराया था कि अभियुक्त अमित यादव निवासी आधार खेड़ा ने 13 वर्षों से प्रेम प्रसंग में रहते हुए उसे शादी का झांसा देकर शारीरिक सम्बन्ध बनाए और अभियुक्त के परिवारिजन द्वारा वादिनी से गाली गलौज करते हुए जान माल की




धमकी दी गई। स्थानीय पुलिस मुक़दमा दर्ज कर अभियुक्त की तलाश में थी। जिसे पुलिस टीम ने मंगलवार को मिश्रपुर पुलिया के पास से गिरफ़्तार कर लिया। बाद गिरफ्तारी पुलिस ने अभियुक्त के विरुद्ध ज़रूरी प्रक्रिया सम्पन्न कर उसे सलाखों के पीछे भेज दिया। इस गिरफ्तारी में गढ़ी चौकी प्रभारी त्रिविक्रम सिंह कांस्टेबल विवेक सिंह कांस्टेबल दीपक यादव की अहम भूमिका रही।

# रंगदारी व जानलेवा हमले का आरोपी पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ/कानपुर।** कभी लखनऊ कमिशनरेट में बेहतरीन कार्यशैली को अंजाम देते हुए तमाम अपराधियों को सलाखों की हवा खिलाने वाले आईपीएस क़ासिम आबिदी जो वर्तमान में डीसीपी क्राइम कानपुर और एसीपी बाबू पुरवा दिलीप सिंह व क्राइम ब्रांच प्रभारी कानपुर तेज़ बहादुर सिंह, और सर्विलांस प्रभारी मंगल सिंह की व्यापारी पर फायरिंग कर रंगदारी मांगने वाले बदमाश से मुठभेड़ कर उसे गिरफ़्तार करने में अहम भूमिका रही। यह चारों नाम पूर्व में राजधानी लखनऊ में अपनी सेवाएं दे चुके हैं, जिनकी कार्यशैली गज़ब की रही जिसके चलते अनगिनत अपराधी सलाखों के पीछे



भेजे गए। वहीं ताज़ा मामला कानपुर का है जहां साउथ ज़ोन के थाना गोविन्द नगर इलाके के एक व्यापारी की रेकी कर नीली अपाचे बाइक से दो बदमाशों ने पीछा किया था जब व्यापारी गुप्ता घर से नज़दीक पहुंचे तो बदमाशों ने उनपर फायर झोंक दिया और बाद में फोन कर के 50 लाख की रंगदारी मांगी थी पुलिस के मुताबिक बदमाशों ने ज्वैलर्स व्यापारी पर जानलेवा हमले से पहले भी फोन कॉल के माध्यम से रंगदारी मांगने का प्रयास किया था परन्तु फोन पर बात नहीं हो पाई थी। मामला संज्ञान में आते ही गोविन्द नगर थाने में मुक़दमा दर्ज किया गया और बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए टीमों का गठन किया गया था पुलिस टीमें सरगर्मी से बदमाशों की तलाश में जुटी थीं। इस बीच मंगलवार सुबह लगभग 2:30 बजे क्राइम ब्रांच प्रभारी तेज़ बहादुर सिंह, सर्विलांस सेल प्रभारी मंगल सिंह, व गोविन्द नगर थाना प्रभारी प्रदीप सिंह व उनकी टीम ने उक्त वारदात को अंजाम देने वाले बदमाश अनुज तिवारी को मुठभेड़ में गिरफ़्तार कर लिया जिसने अपने साथी संग पुलिस को देखते ही पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी थी, जवाबी फायरिंग में बदमाश घायल हो गया जिसे गिरफ़्तार कर लिया गया और घटना में प्रयुक्त अपाचे बाइक भी बरामद कर ली गई, परन्तु बदमाश का एक साथी छोटू मौके से फरार होने में कामयाब हो गया। एसीपी बाबू पुरवा दिलीप सिंह ने बताया कि घटना की शाज़िश में शामिल अन्य और लोगों का नाम प्रकाश में आया है जिनकी गिरफ्तारी और फरार बदमाश की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम लगातार प्रयासरत है जल्द ही सभी आरोपी सलाखों के पीछे होंगे।

# ले. जनरल वी हरिहरन ने कोर मथुरा की कमान संभाली

समृद्धि न्यूज़

**लखनऊ।** ले. जनरल वी हरिहरन अति विशिष्ट सेवा मेडल, सेना मेडल ने 17 जून को लेफ्टिनेंट जनरल संजय मित्रा, अति विशिष्ट सेवा मेडल से मथुरा में 1 कोर के जनरल ऑफिसर कमांडिंग का पदभार ग्रहण किया। ऑफिसर ट्रेनिंग अकादमी, चेन्नई के पूर्व छात्र रहे ले. जनरल वी हरिहरन 25 अगस्त 1990 को गढ़वाल राइफल्स की 10 बटालियन में कमीशन प्राप्त किया है।

जनरल ऑफिसर डिफेंस सर्विसेज स्टाफ कॉलेज, वेलिंग्टन, हायर डिफेंस मैनेजमेंट कोर्स, सिकंदराबाद और नेशनल डिफेंस कॉलेज, नई दिल्ली के पूर्व छात्र हैं। उन्होंने मद्रास विश्वविद्यालय से मास्टर ऑफ साइंस व उस्मानिया विश्वविद्यालय से मास्टर ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज की डिग्री भी प्राप्त की है। लेफ्टिनेंट जनरल वी हरिहरन के पास नियंत्रण रेखा, आंतरिक इलाकों में काउंटर इंसर्जेंसी/काउंटर टेररिज्म ऑपरेशन और वास्तविक नियंत्रण रेखा सहित सभी प्रकार के विविध इलाकों और परिचालन वातावरण में एक दुर्लभ व अमूल्य अनुभव है।



### 35 वर्षों से अधिक का विशिष्ट करियर

35 वर्षों से अधिक के अपने विशिष्ट करियर में लेफ्टिनेंट जनरल वी हरिहरन एक इन्फेंट्री बटालियन, राष्ट्रीय राइफल्स सेक्टर को जम्मू और कश्मीर में और वास्तविक नियंत्रण रेखा पर काउंटर इंसर्जेंसी फोर्स की कमान संभाली है। उन्होंने मेजर जनरल स्टाफ ब्रांच में ब्रिगेडियर प्रोक्योरमेंट (ए) और रक्षा मंत्रालय (सेना) के एकीकृत मुख्यालय में अतिरिक्त महानिदेशक अनुशासन और सतर्कता सहित कई निर्देशात्मक और स्टाफ नियुक्तियों पर कार्य किया है। जनरल ऑफिसर इन्फैंट्री स्कूल महू में दो बार प्रशिक्षक रह चुके हैं। लेफ्टिनेंट जनरल वी हरिहरन सीनियर कमांड विंग, आर्मी वॉर कॉलेज, महू और कॉलेज ऑफ डिफेंस मैनेजमेंट सिकंदराबाद में डायरेक्टिंग स्टाफ और डिफेंस सर्विसेज स्टाफ कॉलेज, वेलिंगटन में सीनियर इंस्ट्रक्टर भी रहे हैं।

### शिविर में एनसीसी कैडेट्स ने किया रक्तदान

**लखनऊ।** अंतर्राष्ट्रीय रक्तदाता दिवस जो 14 जून को मनाया जाता है, के उपलक्ष्य में एनसीसी ग्रुप, लखनऊ के तत्वावधान में ब्लड बैंक, कमांड हॉस्पिटल, लखनऊ और 19 यूपी गर्ल्स बटालियन द्वारा कमांड हॉस्पिटल, सेंट्रल कमांड, लखनऊ में 17 जून को स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में एनसीसी कैडेट्स ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिन्होंने सामाजिक जिम्मेदारी और सामुदायिक सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का उदाहरण पेश किया। रक्तदान के महान उद्देश्य को बढ़ावा देने के लिए आयोजित इस शिविर में एनसीसी कैडेट्स ने सक्रिय रूप से रक्तदान किया और इसके महत्व के बारे में जागरूकता फैलाई। उनके समर्पण ने महत्वपूर्ण स्वास्थ्य देखभाल आवश्यकताओं को पूरा करने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया।

# लंबित समस्याओं के समाधान के लिए मंत्री नगर विकास व प्रमुख सचिव नगर को पत्र

समृद्धि न्यूज़

**लखनऊ।** महासंघ की पूर्व लम्बित समस्याओं के समाधान हेतु 22 अप्रैल को प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात, निदेशक स्थानीय निकाय अनुज कुमार झा एवं विशेष सचिव नगर विकास सत्य प्रकाश पटेल सहित अन्य नगर विकास के अधिकारियों तथा महासंघ के प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक हुई थी, जिसकी कार्यवृत्त 16 जून को नगर विकास अनु द्वारा जारी की गयी।

महासंघ ने नगर विकास विभाग एवं मंत्री नगर विकास से मांग की है कि महासंघ द्वारा पूर्व प्रेषित 13 सूत्रीय मांग पत्र के मात्र दो, तीन बिन्दुओं पर कार्रवाई से प्रदेश के निकाय कर्मचारियों का भला होने वाला नहीं है, क्योंकि इसके अतिरिक्त यह समस्याएं एक लम्बे समय से नगर विकास व निदेशालय स्तर पर लम्बित है, जिनके समाधान न होने से कर्मचारी समाज की सेवा सम्बधी दिक्कतें, अकेन्द्रियत कर्मचारियों की सेवा नियमावली, 31 दिसम्बर 2001 तक कार्यरत दैनिक वेतन, संविदा व तदर्थ के रूप में कार्यरत कर्मचारियों का विनियमितीकरण व अन्य समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा, जिसके निर्णय हेतु महासंघ लगातार ध्यानाकर्षक आन्दोलन, धरना-प्रदर्शन व ज्ञापन आदि के माध्यम से नगर विकास विकास व मंत्री नगर विकास आदि का ध्यानाकर्षक कराते चला आ रहा। महासंघ ने पुनः मंत्री नगर विकास व प्रमुख सचिव नगर विकास को पत्र प्रेषित कर समय रहते शेष लम्बित समस्याओ के समाधान हेतु निर्णय/आदेश जारी करने का अनुरोध किया गया, अन्यथा की स्थिति में महासंघ आने वाले समय में पुनः बड़ा प्रदेश स्तरीय आन्दोलन हेतु बाध्य होगा।


# युवक को घायल करने का एक और आरोपी गिरफ्तार

**▸ गाजीपुर इलाके में दिनदहाड़े गोलियां चलाकर मुरसलीम नामक युवक पर हुआ था जानलेवा हमला**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** पूर्वी जोन के गाज़ीपुर इलाके के सर्वोदय नगर बंधा कुर्मांचल नगर स्थित ढाबे पर बीते 25 मई को मुरसलीम नामक युवक पर लगभग दर्जन भर बदमाशों ने जानलेवा हमला करते हुए ताबड़तोड़ फायरिंग की थी,जिस से मुरसलीम घायल होकर वहीं गिर गया और बदमाश फरार हो गए घायल को बदमाशों ने तीन चार गोली मारी थी।

स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस ने घायल को लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया था वादी के भाई की शिकायत पर मामला दर्ज कर पुलिस टीम आरोपियों की तलाश में जुट गई थी। घटना के चंद



घंटों के अंदर पुलिस ने दो मुख्य आरोपी अर्शल गाज़ी, व फैज़ रिज़्वी को गिरफ़्तार कर जेल भेज दिया था इसके बाद गिरफ्तारी का सिलसिला लगातार चलता रहा जिसमें एक अभियुक्त फरमान को मुठभेड़ में पुलिस ने गिरफ़्तार किया था। डीसीपी पूर्वी शशांक सिंह के मुताबिक पूर्व में पुलिस ने अनिकेत कौशल उर्फ़ अमन कौशल, समृद्ध सिंह, अनुराग शर्मा, अनिमेष कुमार सिंह सहित पूर्वी ज़ोन की पुलिस ने आधा दर्जन से भी ज़्यादा आरोपियों को गिरफ़्तार कर जेल भेज दिया है। विवेचना के दौरान प्रकाश में आए अतुल यादव की तलाश की जा रही थी। पूर्वी ज़ोन की क्राइम सर्विलांस टीम और थाना गाज़ीपुर की पुलिस टीम सोमवार देर रात गुप्त सूचना के आधार पर घटना में वांछित अभियुक्त अतुल यादव को मुंशी पुलिया के पास चाय की दुकान से गिरफ़्तार कर उसके विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही करते हुए उसे सलाखों के पीछे भेज दिया। डीसीपी शशांक सिंह ने यह भी बताया कि वारदात में शामिल अन्य शेष बचे आरोपियों की तलाश लगातार जारी है जल्द ही सभी आरोपी सलाखों के पीछे होंगे। अभियुक्त अतुल को गिरफ़्तार करने वाली टीम में गाज़ीपुर थाने के उपनिरीक्षक धनपाल सिंह, प्रमोद तिवारी, हेड कांस्टेबल बालकुश यादव, हेड कांस्टेबल अशोक यादव, और डीसीपी पूर्वी क्राइम टीम प्रभारी उपनिरीक्षक अमरनाथ चौरसिया मुख्य आरक्षी संदीप पाण्डेय कांस्टेबल तरनजीत सिंह, विमल चंद्र पाल, अजय यादव, व शिवानंद खरवार रहे।

**निर्माण**

## ब्रज तीर्थ विकास प्राधिकरण, वन विभाग के सहयोग से करवाएगा निर्माण

# मथुरा में 50 करोड़ की लागत से बनेगा नेचर वॉक पाथ-वे

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मथुरा विजन 2030 के तहत मथुरा शहर में एक अनूठा नेचर वॉक पाथ-वे विकसित किया जा रहा है। यह पाथ-वे वृंदावन से गोकुल तक यमुना नदी के किनारे 17 किलोमीटर लंबा होगा, जिसका निर्माण 50 करोड़ रुपये की लागत से किया जाएगा।

वृंदावन से गोकुल नेचर वॉक का निर्माण ब्रज तीर्थ विकास प्राधिकरण, प्रदेश के वन एवं वन्य जीव विभाग के सहयोग से कर रहा है। इस परियोजना का उद्देश्य मथुरा-वृंदावन क्षेत्र में ईको-टूरिज्म को बढ़ावा देने के साथ ही पर्यावरण संरक्षण और तीर्थयात्रियों के लिए यमुना नदी के किनारे एक सुंदर और सुविधाजनक मार्ग प्रदान करना है।

मथुरा-वृंदावन परिक्षेत्र का निर्माण और सुंदरीकरण मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मथुरा विजन 2030 के तहत किया जा रहा है। इस बहुउद्देशीय परियोजना के तहत मथुरा शहर के अंतर्गत वृंदावन से गोकुल तक यमुना नदी के किनारे -किनारे 17 किलोमीटर लंबे नेचर वॉक पाथ-वे का निर्माण किया जा रहा है। इस नेचर वॉक पाथ वे का निर्माण ब्रज तीर्थ विकास प्राधिकरण, प्रदेश के वन विभाग के सहयोग से लगभग 50 करोड़ रुपये की लागत से किया जाएगा। प्राधिकरण के संबंधित अधिकारियों ने मुख्यमंत्री के समक्ष समीक्षा बैठक में बताया कि ये नेचर वॉक पाथ वे यमुना नदी के किनारे 2 मीटर चौड़ा बनाया जाएगा, जिसके तहत वन विभाग वृंदावन से गोकुल के बीच प्राकृतिक सौंदर्य को और निखारेगा।

पाथ-वे के दोनों ओर देशज प्रजाति के पौधे लगाए जाएंगे, जो न केवल पर्यावरण को हरा-भरा बनाएंगे बल्कि जैव-विविधता को भी बढ़ावा देंगे। इसके साथ ही नेचर वॉक वे पर फेसिंग, लाइट्स और शौचालयों की व्यवस्था की जाएगी ताकि पर्यटकों और स्थानीय लोगों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।

राज्य सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि वृंदावन-गोकुल नेचर वॉक पाथ वे के निर्माण का मुख्य उद्देश्य ईको-टूरिज्म को बढ़ावा देना है। यह परियोजना मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मथुरा विजन 2030 के तहत विकसित की जा रही है। भगवान श्रीकृष्ण की जन्म और लीलास्थली के रूप में विश्व प्रसिद्ध मथुरा-वृंदावन परिक्षेत्र के विकास के लिए लगभग 30,080 करोड़ रुपये की लागत से 195 परियोजनाओं चलाई जा रही हैं। इसमें से 2,300 करोड़ रुपये की लागत से 23 परियोजनाओं को स्वीकृति मिल चुकी है। इन्हीं परियोजनाओं के अंतर्गत वृंदावन-गोकुल नेचर वॉक पाथ-वे का निर्माण किया जा रहा है। यह मार्ग मथुरा, वृंदावन आने वाले तीर्थयात्रियों और पर्यटकों को प्राकृतिक सौंदर्य के बीच पैदल यात्रा का अवसर प्रदान करेगा। जिससे वे यमुना नदी के किनारे की शांति, हरियाली के बीच भगवान कृष्ण की लीलास्थली में भ्रमण का आनंद ले सकेंगे। साथ ही, यह पाथ-वे स्थानीय लोगों के लिए भी एक मनोरंजक और स्वास्थ्यवर्धक विकल्प होगा, जो सुबह-शाम सैर के लिए इसका उपयोग कर सकेंगे।

# अपात्र लाभार्थियों व अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**पीएम आवास योजना अनियमितता**

- अपात्र लाभार्थियों में से कुछ ने पहली किस्त मिलने पर भी शुरू नहीं कराया निर्माण

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।**

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत गोंडा जनपद की ग्राम पंचायत दरियापुर हरदोपट्टी में सामने आए वित्तीय अनियमितता एवं फर्जीवाड़े के मामले में जिलाधिकारी नेहा शर्मा के निर्देश पर एफआईआर दर्ज कर ली गई है। अब इस प्रकरण में विधिक कार्रवाई की प्रक्रिया विधिवत रूप से शुरू हो चुकी है। जिला विकास अधिकारी कार्यालय के पत्र संख्या 815 दिनांक 13 जून 2025 एवं खंड विकास अधिकारी पंडरी कृपाल के पत्र संख्या 298 दिनांक 16 जून 2025 के आधार पर ग्राम पंचायत अधिकारी सरिता शुक्ला द्वारा थाना इटियाथोक में तहरीर दी गई थी। शिकायत में कहा गया कि वर्ष 2020-21, 2021-22 और 2018-19 के बीच प्रधानमंत्री आवास योजना ;ग्रामीण के तहत 15 अपात्र लाभार्थियों को कुल 6,80,000 की धनराशि स्थानांतरित की गई थी।

एफआईआर में यह स्पष्ट किया गया है कि इन अपात्र लाभार्थियों में से कुछ ने पहली किस्त प्राप्त करने के बाद निर्माण कार्य शुरू नहीं किया जबकि एक लाभार्थी ने पूरी धनराशि प्राप्त करने के बावजूद आवास निर्माण नहीं कराया। इस मामले में तत्कालीन



ग्राम प्रधान उषा देवी, तत्कालीन सचिव अजीत गुप्ता ग्राम पंचायत अधिकारी एवं संबंधित विभागीय अधिकारियों, कर्मचारियों की मिलीभगत की पुष्टि हुई है। गहराई से की गई जांच में यह तथ्य सामने आया कि शासन द्वारा स्वीकृत धनराशि का दुरुपयोग किया गया है। जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने इस मामले को गंभीर वित्तीय गड़बड़ी मानते हुए शासकीय धन की वसूली के साथ-साथ दोषियों पर सख्त दंडात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए थे। उक्त आदेश के अनुपालन में थाना इटियाथोक पुलिस ने सभी 15 अपात्र लाभार्थियों सहित संबंधित ग्राम प्रधान और सचिव के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है।

**एफआईआर में शामिल प्रमुख नाम इस प्रकार हैं:** श्यामपता पत्नी रामचरन, लक्ष्मी देवी पत्नी केशवराम, अनीता पत्नी सुनील कुमार,ममता देवी पत्नी विनोद कुमार, सुरेश कुमार पुत्र महादेव, शानपती पत्नी श्रीनिवास, गुलशन बानो पत्नी मो. रिजवान, सरोजनी देवी पत्नी रामपाल, जगदम्बा प्रसाद पुत्र ओमप्रकाश, रमेश कुमार पुत्र महादेव प्रसाद, सुमन पत्नी भगौती प्रसाद, पवन कुमार पुत्र माधव, रामसरन पुत्र गोविन्द प्रसाद, राजकुमारी पत्नी राजकिशोर, विद्याधर पुत्र अमरिका प्रसाद धनराशि 1,20,000 , उषा देवी तत्कालीन प्रधान, अजीत गुप्ता तत्कालीन ग्राम पंचायत अधिकारी इन सभी के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया है। मामले की विवेचना अब स्थानीय पुलिस द्वारा की जा रही है।

प्रशासन की सख्ती बनी नज़ीर जिलाधिकारी नेहा शर्मा की इस त्वरित एवं निर्णायक कार्रवाई ने यह स्पष्ट संदेश दिया है कि जनहित योजनाओं में भ्रष्टाचार या गड़बड़ी किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रशासन द्वारा यह भी संकेत दिए गए हैं कि ऐसे अन्य मामलों की पुनः जांच की जाएगी और यदि किसी स्तर पर और गड़बड़ियां पाई जाती हैं तो संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध भी एफआईआर व वसूली की कार्यवाही की जाएगी।

## दद्दन देहात व सूरज बने खैरीघाट थानाध्यक्ष

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।** पुलिस अधीक्षक ने निरीक्षक व उपनिरीक्षकों के कार्य क्षेत्र में बदलाव किया है। सुजौली थानाध्यक्ष को हटाजे हुए उन्हें जनसंपर्क अधिकारी बनाया है। पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह ने बताया कि रुपईडीहा थानाध्यक्ष दद्दन सिंह को देहात कोतवाल, कोतवाली देहात के प्रभारी रमेश रावत को रुपईडीहा, वाचक अभिनव कुमार सिंह को मटेरा थानाध्यक्ष बनाया गया है। निरीक्षक साइबर क्राइम निरीक्षक पंकज कुमार को सुजौली व सुजौली थानाध्यक्ष हरीश सिंह को जनसंपर्क अधिकारी बनाया गया है। उपनिरीक्षक राजकुमार पांडेय को मटेरा से रामगांव व रामगांव थानाध्यक्ष सूरज कुमार को खैरीघाट थानाध्यक्ष बनाया है। पुलिस अधीक्षक की इस कार्रवाई से अन्य थानाध्यक्षों की धड़कनें बढ़ गई हैं।

# भेदभाव समाप्त करने के लिए आयोजित होगी मोबाइल कोर्ट

**देवीपाटन मण्डल गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।**

- 17 से 20 जून तक पूरे मण्डल में लगेगी मोबाइल कोर्ट
- बलरामपुर में 20 जून को होगा मोबाइल कोर्ट का आयोजन

दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 की मूल भावना के अनुसार सुदूरवर्ती पिछड़े क्षेत्रों व ग्रामीण इलाकों के लोगों दिव्यांगजन जो सरकार द्वारा उनके अधिकार एवं सुविधाओं हेतु चलाई जा रही योजनाओं परियोजनाओं से जागरूक नहीं है उनके मध्य जागरूकता बढ़ाने के लिए और समाज में उनके साथ हो रहे भेदभाव को समाप्त कराने तथा पूर्ण एवं प्रभावी भागीदारी दिलाए जाने और इस संबंध में उनकी शिकायतों और समस्याओं को त्वरित रूप से स्थानीय स्तर पर निस्तारित कराए जाने के उद्देश्य से राज्य आयुक्त द्वारा 17 जून से 20 जून तक देवीपाटन मंडल के अंतर्गत आने वाले समस्त जनपदों में मोबाइल कोर्ट का आयोजन कराए जाने का निर्णय लिया गया है। श्रावस्ती में 17 जून गोंडा में 18 जून बहराइच में 19 जून बलरामपुर में 20 जून को मोबाइल कोर्ट का आयोजन किया जाएगा।

# जिला मुख्यालय से सम्बद्ध किए गए सीडीपीओ नवाबगंज

**विकास खण्ड नवाबगंज की प्रगति असंतोषजनक पाये जाने पर हुई कार्रवाई**

**बहराइच ,समृद्धि न्यूज़।**



महिला एवं बाल विकास मंत्रालय बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार निदेशालय उत्तर प्रदेश द्वारा पोषण टैकर एप के माध्यम से फेस ऑथेंटिकेशन मॉड्यूल के कार्यान्वयन की समीक्षा हेतु कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान विकास खण्ड नवाबगंज की प्रगति असंतोषजनक पाये जाने पर जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बाल विकास परियोजना अधिकारी नवाबगंज सुशील कुमार को मुख्यालय से सम्बद्ध किये जाने का निर्देश दिया। जबकि नगर क्षेत्र की प्रगति अच्छी पाये जाने पर डीएम ने संतोष व्यक्त किया। डीएम ने समस्त मुख्य सेविकाओं को कड़े निर्देश दिये कि अपने सेक्टर के अन्तर्गत युद्धस्तर पर कार्य करते हुए शुक्रवार तक प्रगति में सुधार लाएं अन्यथा की स्थिति में विभागीय कार्यवाही प्रस्तावित कर दी जायेगी।

डीएम ने सीडीपीओ को निर्देश दिया कि विभागीय कर्मचारियों तथा पंचायत सहायकों से सहयोग प्राप्त कर लाभार्थियों को इस बात के लिए प्रेरित करें कि वे स्वेच्छा से फेस ऑथेंटिकेशन तथा ई.के.वाई.सी. कराने में सहयोग प्रदान करें ताकि उन्हें विभागीय सुविधाओं का लाभ निर्बाध रूप से मिलता रहे। उन्हें इस बात की भी जानकारी दी जाये कि ऐसा न करने पर पोषाहार रोक दिया जायेगा। जिसमें आंगनबाड़ी केन्द्रो पर आने वाले 6 माह से 3 वर्ष, 03 से 06 वर्ष आयु वर्ग के लाभार्थी गर्भवती एवं धात्री महिला व किशोरी बालिका की उपस्थिति एवं पोषाहार प्राप्त करने वाले लाभर्थियों की पोषण टैकर पर फीडिंग 01 जुलाई 2025 से अनिवार्य रूप से लागू हो जायेगी। लक्षित लाभार्थियों तक अनुपूरक पुष्टाहार की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए यह भी निर्णय लिया गया है कि टीएचआर वितरण के लिए फेशियल रिकाग्निशन सिस्टम (एफआरएस) को 01 जुलाई 2025 से अनिवार्य कर दिया जायेगा।

# आरटीओ प्रशासन राजेश मौर्य को मिली गोंडा की जिम्मेदारी

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।**

परिवहन विभाग में शासन स्तर पर बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया गया है। आरटीओ प्रशासन उमाशंकर यादव को गोंडा से हटाकर लखनऊ मुख्यालय भेजा गया है। उनकी जगह प्रयागराज में तैनात आरटीओ प्रशासन राजेश मौर्य को गोंडा की नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। यात्री कर अधिकारी शैलेन्द्र कुमार तिवारी का तबादला सुल्तानपुर किया गया है। वहीं तीन वरिष्ठ सहायकों को भी नई तैनाती दी गई है। इनमें सरफराज अहमद को लखनऊ ट्रांसपोर्ट कार्यालय,जितेंद्र सिंह को सुल्ता नपुर और लवकुश सिंह को अयोध्या आरटीओ कार्यालय भेजा गया है। इन तीनों लिपिकों के खिलाफ शिकायतें प्राप्त हो रही थीं और उनकी तैनाती अवधि भी पूर्ण हो चुकी थी। तबादलों के बाद गोंडा आरटीओ कार्यालय में अब केवल आठ लिपिक बचे हैं। इनमें से एक वरिष्ठ सहायक विद्या भूषण गुप्ता आरसी फर्जीवाड़े के मामले में निलंबित चल रहे हैं, जबकि वरिष्ठ लिपिक सभाजीत वर्तमान में बस्ती आरटीओ कार्यालय से संबद्ध हैं। गोंडा के एआरटीओ आरसी भारतीय ने बताया कि नवनियुक्त अधिकारियों ने अब तक कार्यभार नहीं संभाला है। साथ ही,यात्री कर अधिकारी का पद अभी भी रिक्त है। विभाग में कर्मचारियों की कमी होने के कारण का र्यालय के कामकाज और फाइलों के निस्तारण पर प्रतिकूल असर पड़ने की संभावना जताई जा रही है। नवीन आरटीओ प्रशासन राजेश मौर्य पूर्व में भी गोंडा में एआरटीओ के पद पर कार्य कर चुके हैं। उनकी वापसी से उम्मीद की जा रही चुके है कि विभाग में कुछ हद तक स्थायित्व और गति आ सकेगी।

# राशन नहीं, "सड़क चाहिए" के लगाये नारे जर्जर सड़क को लेकर उत्तेजित दिखे लोग

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।**

जिले की मेहनौन विधानसभा क्षेत्र की सबसे जर्जर सड़कों में से एक बाबागंज-इटियाथोक मार्ग को लेकर युवाओं का गुस्सा सड़क पर फूट पड़ा, राष्ट्रीय छात्र पंचायत के नेतृत्व में सोमवार को सैकड़ों युवाओं ने रमवापुर चौराहे पर गड्ढों से भरी सड़क में धान की रोपाई कर विरोध दर्ज कराया है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि बीजेपी विधायक के प्रयासों से इस सड़क की तीन बार स्वीकृति मिल चुकी है,लेकिन हर बार टेंडर प्रक्रिया में अड़चनें डालकर उसे निरस्त कर दिया जाता है।

जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के बीच चल रही खींचतान के कारण पिछले तीन वर्षों से सड़क निर्माण अधर में लट का है।



**राशन नहीं,सड़क चाहिए के नारे लगाते प्रदर्शनकारी**

प्रदर्शन के दौरान युवाओं ने राशन नहीं सड़क चाहिए और भ्रष्टाचार बंद करो जैसे नारों से अफस रशाही और सिस्टम को घेरा। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि अधिकारी सड़क बनाने से ज्यादा कमीशन खाने में रुचि रखते हैं। राष्ट्रीय छात्र पंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवम पांडेय ने कहा कि बीस किलोमीटर लंबी यह सड़क बरसात के बाद पूरी त रह तालाब में तब्दील हो गई है। पिछले 11 वर्षों से स्थानीय लोग इसी बदहाल रास्ते पर चलने को मजबूर हैं।

# फर्जी प्रमाण पत्रों के आधार पर नौकरी कर रहे शिक्षक पर जांच के आदेश

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।**

- दस दिन में रिपोर्ट उपलब्ध कराने के दिए निर्देश

जिले के एक मदरसे में फर्जी दस्तावेजों के आधार पर 28 वर्षों से शिक्षक पद पर कार्यरत होने के सनसनीखेज मामले में मंडलायुक्त शशि भूषण लाल सुशील ने कड़ी कार्रवाई करते हुए जांच के निर्देश दिए हैं। उन्होंने उप निदेशक पिछड़ा वर्ग कल्याण को आदेशित किया है कि संबंधित शिक्षक मोहम्मद शहाबुद्दीन के शैक्षिक अभिलेखों की जांच कर साक्ष्य सहित 10 दिवस के भीतर रिपोर्ट उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। श्रीनगर बाबागंज क्षेत्र के ग्राम पूरे राजापुर निवासी अनवर खान ने कमिश्नर को एक शिकायती प्रार्थना पत्र सौंपा। प्रार्थना पत्र में उन्होंने आरोप लगाया कि ग्राम देवरिया अलावल बग्गी रोड स्थित मदरसा दारुल उलूम हबीबुर्रजा में तैनात शिक्षक मोहम्मद शहाबुद्दीन पिछले लगभग 28 वर्षों से फर्जी हाईस्कूल और इंटरमीडिएट अंकतालिकाओं व प्रमाण-पत्रों के आधार पर शिक्षण कर रहे हैं और इसी के जरिए वे अब तक वेतन अवैध रूप से आहरित कर चुके हैं। शिकायतकर्ता अनवर खान ने बताया कि वर्ष 2024 में उन्होंने इस संबंध में जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी को शिकायती पत्र दिया था और शिक्षक के प्रमाण-पत्रों के सत्यापन की मांग की थी। लेकिन इस पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

# हिस्ट्रीशीटर मुठभेड़ में गिरफ्तार, पैर में गोली लगने से घायल

- चार जिलों का कुख्यात लुटेरा धराया, नगदी, हथियार व बाइक बरामद

**पयागपुर,बहराइच समृद्धि न्यूज़।**



पयागपुर थाना क्षेत्र में हुई लूट की बड़ी घटना का पुलिस ने खुलासा करते हुए एक हिस्ट्रीशीटर बदमाश को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस को 17 जून को विशेष सूचना मिली थी कि एक संदिग्ध व्यक्ति मोटरसाइकिल से हुजूरपुर की ओर से आ रहा है।

सूचना पर अर्जुनपुरवा तिराहे पर चेकिंग के दौरान संदिग्ध व्यक्ति पुलिस को चकमा देकर काशीजोत की ओर पगडंडी से भागने लगा और पीछा करने पर पुलिस टीम पर फायरिंग करने लगा। जवाबी कार्रवाई में पुलिस द्वारा आत्मरक्षा में की गई फायरिंग में उसके पैर में गोली लगी। घायल बदमाश को गिरफ्तार कर पूछताछ की गई तो उसकी पहचान अमरेन्द्र उर्फ अमरेश यादव पुत्र काशीराम यादव निवासी मधनगर मनोहरपुर थाना इकौना जनपद श्रावस्ती के रूप में हुई। अभियुक्त ने पूछताछ में स्वीकार किया कि वह 11 जून को झाला तरहर के पास व्यापारी से हुई लूट की घटना में शामिल था। उसके साथ विजय यादव व धर्मेन्द्र गुप्ता नामक आरोपी भी शामिल थे। लूट में मिले एक लाख रुपये में से 65,000 रुपये अभियुक्त के पास बरामद किए गए हैं। इसके अलावा एक 315 बोर का कट्टा, एक खोखा, एक जिंदा कारतूस और घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी बरामद की गई है। पूछताछ में अभियुक्त ने यह भी बताया कि वारदात के समय उसने कट्टा सटाकर धमकाया था जबकि धर्मेन्द्र गुप्ता ने व्यापारी की आंख में मिर्ची पाउडर डाला था। गंभीर रूप से घायल अभियुक्त को मानवीय दृष्टिकोण से सीएचसी पयागपुर में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज जारी है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार अमरेन्द्र यादव एक कुख्यात अपराधी है, जिस पर बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच और गोंडा जनपदों में लूट, डकैती, हत्या के प्रयास, आर्म्स एक्ट व गुंडा एक्ट के तहत कई गंभीर मामले दर्ज हैं। उसके खिलाफ थाना इकौना में हिस्ट्रीशीट संख्या 08 भी खुली है। पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश में जुट गई है।

# थाने में तहरीर देने पर भड़के दबंगों ने दुकान में की तोड़फोड़



**बहराइच ,समृद्धि न्यूज़।**

कस्बे में संचालित किराना की दुकान में सोमवार रात दबंगों ने तोड़फोड़ करते हुए सामान बाहर फेंक दिया। तोड़फोड़ में हजारों रुपये का नुकसान हुआ है। दुकानदार की तहरीर पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।नवाबगंज इलाके के कबड़ियन गांव निवासी अजीज ने थाने में तहरीर दी है। उनका कहना है कि कस्बे में उनकी किराने की दुकान संचालित है। सोमवार रात आठ बजे वह दुकान पर बैठे सामान की बिक्री कर रहे थे। इसी दौरान दबंगों ने दुकान पहुंचकर तोड़फोड़ शुरू कर दिया। दुकान में रखे तेल, दाल आदि सड़क पर फेंक दिया और भाग गए। पीड़ित का कहना है कि सात साल पहले गांव के ही कैसर ने 65300 रुपये का उधार अरहर, उर्द, चना की दाल ली थी। बेचने के बाद पैसा वापस करने की बात कही। काफी प्रयास के बाद पैसे न मिलने पर उन्होंने थाने में तहरीर दी।

# अन्तर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध सप्ताह पर कार्यशाला आयोजित

**टास्क फोर्स की संयुक्त टीम ने 133 निरीक्षण करते हुए 164 बाल श्रमिकों को कार्य से कराया अवमुक्त**

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**




बाल श्रम उन्मूलन जनपद समिति, जिला टास्क फोर्स की बैठक एवं अन्तर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध सप्ताह के अंतर्गत विकास भवन सभागार में प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में सभी सदस्यों को बाल एवं किशोर श्रम अधिनियम के प्रावधानों के विषय में जागरूक करते हुए बाल श्रम की रोकथाम हेतु प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। विगत एक वर्ष में जिला टास्क फोर्स की संयुक्त टीम द्वारा 133 निरीक्षण करते हुए 164 बाल श्रमिकों को कार्य से अवमुक्त कराया गया तथा 84 सेवायोजकों के विरुद्ध प्रभियोजना दर्ज कराया गया। बाल श्रमिक विद्या योजना के अंतर्गत 53 बच्चों को रू. 658800.00 की धनराशि से लाभान्वित किया गया। अवमुक्त कराए गए बच्चों का विभिन्न योजनाओं से आच्छादन किया गया तथा बच्चों को प्रथम संस्था एवं अन्य स्वयंसेवी संस्थाओं के माध्यम से स्कॉलरशिप एवं उनके अभिवावकों को जीविकोपार्जन के लिए ठेला, गुमटी आदि दिया गया। बच्चों द्वारा उक्त कार्य से उनके जीवन में हुए बदलाव से अवगत कराया गया। अध्यक्ष सी.डब्ल्यू.सी द्वारा सभी से समन्वय स्थापित कर बाल श्रम को जड़ से मिटाने पर बल दिया गया। इस अवसर पर जिला प्रोबेशन अधिकारी विनोद राय, जिला कार्यक्रम अधिकारी राजकपूर, सदस्य सचिव सहायक श्रम आयुक्त, लीड बैंक मैनेजर प्रथम संस्था ,देहात इंडिया, अपराजिता व एक्शन हेड आदि संस्थाएं उपस्थित रही।

# न्यायालय जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग से वाहन स्वामी को मिला न्याय

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

- शारीरिक व मानसिक कष्ट के लिए प्रतिवादी को मिलेंगे तीस हज़ार रूपये

अनिल प्रताप बहादुर पाल सिंह पुत्र स्व. रवि प्रताप बहादुर पाल सिंह निवासी रगड़गंज बाजार, परसपुर रोड, बेलसर, थाना व तहसील तरबगंज जिला गोण्डा को न्यायालय जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, बहराइच में प्रबन्धक चोला मण्डलम एम.एस. जनरल इन्श्योरेंस कम्पनी लि. हेड आफिस, 2 एन.एस.सी.बोस रोड, चेन्नई के विरुद्ध योजित परिवाद सं. 112/2016 में परिवादी का बीमित स्कार्पियो वाहन संख्या यूपी 42 आर 2989 दिनांक 15 जून 2015 को दरगाह शरीफ से चोरी हो गया था तथा थाना दरगाह शरीफ में एफ.आई.आर भी दर्ज होने के बावजूद भी बीमा कम्पनी द्वारा बीमा क्लेम नही दिया गया। जिस हेतु वाहन का मूल्य रू. 4,00,000 व मानसिक क्षतिपूर्ति दिलाये जाने हेतु फरियाद किया गया था। जिला उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष सुरेश चन्द्र भारती व सदस्य डॉ. मोनिका प्रियदर्शिनी द्वारा 16 जून 2025 को पारित आदेश द्वारा विपक्षी सं-1 प्रबन्धक चोला मण्डलम एम.एस. जनरल इन्श्योरेंस कम्पनी लि. हेड आफिस, चेन्नई के विरुद्ध स्वीकार करते हुए आदेशित किया है कि वह परिवादी को एक माह में अन्दर उसके पंजीकृत वाहन संख्या यूपी 42 आर 2989 (स्कार्पियो) का रू. 4,00,000 मय 6 प्रतिशत वार्षिक साधारण ब्याज परिवाद प्रस्तुत करने की तिथि से वास्तविक भुगतान करने की तिथि तक का अदा करेगा।

यदि उक्त अवधि में भुगतान नही होता तो उक्त धनराशि पर 7 प्रतिशत वार्षिक साधारण ब्याज भी अदा करना होगा तथा उक्त धनराशि के अलावा शारीरिक व मानसिक कष्ट के लिए रू. 30,000 व वाद व्यय के रूप में रू. 10,000 अदा करेगा।

## स्मैक के साथ नेपाली गिरफ्तार



**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।** मोतीपुर पुलिस व एसएसबी जवानों ने एक नेपाली तस्कर को 10 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष आनंद कुमार चौरसिया ने बताया कि बलईगांव चौकी इंचार्ज शिवेश शुक्ला, सूरज कुमार व एसएसबी के जवान भारत नेपाल से आने वाले लोगों की जांच कर रहे थे। जांच के दौरान नेपाल के जिला कालीकोट मुखियाबाड़ा वार्ड नंबर नौ निवासी सुभाष शाही को 10 ग्राम स्मैक के साथ पकड़ा गया। सीओ हर्षिता तिवारी ने बताया कि केस दर्ज कर तस्कर को जेल भेज दिया गया है।

# मुस्तफाबाद सीएचसी में खुला जन औषधि केंद्र, मिलेगी सस्ती दवाएं



**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

जरवल के मुस्तफाबाद सीएचसी में भारतीय जन औषधि केंद्र खुल गया हैं। इससे अब मरीजों को सस्ते दामों पर दवाइयां मिलने लगी हैं।भारतीय जन औषधि परियोजना के तहत मरीजों को सस्ते दामों पर दवा उपलब्ध कराने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जन औषधि केंद्र खोल दिया गया है। यहां पर मरीजों को बीपी, शुगर, कोलेस्ट्राल, थायराइड, हार्ट समेत अन्य जरूरी दवाएं बाजार से काफी कम कीमत पर मिल सकेंगी। जन औषधि केंद्र के संचालक सचिन अवस्थी ने बताया कि सरकार के नियमों के अनुसार केंद्र पर दवाएं बाजार से काफी कम कीमत पर उपलब्ध हैं। जन औषधि केंद्र पर मरीजों को 40 से 70 फीसद कम दामों में दवाएं मिल रही हैं।

# मनरेगा में फर्जी मस्टर रोल का खेल, श्रमिकों ने जताया विरोध

- स्थानीय लोगों ने लगाया आरोप, मौके पर आठ से दस श्रमिक करते हैं काम, शेष काम जेसीबी मशीन से करवाया जाता हैं

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**



शिवपुर ब्लॉक क्षेत्र में लगातार फर्जी मस्टर रोल का खेल जारी है। जिसमें रायगंज ग्राम पंचायत सुर्खियों में हैं। एक दिन पूर्व जेसीबी मशीन से तालाब खुदाई का मामला सामने आया था। जिसकी जांच चल रही है। वहीं आज यानी मंगलवार को फर्जी मास्टर रोल चलाने का मामला सामने आया है। स्थानीय लोगों ने फर्जीवाड़े का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया है। वीडियो में फर्जीवाड़े का लोग विरोध करते नजर आ रहे हैं। वहीं गांव निवासी लियाकत, वारिश, इन्ना, छोटे आदि दर्जनों लोगों ने नाराजगी जताते हुए बताया कि मनरेगा में ठेकेदारी प्रथा से काम करवाया जा रहा है।

तालाब खुदाई एवं नाला सफाई का कार्य रामपुर धोबियाहार के राम धीरज नाम के व्यक्ति को दिया गया है। जिस कारण दूसरे गांव के श्रमिक को काम पर लगाया जा रहा है। गांव के श्रमिक बेरोजगार घूम रहे हैं। जबकि गांव के श्रमिकों को गांव में काम मिलने का प्रावधान है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि मौके पर आठ से दस श्रमिक काम करते हैं। शेष काम जेसीबी मशीन से करवाया जाता हैं। ऑनलाइन मास्टर रोल पर 100 से 200 श्रमिकों की उपस्थिति चढ़ाई जाती है। जो मनरेगा में लुट के समान है। अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी अंकित सिंह ने बताया कि जांच किया जाएगा। ग्राम सचिव मोहम्मद अकदश ने बताया कि तालाब सहित नाले का मास्टर रोल शून्य करवाया जाएगा। जेसीबी मशीन चलवाना व फर्जी मास्टर रोल चढ़ना दोनों गलत है। खंड विकास अधिकारी अनुष्का श्रीवास्तव से जानकारी के लिए दूरभाष पर संपर्क किया गया लेकिन फोन नहीं उठा।

# बिहार के अजीत पैदल यात्रा कर पहुंचे पयागपुर

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

- 1150 किलोमीटर की पैदल दूरी तय कर जाएंगे केदारनाथ

बिहार से केदारनाथ पैदल यात्रा पर निकले अजीत मंगलवार को पयागपुर पहुंचे। थोड़ा आराम करने के बाद वह पुनः पैदल केदारनाथ के लिए रवाना हो गए। बिहार के मुजफ्फरपुर निवासी अजीत कुमार 1150 किलोमीटर की दूरी पैदल तय करके केदारनाथ की यात्रा के संकल्प के साथ सुबह पयागपुर पहुंचे। पयागपुर में बबया पुल स्थित ढाबे पर पहुंच कर विश्राम करने के लिए रुके तो लोगों की भीड़ लग गई। लोगों के पूछने पर उन्होंने बताया कि मुजफ्फरपुर के थाना ब्रह्मपुर के जूर्ण छपरा गांव के निवासी हैं।वह 26 वर्ष के युवा हैं। वह केदारनाथ में भगवान शिव के दर्शन के लिए तीन जून से पैदल यात्रा शुरू की है। वह बाबा केदारनाथ जाने की इच्छा रखते हैं। वह प्रतिदिन 35 किलोमीटर चलते हैं। गूगल मैप के सहारे 490 किलोमीटर की यात्रा पूरी कर यहां पहुंचे हैं। अजीत ने बताया कि वह मौसम को देखकर दूरी तय करते हैं। रास्ते में किसी ढाबे व मंदिर में विश्राम कर दूसरे दिन लगातार अपनी यात्रा को बढ़ा रहे हैं। उनके इस साहस को देखकर युवाओं में शक्ति की जागृति हुई है।

# मजबूत हुआ रायबरेली पुलिस का तंत्र, काफिले में शामिल हुई छह गाड़ियां

- एसपी ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

दीपेन्द्र कुमार

**रायबरेली।** पुलिस को आधुनिक बनाने के लिए विभाग की ओर से हर सम्भव प्रयास किये जा रहे हैं। इसी कड़ी में जिले की पुलिस को 6 डायल 112 स्कार्पियो मुहैया करवायी गई है। कानून व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए पुलिस मुख्यालय से मिले डायल 112 के 6 नए वाहनों को जिले के वाहनों में शामिल किया गया है।

पुलिस अधीक्षक ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय से नये डायल 112 के वाहनों को हरी झंडी दिखाकर सड़कों के लिए रवाना किया है। वाहनों को हरी झंडी दिखाने के दौरान जिले के आलाधिकारी मौजूद रहे।






### सटीक लोकेशन मिलेगी

कॉलर की सटीक लोकेशन पता करने के लिए 112 ने ईएलएस तकनीक का उपयोग किया है, जो पहली बार देश के किसी पुलिस बल ने प्रयोग की है। पीआरवी कर्मियों को बॉडी वार्न कैमरे भी दिए गए हैं, जिससे घटनास्थल की फोटो और वीडियो रिकार्ड की जा सकेगी। साथ ही, पीआरवी पर पीटीजेड कैमरे लगाए गए हैं। इससे संवेदनशील घटनाओं की रियल टाइम मॉनिटरिंग जिला मुख्यालयों और यूपी-112 द्वारा की जा सकेगी।

### आधुनिक तकनीकों से लैस हैं डायल 112 के नए वाहन

डायल 112 के लिए बने विशेष किस्म के वाहनों में मोबाइल डाटा टर्मिनल लगा रहेगा। जो जीपीएस से काम करेगा। इसमें एक डिसप्ले सिस्टम होगा। जिसमें किसी घटना के बारे में जानकारी आने पर उस स्थल तक का पूरा रूट मैप अंकित होगा। इसके आधार पर वहां तक पहुंचने का पूरा रूट मैप ट्रैक भी होगा। इसकी तत्काल रिपोर्ट भी वापस कंट्रोल सेंटर के पास मिलेगी। इसमें शिकायतकर्ता से फीडबैक लेने की भी व्यवस्था रहेगी। 112 डायल वाहन में तैनात पुलिस कर्मियों को एसपी ने कई महत्वपूर्ण जानकारी दी हैं।

# शराबी बेटे ने डंडे से पीटकर की मां की हत्या



खीरों,रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।

थाना क्षेत्र के बैरीसाल खेड़ा मजरे सेमरी गांव में सोमवार की देर शाम दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। नशे के आदी बेटे ने मामूली कहासुनी के बाद अपनी 85 वर्षीय बुजुर्ग माँ की बांस की लाठी से पीट-पीटकर हत्या कर दी। घायल अवस्था में रातभर तड़पती रही बुजुर्ग माँ ने देर रात करीब दो बजे दम तोड़ दिया। सुबह होते ही मृतका के पोते ने डायल 112 पर सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं, आरोपी को भी हिरासत में ले लिया गया है।

ग्रामीणों के मुताबिक, आरोपी गहरेश्वर पुत्र बैजनाथ नशे का आदी है। उसने अपनी माँ के नाम बची हुई जमीन भी नशे की लत में गिरवी रख दी थी, जिसे लेकर वह अक्सर माँ से विवाद करता रहता था। सोमवार की रात करीब आठ बजे वह घर पहुंचा और खाने को लेकर माँ से झगड़ा करने लगा। देखते ही देखते वह बेकाबू हो गया और बांस की लाठी से हमला कर दिया।

**ग्रामीणों में दहशत, क्षेत्र में सनसनी:** इस अमानवीय कृत्य से गांव में दहशत का माहौल है। लोगों का कहना है कि आरोपी की आदतें काफी समय से बिगड़ी हुई थीं, लेकिन किसी को यह अंदेशा नहीं था कि वह इस हद तक गिर जाएगा।

### पत्थर के हौदे पर पटक दिया, तोड़ा दम

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आरोपी ने पहले बुजुर्ग माँ के दोनों हाथ तोड़ दिए, फिर उन्हें जानवरों के लिए बने पत्थर के हौदे पर पटक दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। उस समय घर में मौजूद पोता अमरेंद्र व पोती नीतू उन्हें बचाने दौड़े तो आरोपी ने अमरेंद्र के पैर पर भी वार कर घायल कर दिया। डर के मारे दोनों बच्चे कमरे में दुबक गए और देर रात तक मदद की आस में बुजुर्ग माँ कराहती रहीं, लेकिन अंततः उन्होंने दम तोड़ दिया।

### पुलिस ने आरोपी को दबोचा

घटना की सूचना पर सेमरी चौकी व खीरों थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी गहरेश्वर को हिरासत में ले लिया। प्रभारी निरीक्षक संतोष सिंह ने बताया कि आवश्यक विधिक कार्यवाही कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

## खबरें एक नजर में

### बिजली के खंभे से गिरा व्यक्ति गंभीर रूप से घायल

**महराजगंज, रायबरेली।** बिजली के पोल से गिरा व्यक्ति गंभीर रूप से हुआ घायल। अमोद कुमार पुत्र सूर्यपाल उम्र 50 वर्ष निवासी सेमरहा सिकंदरपुर महराजगंज बिजली के खंभे पर से गिर गया जिसके कारण उसे गंभीर चोटे आई परिजन उसे लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महराजगंज पहुंचे जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार कर घायल को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### कुएं में गिरने से बुजुर्ग की मौत

**रायबरेली।** डीह थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति की कुएं में गिरने से मौत हो गई। बताया जा रहा है की उक्त बूढ़े व्यक्ति को आंखों से कम दिखाई देता था जिसके कारण वह कुंआ नहीं देख पाया और उसी में गिरकर उसकी मौत हो गई ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक की पहचान टेकारी गांव निवासी रामसेवक के रुप मे हुई अधिक उम्र होने के कारण वो कम देख पाते थे आज जब वह कहीं जा रहे थे तो उस कुएं को ठीक से देख नहीं पाए और उसी में गिरकर घायल हो गए जब उन्हें किसी तरह बाहर निकाला तो उनकी मौत हो चुकी थी। मौके पर पुलिस पहुंची और अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

### घर में घुसकर मारपीट एवं जान से मारने की धमकी देने का लगाया आरोप

**डलमऊ रायबरेली।** घर में घुसकर मारपीट गाली गलौज एवं जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए एक महिला ने कोतवाली डलमऊ में तहरीर देकर आरोपियों के विरुद्ध उचित कार्रवाई किए जाने की मांग की है। मामला डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के राधा बालमपुर का है यहां की रहने वाली रितिका पत्नी उमाशंकर ने कोतवाली डलमऊ में दिए गए तहरीर में बताया है कि बीते शनिवार को रात लगभग 8 :00 बजे घर के अंदर वह सब्जी काट रही थी तभी गांव निवासी श्याम शंकर पाण्डेय पुत्र कमला शंकर, अजय पाण्डेय पुत्र श्याम शंकर पाण्डेय, शनी पाण्डेय पुत्र श्याम शंकर पाण्डेय आदि उसके घर के अंदर घुस आए और गंदी-गंदी गालियां देने लगे। पीड़िता ने उन लोगों को गाली देने से मना किया तो आरोपियों ने उसे लात घुसो थप्पड़ों से जमकर मारने पीटने लगे शोर शराबा होने पर उसके पति उमाशंकर ने बीच बचाव करते हुए छुड़ाने का प्रयास किया तो आरोपियों ने उन्हें भी जमकर मारा पीटा जिनका इलाज जिला अस्पताल रायबरेली में चल रहा है पीड़िता का कहना है कि आरोपी अपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्ति हैं मारपीट के बाद आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी है। पीड़िता ने उचित कार्रवाई किए जाने की मांग की है इस संबंध में कोतवाली प्रभारी डलमऊ श्याम कुमार पाल ने बताया कि आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है कार्यवाही की जा रही है।

### मारपीट करना और गाली देना पड़ा भारी, चार पर मुकदमा दर्ज

**महराजगंज, रायबरेली।** मारपीट करना और जाति सूचक गाली देना पड़ा भारी चार पर दर्ज हुआ सुसंगत धाराओं मे मुकदमा। वादी चंद्रकिशोर पुत्र ब्रजलाल व अंकित पुत्र फूलचंद व दशवन्त पुत्र चंद्रभान निवासी ग्राम मांझगांव थाना महराजगंज ने तहरीर में बताया की गांव के ही गिरिजा सिंह पुत्र राजा से हरिकरन सिंह पुत्र राजा सिंह अजीत सिंह पुत्र सुरेश सिंह धर्मेंद्र सिंह पुत्र रामकुमार सिंह निवासी मांझगांव थाना महराजगंज एक राय होकर हमारे घर पास सीसी रोड पर जाट सूचक गालियां देते हुए लाठी व फावड़े से मारा पीटा जिससे हम लोगों के शरीर और सिर पर गंभीर चोटें आई है और जानलेवा हमला किया गया। वही वादी की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

### एक और किशोरी हुई दुष्कर्म का शिकार, आपत्तिजनक वीडियो वायरल करने की धमकी देकर लगातार करते रहे ब्लैकमेल

**डलमऊ, रायबरेली।** स्कूल में पढ़ने वाली एक 14 वर्षीय किशोरी से उसके ही स्कूल में पढ़ने वाले एक युवक ने पहले प्रेम जाल में फंसाया फिर उससे दुष्कर्म किया गया यही नहीं एकांत जगह में बुलाकर अपने दोस्तों के साथ भी दुष्कर्म किया और आपत्तिजनक वीडियो बनाकर वायरल करने का डर दिखाकर किशोरी ने घर में रखी नगदी एवं जेवरात आरोपी युवक को दे दिए कई बार आरोपी युवक अपने दोस्तों के साथ परिजनों की अनुपस्थिति में उसके घर जेवरात लेने पहुंचा और घोरवारा स्थित एक ज्वेलर्स की दुकान में उसे बेच दिया आरोपी लगातार किशोरी को धमकाते रहे जब मामले की जानकारी परिजनों को हुई तो हुए बेटी को लेकर डलमऊ कोतवाली पहुंचे और पिता ने मामले की तहरीर डलमऊ को पहले में दी है। डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली 14 वर्षीय किशोरी से स्कूल में ही पढ़ने वाले एक युवक ने अपने दोस्तों के साथ मिलकर दुष्कर्म किया पिता ने डलमऊ कोतवाली में तहरीर देकर एक युवक पर बेटी के साथ दुष्कर्म किए जाने एवं आपत्तिजनक वीडियो बनाकर वायरल करने का डर दिखा कर घर में रखी हुई 40000 की नगदी सोने-चांदी के जेवरात लेने का आरोप लगाया है पिता का कहना है कि बेटी के स्कूल में ही पढ़ने वाले युवक ने उससे दुष्कर्म किया घर वालों के अनुपस्थिति में घर जाकर डर दिखाकर सोने चांदी के जेवरात भी ले लिए रविवार को पिता ने बेटी के साथ डलमऊ कोतवाली पहुंचकर मामले की तहरीर दी 3 दिन भी जाने के बाद भी पुलिस अभी तक मामले की जांच का हवाला देकर आरोपियों को बचाने का प्रयास भी कर रही है डलमऊ कोतवाल श्याम कुमार पाल ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### मुसाफिरखाना ब्लॉक में दिव्यांग चिन्हांकन शिविर आयोजित

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी नरेन्द्र कुमार पाण्डेय ने बताया कि मंगलवार को विकास खण्ड मुसाफिरखाना परिसर में दिव्यांग चिन्हांकन शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 75 दिव्यांगजनों का कृत्रिम अंग, सहायक उपकरण हेतु चिन्हांकन किया गया, जिसमें ट्राईसाइकिल के 42, बैसाखी के 4, मानसिक मंदित किट हेतु 1, व्हील चेयर के 4, कान की मशीन के 1, स्मार्ट केन के 1, छड़ी के 1, सीपी चेयर के 1, पेंशन के 5, यूडीआईडी कार्ड के 15 दिव्यांगजनों को चिन्हित किया गया। चिन्हांकन शिविर में खंड विकास अधिकारी, दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी, चिकित्सक, एडीओ समाज कल्याण सचिव, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के कर्मचारी एवं विकास खण्ड के कर्मचारी मौजूद रहे। इस सम्बन्ध में उन्होंने बताया कि विकास खण्ड के विभिन्न गांव से आए दिव्यांगजनो ने आयोजित शिविर में अपना चिन्हांकन कराने के साथ ही अन्य योजनाओं का लाभ लिया।

### 55 ली. अवैध कच्ची शराब के साथ तीन नामजद

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** जिला आबकारी अधिकारी के पर्यवेक्षण में मंगलवार को गठित टीम द्वारा ग्राम- शंकरगंज,धोबहा तथा केशवपुर, सैठा, कैलाशपुर, में आकस्मिक दबिश दी गयी। दबिश के दौरान क्षेत्र- तिलोई में थाना-मोहनगंज के अंतर्गत ग्राम-शंकरगंज,धोबहा से कुल 55लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद किया गया व 200कि.ग्रा लहन मौके पर नस्ट किया गया इस कार्यवाही में तीन अभियोग आबकारी अधिनियम में पंजीकृत किया गया। साथ ही ग्राम वासियो को अवैध शराब पीने से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करते हुए विभाग के संबंधित निरीक्षक के मोबाइल नम्बर पर अवैध शराब के निर्माण, बेचने व रोकथाम हेतु सूचना देने की अपील की गई एवं आबकारी दुकानों का सघन निरीक्षण किया गया। उक्त कार्यवाही में रानी सागर आबकारी निरीक्षक तिलोई, सतीश चंद्र दीक्षित क्षेत्र-अमेठी व आबकारी स्टॉफ मनोज कुमार, राजेश सिंह, कौशल सिंह,मनोज कुमार आदि दबिश में सम्मलित रहे।

### किसान दिवस का आयोजन आज

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** उप कृषि निदेशक सतेन्द्र कुमार ने बताया कि जिलाधिकारी संजय सिंह चौहान के निर्देशानुसार जनपद में माह जून के तृतीय बुधवार 18 जून को किसान दिवस का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार गौरीगंज में अपरान्ह 12 बजे से 2 बजे तक किया जायेगा। उन्होंने जनपद के विभागीय अधिकारियों को सूचित किया कि किसान दिवस से सम्बन्धित संचालित कार्यक्रमों की सूचना सहित बैठक में समय से स्वयं प्रतिभाग करें।

# 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के लिए तैयारी शुरू

- योग आधारित रंगोली, योगासन, निबन्ध, स्लोगन, चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित

रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।



अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियां जोरों पर हैं! रायबरेली में भी इसकी तैयारी शुरू हो गई है, जहां 21 जून को मोतीलाल नेहरू स्टेडियम में योग दिवस मनाया जाएगा। राजर्षि रामपाल सिंह वैदिक इंटर कॉलेज में शिक्षा विभाग की टीम द्वारा कई विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के लिए योग आधारित प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इन प्रतियोगिताओं में रंगोली, योगासन, निबंध, स्लोगन और चित्रकला शामिल थीं।

इस कार्यक्रम में वैदिक कन्या इंटर कॉलेज की छात्रा एंजेल गुप्ता ने अपनी टीम के साथ वसुपाल, मानसी, माही ने मिल करके योग पर आधारित रंगोली बनाया एवं अन्य विद्यालयों से आए हुए छात्र, छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया एवं योगासन की प्रतियोगिताएं संपन्न हुई। जनपद के आज अनेक विद्यालयों में प्रतियोगिता संपन्न हुई साथ ही शहर के राजा से रामपाल सिंह वैदिक इंटर कॉलेज में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज रायबरेली, के. वी. सिंह राजकीय बालिका इंटर कॉलेज देवानंदपुर, महात्मा गांधी इंटर कॉलेज रायबरेली, लाल ऋषि कन्या इंटर कॉलेज रायबरेली, वैदिक कन्या इंटर कॉलेज रायबरेली, जूनियर हाई स्कूल चक अहमदपुर एवं राजकीय इंटर कॉलेज अटौरा बुजुर्ग एवं बेसिक विभाग के भी कुछ अन्य विद्यालयों के बच्चों ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर निर्णायक के तौर पर सुनीता सिंह उप प्रधानाचार्य राजकीय बालिका इंटर कॉलेज रायबरेली, संतोष कुमार प्रवक्ता डायट रायबरेली एवं सहयोगी के रूप में आशुतोष कुमार तिवारी, शिव शरण सिंह सर, रेनू शुक्ला, नीतू गुप्ता, मोहम्मद शोएब एवं विभिन्न कॉलेजों से आए हुए शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रहे जिनके सहयोग से संपूर्ण प्रतियोगिता निर्विवाद रूप से संपन्न हुई इस प्रतियोगिता में लगभग 150 से अधिक छात्राओं ने प्रतिभाग किया। अजय सिंह चंदेल योग नोडल अधिकारी माध्यमिक शिक्षा रायबरेली ने बताया कि प्रतिभागियों के प्रदर्शन के आधार पर जल्दी उनके परिणाम घोषित किए जाएंगे एवं उन्हें आने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सम्मानित किया जाएगा।

# सुनीता सिंह बनीं कोटेदार

- भारी पुलिस बल और अधिकारियों की मौजूदगी में हुआ कोटे का चयन, शांतिपूर्वक संपन्न हुआ कोटे का चयन



**महराजगंज रायबरेली।** महराजगंज विकासखंड क्षेत्र के ताजुद्दीनपुर ग्राम पंचायत में कोटेदार कप्तान सिंह की मृत्यु की वजह से पिछले चार-पांच माह से कोटेदार नहीं था जिसके लिए शासन द्वारा आज कोटे का चयन कराया गया जिसमें ताजुद्दीनपुर की जनता ने देवेंद्र प्रताप सिंह उर्फ अमित सिंह की दादी सुनीता सिंह पत्नी मनीष सिंह की जीत हुई। सहायक विकास अधिकारी पंचायत सीताराम ने बताया ताजुद्दीनपुर ग्राम सभा में आज सरकारी राशन की दुकान का चयन होना था जिसमें ग्रामीणों द्वारा हाथ उठाकर 398 मत सुनीता सिंह को दिए तो वही उनके विपक्षी रघुवीर सिंह को मात्र 86 लोगों ने अपना समर्थन दिया जिस पर सुनीता सिंह पत्नी मनीष सिंह को विजई घोषित किया गया। इस मौके पर चन्दापुर थाना प्रभारी प्रशांत द्विवेदी सहायक विकास अधिकारी आईएसबी महराजगंज ग्राम सचिव वीरेंद्र पाल यादव ग्राम प्रधान विनोद कुमार साहू मौजूद रहे।

# 36 घंटे बाद भी नहीं हुआ लूट का खुलासा, व्यापारियों में आक्रोश

महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।



सब्जी व्यापारी के साथ हुई लूट का खुलासा करने में पुलिस अभी तक नाकाम है जिसको लेकर व्यापारी संगठनों में आक्रोश देखने को मिल रहा है ।आज अखिल भारतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल नगर इकाई महराजगंज के द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस करके जानकारी दी गई।

पिकअप से कानपुर शहर सब्जी मंडी में आलू खरीदने जा रहे व्यापारी की कनपटी पर कार सवार बदमाशों ने कट्टा लगाकर 70000 रुपए लूट लिया महाराज कस्बे के वार्ड नंबर 10 जाकिर हुसैन नगर आलू व्यवसाई मोहम्मद समीर पुत्र मोहम्मद नसीम सोमवार की सुबह करीब 5:00 बजे कानपुर शहर सब्जी मंडी से आलू खरीदने के लिए पिकअप से जा रहे थे इसी बीच महराजगंज बछरावां मार्ग पर कोतवाली क्षेत्र के सलेथू पुल के आगे बरहुआ मोड़ के पास बिना नंबर की कार से पिकअप को ओवरटेक करके पहुंचे बदमाश पिकअप चालक से दिनदहाड़े 70000 रुपए लूट लिया। घटना को 36 घंटे से अधिक हो चुका है लेकिन पुलिस ने अभी तक न तो किसी अपराधी को पकड़ा न ही खुलासा किया जिसके कारण हमारा व्यापारी समाज दहशत में है व्यापारियों में आक्रोश बढ़ रहा है। महराजगंज कोतवाली पुलिस का डर अपराधियों के अंदर नहीं रहा महराजगंज कोतवाली पुलिस पूरी तरह निष्क्रीय हो गई इससे पहले लगभग 15 दिन पूर्व शिवगढ़ रोड पर एक वृद्ध व्यक्ति से रु.10000 लूट लिए गए थे उसका भी अभी तक खुलासा नहीं हुआ है। इन घटनाओं से साबित होता है कि महराजगंज कोतवाली पुलिस अपराध पर अंकुश लगाने में नाकाम साबित हो रही है पूरी तरह निष्क्रिय है। दिनदहाड़े हुई लूट की घटना का खुलासा अगर कोतवाली पुलिस 24 घंटे में नहीं करेगी तो हम समस्त व्यापारी अपना व्यापार बंद करके रोडो पर उतरकर आंदोलन के लिए विवश होंगे जिसकी समस्त जिम्मेदारी पुलिस कीहोगी। इस मौके पर अखिल भारतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के संरक्षक डॉक्टर मातादीन पासी, अध्यक्ष रिंकू जायसवाल, बबलू वैश्य, संतोष मौर्य, श्रवण कुमार मौजूद रहे।

# नाबालिग के ट्रैक्टर चलाने से महिला की मौत

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** मंगलवार को कोतवाली क्षेत्र मोहनगंज के अंतर्गत बाबा का पुरवा गांव निवासी श्याम लाल पासी का 17 वर्षीय पुत्र मिट्टी खोदने के लिए ट्रैक्टर लेकर जा रहा था, इसी दौरान सरताजा पत्नी विश्वनाथ निवासी जमुली मजरे फूला रास्ते में जा रही थी नाबालिक द्वारा चलाया जा रहा ट्रैक्टर अनियंत्रित हो गया और सरताजा ट्रैक्टर की चपेट में आ गई। जिसमें सरताजा की मौके पर ही मौत हो गई, मृतिका सरताजा के पुत्र राम सुमिरन द्वारा कोतवाली मोहनगंज में नाबालिग के खिलाफ लिखित तहसील दी गई है। राकेश सिंह प्रभारी निरीक्षक मोहनगंज ने बताया कि तहरीर के आधार पर ट्रैक्टर को कब्जे में ले लिया गया है तथा महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# अन्तर्जनपदीय शातिर टप्पेबाज चढ़ा पुलिस के हत्थे

- कब्जे से मिली 57.35 ग्राम पीली धातु

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** बीते 12 जून को थाना इन्हौना पर मिली सूचना के अनुसार 11 जून को शाम करीब 8 बजे एक व्यक्ति ज्वैलरी खरीदने आया और 3 लाख 50 हजार रुपये की ज्वैलरी खरीदकर रख दिया, रुपये लाकर सामान ले जाने की बात कहकर जाते समय चेन जेब में रखकर चला गया तथा वापस नहीं आया, उक्त सूचना पर थाना इन्हौना पर मुकदमा पंजीकृत था। पुलिस अधीक्षक द्वारा घटना के शीघ्र अनावरण व अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु आवश्यक निर्देश दिये गये थे। सोमवार को क्षेत्राधिकारी तिलोई अजय कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में थाना इन्हौना एवं स्वाट,सर्विलांस की संयुक्त टीम उक्त घटना की पतारसी सुरागरसी हेतु क्षेत्र में मौजूद थी। सूचना पर थाना इन्हौना एवं स्वाट, सर्विलांस की संयुक्त टीम द्वारा मुखबिर के बताये गये स्थान पर पहुंच कर सीसीटीवी फुटेज से पहचान कर एक व्यक्ति को पकड़ लिया गया। पकड़े गये व्यक्ति ने अपना नाम सौरभ सिंह पुत्र सुरेश सिंह निवासी ग्राम दियरा बाजार थाना मोतीगरपुर जनपद सुलतानपुर हाल पता सेक्टर 12 राहुल विहार कालोनी द्वितीय प्लाट नम्बर K.A.391SF01 थाना विजयनगर जनपद गाजियाबाद बताया। अभियुक्त के पास से बरामद बैग की तलाशी लेने पर उसमें सफेद प्लास्टिक की 6 पन्नियों में पीली धातु बरामद हुई, जिसके संबंध में पूछने पर अभियुक्त ने बताया कि उसने विभिन्न जनपदों से ज्वैलरी की दुकानों से सोने के गहने जिसमें ज्यादातर सोने की चेन चोरी की है जिन्हें लखनऊ के टंच मार्केट में जाकर पिघलाकर रख लिया है। बरामद उक्त पन्नियों में रखी पीली धातु का वजन करने पर कुल 57.35 ग्राम पाया गया । अभियुक्त ने विभिन्न पन्नियों में रखे सामान को विभिन्न स्थानों से चोरी करने को बताया जिसे पिघलवाया/गलवाया नहीं था। उक्त सभी चोरियों के संबन्ध में संबन्धित जनपद में अभियोग पंजीकृत है। गिरफ्तार अभियुक्त एक शातिर चोर है, जो सीधे-साधे व पुराने लोगों की ज्वैलरी की दुकान को निशाना बनाता था। ज्वैलरी की दुकान पर जाकर आभूषण खरीदने के बहाने सामान देखता था और मौका पाकर आभूषण चोरी से अपने जेब में रख कर चला जाता था। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध जनपद अमेठी के अतिरिक्त जनपद गाजियाबाद, बाराबंकी, बस्ती, प्रतापगढ़, गोण्डा में लूट व चोरी के कुल 7 अभियोग पंजीकृत हैं।

# चोरी की तीन मोटरसाइकिल के साथ तीन शातिर चोर गिरफ्तार

अमेठी, समृद्धि न्यूज़।

पुलिस द्वारा अपराध पर प्रभावी अकुंश लगाने एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत मंगलवार को थाना कमरौली पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर एक मोटरसाइकिल पर सवार तीन संदिग्ध व्यक्तियों को रोककर नाम पता पूछने पर चालक ने अपना नाम अमन पुत्र राममनोहर दुसरे ने अपना नाम शिव शंकर पुत्र राम प्रकाश निवासीगण ग्राम छीतापुर थाना इन्हौना तथा तीसरे ने अपना नाम अरबाज पुत्र मो.अख्तर निवासी बहुआ थाना मोहनगंज बताया। मोटर साइकिल आपचे के कागज मांगने पर दिखा न सके। मोटरसाइकिल आपचे सं यूपी 33 एके 1490 के बारे में पूछने पर चालक अमन ने बताया यह मोटर साइकिल 14 जून को थानाक्षेत्र कमरौली के रोड़ नं 4 चौराहे के पास एक दुकान के सामने से चोरी किया था। अभियुक्तों की निशानदेही पर चोरी की 2 अन्य मोटर साइकिल भी बरामद की गयी। अभियुक्तों ने बताया कि वे रोड के किनारे, घर व दुकान के बाहर खड़ी मोटरसाइकिल में चाभी लगाकर लॉक खोल लेते हैं और उस मोटरसाइकिल को ले जाकर छिपा देते हैं बाद में मोटरसाइकिल की नम्बर प्लेट बदलकर बेच देते हैं और रुपये आपस में बांट लेते है। बरामदगी के आधार पर थाना कमरौली पुलिस द्वारा अभियुक्तों को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# चकबंदी कार्यों को लेकर जिलाधिकारी ने की समीक्षा बैठक

अमेठी, समृद्धि न्यूज़।

- कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई बैठक
- बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी केलकर सिंह ने बताया कि जिले की चकबंदी प्रक्रिया में 47 गांव हैं शामिल

मंगलवार को जिलाधिकारी संजय चौहान ने कलेक्ट्रेट सभागार में चकबंदी विभाग के अधिकारियों के साथ जनपद में चल रहे चकबंदी कार्यों की समीक्षा बैठक कर चल रही चकबंदी प्रक्रिया के संबंध में बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी से जानकारी ली। बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी केलकर सिंह ने बताया कि जनपद में चकबंदी की प्रक्रिया में 47 गांव शामिल हैं जिसमें तहसील गौरीगंज के 11, मुसाफिरखाना के 26, अमेठी के 8 व तिलोई के 2 गांव शामिल हैं, जिनमें धारा 7 में 2 गांव, धारा 8 में 10 गांव, धारा 9 में 4 गांव, धारा 10 में 12 गांव, धारा 20 में 6 गांव, धारा 23 में 3 गांव, धारा 24 में 4 गांव, धारा 27 में 8 गांव तथा धारा 52 में 12 गांवों में कार्य चल रहा है जिन्हें शीघ्र पूर्ण कर लिया जाएगा साथ ही उन्होंने बताया कि 4 गांव क्रमशः सराय खेमा, दौलतपुर लोनहट, सिंदुरवा व गूंगेमऊ में कब्जा परिवर्तन की कार्यवाही की जा रही है। डीएम ने कहा कि कब्जा परिवर्तन तथा चक सीमांकन के दौरान यदि कोई समस्या आती है तो संबंधित उपजिलाधिकारी व थानाध्यक्ष से संपर्क कर उसका निराकरण कराएं, इसके साथ ही जिलाधिकारी ने बैठक के माध्यम से सभी उपजिलाधिकारियों को समय-समय पर कब्जा परिवर्तन संबंधी गांवों का भ्रमण करने के निर्देश दिए। जनपद में ग्राम बनभरिया चकबंदी प्रक्रिया के अंतर्गत सबसे पुराना गांव है। इसके संबंध में जिलाधिकारी ने कहा कि अभिलेखों का सही ढंग से मिलान करके अंतिम अभिलेख बनाए जाएं, यदि पूर्व में गलत तरीके से किसी व्यक्ति को लाभ पहुंचाया गया है तो उस अधिकारी, कर्मचारी के विरुद्ध कार्यवाही हेतु शासन को प्रस्ताव भेजने के साथ ही लाभान्वित किए गए व्यक्ति पर एफआईआर दर्ज कराकर उचित कार्यवाही की जाए। बैठक में जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिया की चकबंदी से संबंधित 5 वर्ष से अधिक पुराने वादों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराया जाए जिससे आम जनता को राहत दिलाई जा सके। उन्होंने कहा कि निर्धारित टाइमलाइन के अनुसार कार्य करते हुए चकबंदी की प्रक्रिया को पूर्ण कराएं इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही ना बरती जाए। बैठक में अपर जिलाधिकारी न्यायिक अनिल चतुर्वेदी, बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी केलकर सिंह सहित समस्त चकबंदी अधिकारी, सहायक चकबंदी अधिकारी उपस्थित रहे।

### डीएम ने सभी इकाइयों पर पोषाहार के उत्पादन को बढ़ाने के दिए निर्देश

**अमेठी।** जिलाधिकारी संजय चौहान ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा संचालित टेक होम राशन इकाई में पोषाहार उत्पादन, वितरण एवं भुगतान को लेकर अधिकारियों तथा समूह की महिलाओं के साथ बैठक कर सभी इकाइयों पर उत्पादन बढ़ाने के निर्देश दिए। बताते चलें कि जनपद में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा संचालित टेक होम राशन इकाई जनपद में चार जगह संचालित है, जिसमें आस्था प्रेरणा लघु उद्योग जगदीशपुर, जागृति माइक्रो इंटरप्राइजेज गौरीगंज, संगम प्रेरणा माइक्रो एंटरप्राइजेज शुकुल बाजार तथा हौसला माइक्रो एंटरप्राइजेज मुसाफिरखाना द्वारा पोषाहार उत्पादन किया जा रहा है इन इकाइयों द्वारा 6 माह से 3 वर्ष तक के बच्चों के लिए आटा बेसन हलवा, 3 वर्ष से 6 माह तक के बच्चों के लिए आटा बेसन बर्फी प्रीमिक्स, दलिया मूंग दाल खिचड़ी, गर्भवती एवं धात्री महिलाओं के लिए आटा बेसन बर्फी प्रीमिक्स, दलिया मूंग दाल खिचड़ी तथा 6 माह से 3 वर्ष तक के बच्चों के लिए ऊर्जा युक्त हलवा का उत्पादन किया जाता है। बैठक में डीएम ने सभी इकाइयों पर पोषाहार उत्पादन की समीक्षा कर उपस्थित अधिकारियों एवं समूह की महिलाओं को सभी इकाइयों पर उत्पादन बढ़ाने के निर्देश दिए। बैठक में लंबित भुगतान के बारे में जानकारी ली तथा लंबित भुगतान को शीघ्र करने के निर्देश दिए, डीसी एनआरएलएम प्रवीणा शुक्ला ने बताया कि कभी-कभी शासन स्तर से धनराशि विलम्ब से प्राप्त होती है जिसके कारण भुगतान में विलंब हो जाता है। बैठक में अपर जिलाधिकारी न्यायिक अनिल चतुर्वेदी, जिला विकास अधिकारी वीरभानु सिंह आदि अधिकारी मौजूद रहे।

## सरकार की लापरवाही से यात्राओं में जोखिम

देश में यात्रा करना कितना जोखिम भरा हो चुका है, इसका एक दर्दनाक उदाहरण अहमदाबाद में 12 जून को हुआ विमान हादसा है। जिसमें विमान सवार यात्रियों में एक को छोड़ बाकी सभी 241 लोगों की जान चली गई और जिस बी जे मेडिकल कॉलेज हॉस्टल पर विमान गिरा, वहां और आसपास की सड़कों पर मौजूद कई लोग इसमें मारे गए। कम से कम 279 लोगों की मौत बताई जा रही है, हालांकि आंकड़ा और बढ़ सकता है। मृतकों की पहचान के लिए डीएनए परीक्षण का सहारा लिया जा रहा है। फिलहाल विमान का ब्लैक बॉक्स मिल गया है तो हादसे के सही कारण की पड़ताल हो रही है। इस बीच सरकार ने एक जांच समिति गठित की है। लेकिन इस समिति के जो भी निष्कर्ष सामने आएंगे, क्या उनसे भविष्य के लिए कोई सबक लिया जाएगा, यह विचारणीय है। क्योंकि उत्तराखंड में रविवार सुबह एक हेलीकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने से पायलट समेत सवार सभी 7 लोगों की मौत हो गई। जब से चारधाम यात्रा शुरु हुई है, उत्तराखंड में इस तरह के कम से कम पांच हादसे हो चुके हैं। 8 मई को हुए ऐसे ही एक हादसे में 6 लोगों की जान गई थी। ये भी सरकार की लापरवाही का नतीजा है कि उड़ान के नियमों का सख्ती से पालन नहीं किया जाता। इधर 9 जून को मुंबई में लोकल ट्रेन में भीड़ अधिक होने से कम से कम पांच लोग पटरी पर गिरकर मर गए। सड़क दुर्घटनाओं का तो कोई ओर-छोर ही नहीं है। हर दिन बड़ी संख्या में लोग या तो मारे जाते हैं या फिर बुरी तरह घायल होते हैं। जो पैदल चलते हैं, सड़कें उनके लिए भी सुरक्षित नहीं हैं। इन दुर्घटनाओं पर रोक लगाने की जगह सरकार की पूरी दिलचस्पी फोटो खिंचाने और बड़े-बड़े दावे करने में दिखाई देती है। अहमदाबाद हादसे के अगले दिन ही प्रधानमंत्री मोदी की कई तस्वीरें आई हैं, एक तस्वीर में ऊपर विमान का हिस्सा लटका हुआ है, श्री मोदी सिर उठाकर उसे देख रहे हैं और ये तस्वीर से नीचे से ऊपर खींची गई है, यानी इसके लिए फोटोग्राफर को लगभग लेट कर फोटो खींचनी पड़ी होगी। इसे देखकर लगा कि प्रधानमंत्री के लिए हर हाल में अलग-अलग एंगल से फोटो खिंचवाना कितना जरूरी है। वे चाहे गुफा में ध्यान लगाएं, विवेकानंद मेमोरियल में मौन चिंतन करें, केदारनाथ के दर्शन के लिए चढ़े या विमान हादसे का मुआयना करें, तस्वीरों में कोई कमी नहीं होनी चाहिए और जहां तक दुर्घटनाओं का सवाल है तो गृहमंत्री अमित शाह कह ही चुके हैं कि दुर्घटनाओं को रोका नहीं जा सकता। लेकिन क्या गृहमंत्री ब्रिटेन को भी ऐसा ही बोल सकते हैं, क्योंकि वह भी अपने नागरिकों की मौत की जांच करना चाहता है। ब्रिटेन तो सवाल करेगा कि जब दुर्घटनाओं पर आपका बस नहीं है तो फिर उड़ान के नियम, कानून, सुरक्षा मानक, आपदा प्रबंधन ये सब क्या दिखावे के लिए भारत में बने हैं। जब आपको कोई जिम्मेदारी लेनी ही नहीं है तो फिर मंत्रालय का गठन भी क्यों किया गया है, क्या केवल इसलिए कि मंत्रालय बताए कि सरकारी उड़ान सेवाओं में घाटा है और इस तरह सभी चीजों का निजीकरण कर दिया जाए। लगभग सारे विमानतल और बंदरगाह अडानी समूह के हवाले हो ही चुके हैं, जो थोड़ी बहुत सरकारी संपत्ति और प्रतिष्ठान बचे हैं, उन्हें भी अपने लोगों में बांटने का सिलसिला चल ही रहा है। अभी दिल्ली के चिड़ियाघर तक को अंबानी के हवाले करने की योजना बना ली गई है। पहाड़, खदानें, जंगल, तालाब, रेल, हवाई क्षेत्र, समुद्री इलाके सब व्यापारियों के हवाले कर दिया जाए तो फिर सरकार क्या केवल तस्वीर खिंचाने के लिए बनाई गई है, यह सवाल अब देशवासियों को उठाना होगा।

# देश के मिनी मुंबई इंदौर पर लव जिहादियों की बुरी नजर

**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**



**एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया का पूरे मामले को लेकर कहना है कि यह कार्रवाई वायरल वीडियो के आधार पर की गई, अभी दो पीड़िताएं इस प्रकरण में सामने आई हैं, इसलिए अलग-अलग दो एफआईआर दर्ज की गईं और साहिल-अल्ताफ दोनों को आरोपित बनाया गया है। उन्होंने कहा कि इन दोनों पीड़िताओं के बयानों के आधार पर धाराएं बढ़ाई गई हैं। इसमें पार्षद अनवर कादरी को भी आरोपी बनाया जा रहा है। सभी आरोपितों से सघन पूछताछ जारी है। वहीं, थाना प्रभारी सियाराम गुर्जर ने जानकारी दी कि आरोपी साहिल शेख और अल्ताफ खान ने सोशल मीडिया पर फर्जी हिंदू नामों से आईडी बना रखी थी, इन्हीं नामों से वे युवतियों को फंसाते थे। इसके लिए इन्होंने अपने नाम अर्जुन और राज रखे हुए थे।**

हिन्दू लड़कियों को योजना से फंसाकर उनके साथ लव जिहाद कर उन्हें कन्वर्जन करने के सबसे अधिक मामले मध्य प्रदेश के इंदौर से सामने आ रहे हैं। लग रहा है जैसे देश के मिनी मुंबई पर जिहादियों ने पूरी नजर गड़ा रखी है। मध्य प्रदेश की आक राजधानी इंदौर की स्थिति इस वक्त इतनी खराब हो गई है कि हर रोज यहां धर्मपरिवर्तन का खेल खेला जा रहा है, जहां बात प्यार से न बनें, वहां लालच दो और जहां रुपये या अन्य महंगी वस्तुओं से काम न चले, वहां डर दिखाकर कन्वर्जन कराओ लेकिन गैर मुसलमानों को ज्यादा से ज्यादा इस्लाम में लाना जैसे यहां इस्लामवादियों का सबसे बड़ा मकसद नजर आ रहा है। यहां तक कि इस्लाम से जुड़े जनप्रतिनिधि भी इस मामले में सक्रिय नजर आए हैं।

अब सामने आए प्रकरण में दो पीड़िताओं की शिकायत पर दो युवकों के खिलाफ रेप और धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम सहित विभिन्न धाराओं में एफआईआर की गई है। इंदौर की बाणगंगा पुलिस की तहकीकात में सामने आया है कि लव जिहाद की घटना को अंजाम देने के लिए फंडिंग की गई, जिसमें पुलिस ने कांग्रेस पार्षद को भी 120बी के तहत आरोपित बनाया है। जांच के दौरान सामने आए वीडियो में दोनों आरोपियों साहिल शेख और मोहम्मद अल्ताफ ने कांग्रेस पार्षद अनवर कादरी का नाम लिया, जिसने लड़कियों को प्रेमजाल में फंसाने और निकाह के लिए उन्हें मोटी रकम दी थी। उसने युवकों को एक लड़की को फंसाने के लिए एक लाख रुपये और निकाह कराने पर दो लाख रुपये देने की बात कही थी। साथ ही अधिकतम हिन्दू युवतियों को प्रेम जाल में फंसाकर बाद में वेश्यावृत्ति के धंधे में धकेलना भी सामने आया है।

पकड़े गए दोनों युवकों ने बताया कि पार्षद पहले फोटो देखकर आश्वस्त होता है कि लड़की हिन्दू है कि नहीं, फिर उसके बाद फंडिंग की जाती । प्रत्येक युवती को अपने जाल में फंसाने के लिए एक से दो लाख रुपये दिए जाते थे। गिरफ्तारी के बाद आरोपी ने बताया कि अनवर से सामाजिक कार्यक्रम के दौरान मुलाकात हुई थी। उसने दो लाख रुपये दिए थे। यह भी कहा कि इस काम को आगे बढ़ाओ। दूसरी ओर आरोपित साहिल खान को लेकर 18 वर्षीय पीड़िता ने अपनी आपबीती में बताया कि करीब पांच महीने पूर्व उससे हिन्दू नाम से इंस्टाग्राम पर दोस्ती की गई थी। 12 मई को वह बातचीत के लिए युवती को दोस्त के रूम पर ले गया, जहां पूरी तरह भरोसे में लेकर शादी का झांसा देते हुए शारीरिक संबंध बनाए, इसके बाद साहिल उसे 30 मई को स्कीम-54 में एक कैफे पर मिलने बुलाता है जहां कई बार मना करने एवं विरोध के बाद उसके साथ जबरदस्ती की गई। बाद में उसकी असली पहचान मुस्?लिम होना उजागर हुआ। उसने बताया कि वह मुसलमान है और अब तुम भी अपना धर्म बदल लो। उसने कहा कि तू जितना पैसा मांगेगी मैं दूंगा। फिर युवती को जबरदस्ती बुरका पहनाने की कोशिश की गई।

एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया का पूरे मामले को लेकर कहना है कि यह कार्रवाई वायरल वीडियो के आधार पर की गई, अभी दो पीड़िताएं इस प्रकरण में सामने आई हैं, इसलिए अलग-अलग दो एफआईआर दर्ज की गईं और साहिल-अल्ताफ दोनों को आरोपित बनाया गया है। उन्होंने कहा कि इन दोनों पीड़िताओं के बयानों के आधार पर धाराएं बढ़ाई गई हैं। इसमें पार्षद अनवर कादरी को भी आरोपी बनाया जा रहा है। सभी आरोपितों से सघन पूछताछ जारी है। वहीं, थाना प्रभारी सियाराम गुर्जर ने जानकारी दी कि आरोपी साहिल शेख और अल्ताफ खान ने सोशल मीडिया पर फर्जी हिंदू नामों से आईडी बना रखी थी, इन्हीं नामों से वे युवतियों को फंसाते थे। इसके लिए इन्?होंने अपने नाम अर्जुन और राज रखे हुए थे। शिकायत करने सामने आई दोनों युवतियों से भी ये हिन्दू नाम से बात करते और उन्हें लव जिहाद का शिकार बनाया गया। इनकी मोबाइल जांच में सामने आया है कि एक बार किसी युवती के इसके झांसे में आने के बाद वे इन लड़कियों पर शादी करने एवं धर्म परिवर्तन का दबाव बनाते।

उन्होंने बताया कि कांग्रेस पार्षद ऐसे युवकों को फंडिंग करते, यह भी सामने आया है। आरोपित अल्ताफ ने अनवर से एक लाख रुपये लेना स्वीकारा है। पुलिस आरोपियों के बैंक खातों की जांच कर रही है। कादरी के अलावा भी अन्य लोगों की जांच की जा रही है। देररात पुलिस ने उसके घर छापा मारा लेकिन वह फरार हो गया। दोनों आरोपित सोमवार तक पुलिस रिमांड पर रहे। पुलिस इस रैकेट से जुड़े अन्य लोगों की भी तलाश कर रही है। दरअसल, इंदौर में लगातार लव जिहाद के केस सामने आ रहे हैं। ड्रीम ओलंपिक शूटिंग एकेडमी के कोच मोहसिन खान पर अब तक सात एफआरआर दर्ज हो चुकी हैं। उसने खुद एवं अन्य मुस्लिम दोस्तों व परिवार सदस्यों के साथ मिलकर कई हिन्दू लड़कियों को लव जिहाद का शिकार बनाया और रेप किया।

बजरंग दल ने दावा किया है कि मोहसिन ने 150 से अधिक हिंदू युवतियों को अपने जाल में फंसाया। ऐसे ही पुलिस ने एक अन्य प्रकरण में फरहान और हन्नेन खान को पकड़ा तो इन दोनों ने कई चौंकाने वाले खुलासे किए। आरोपित हन्नेन खान ने हिंदू युवती को अपना नाम आयुष पटेल बताकर झांसे में लेना बताया। पुलिस ने हन्नेन के फोन की जांच की तो कई हिंदू युवतियों की चैटिंग मिली। इसी तरह, आरोपित फरहान ने भी युवती को हिंदू नाम बताकर झांसे में लिया था। जब युवती को उसके मुस्लिम होने की सच्चाई का पता चला तो विजय नगर थाने में मप्र धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम (लव जिहाद) की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराने पहुंची। इस प्रकरण में पीड़िता के अनुसार, फरहान के कृत्य में उसकी मां अफसाना भी शामिल है। इसी तरह के लव जिहाद के एक मामले में खजराना निवासी तोहिद रजा का खुलासा हुआ। मामले में पीड़िता ने पुलिस को बताया कि महिला मित्र की जन्मदिन की पार्टी पर तोहिद पुत्र तोफिक रजा से दोस्ती हुई थी। उसने पीड़िता से मोबाइल नंबर ले लिए और दोनों की बातचीत होने लगी। आरोपित ने युवती से कहा था कि उसका नाम राहुल है। उसने शादी का झांसा दिया और उसके साथ शारीरिक संबंध बना लिए। कुछ समय बाद पता चला कि आरोपित का असली नाम तोहिद है।

## विचार

# भविष्य बताने वाले, वर्तमान से बेखबर?

**प्रियंका सौरभ**



जब भी आपदा आती है भविष्य बांचने वाले ऑफलाइन मिलते हैं। कई तो यह तक दावा करते हैं कि उनका ऊपर वाले से सीधा संपर्क है। ऐसे देववाचक भी हर बड़ी आपदा, दुर्घटना या संकट के समय चुप क्यों हो जाते हैं? यह बड़ा सवाल इसलिए है कि क्या उनका दिव्य नेटवर्क केवल चढ़ावे और चमत्कार तक सीमित है? सवाल यह भी है कि इनका नेटवर्क अचानक उस समय क्यों डाउन हो जाता है जब कोई भयंकर आपदा, ट्रेन हादसा, प्लेन क्रैश, या भूकंप आता है? तकनीक प्रौद्योगिकी का जमाना है तो सवाल उठना लाजिमी है कि क्या इनकी ज्योतिषीय सेटिंग में कोई सर्वर एरर आ जाता है? या फिर अदृश्य शक्ति भी सावधानी का बोर्ड लगाकर छुट्टी पर चली जाती है? यह प्रश्न अब मजाक नहीं, बल्कि गंभीर सामाजिक विमर्श का विषय बन चुका है।

अब जब कोई गंभीर संकट आता है, तो सबसे पहले न्यूज चैनल, वैज्ञानिक एजेंसियां या रेस्क्यू टीमें सक्रिय होती हैं। मगर वह बाबा नजर नहीं आते जिनका दावा होता है कि वे भविष्य देख सकते हैं या ईश्वर से सीधी बातचीत कर सकते हैं। यह वही लोग हैं जो टीवी पर, मंचों पर और यूट्यूब लाइव में हजारों लोगों के सामने आंखें मूंदकर बड़े भावुक अंदाज में कहते हैं-बेटा, तेरा समय बदलने वाला है, तू अगले जन्म में साधु बनेगा, या तेरे कुल में बहुत बड़ा संत हुआ था। लेकिन जब देश के किसी कोने में कोई बच्चा बोरवेल में गिरता है, जब प्लेन क्रैश होता है, जब कोई महामारी फैलती है-तो ये भविष्यवक्ता नदारद होते हैं।

सवाल यह उठता है कि यदि इनके पास सचमुच कोई दिव्य दृष्टि है तो वो सार्वजनिक हित में क्यों नहीं लगाई जाती? क्या इनकी चेतना सिर्फ प्रेम विवाह के उपाय, दुश्मन को वश में करने की विधि या विदेश यात्रा कब होगी जैसे प्रश्नों तक ही सीमित है? क्या ईश्वर से सीधा संपर्क रखने वाले लोगों की जिम्मेदारी नहीं बनती कि वे देश, समाज और मानवता के हित में समय रहते चेतावनी दें?हाल ही में एक वायरल टिप्पणी ने सोशल मीडिया पर खूब सुर्खियां बटोरी- ÷इतने बड़े-बड़े भविष्य वक्ता, ऊपर वाले से सीधा संपक...'फिर भी किसी बड़े हादसे की खबर तक नहीं मिलती!÷ यह वाक्य जितना सरल है, उतना ही तीव्र और तर्कपूर्ण भी है। क्योंकि यह धार्मिक चमत्कारों की उस औद्योगिक प्रणाली पर सवाल खड़ा करता है जो लोगों की भावनाओं को भुनाकर अरबों का कारोबार करती है। आजकल हर गली-मोहल्ले में कोई न कोई ब्रांड है। किसी की टैगलाइन है भाग्य बदलिए, तो कोई कहता है समस्या का समाधान सिर्फ 7 दिन में। कुछ तो ऐसे हैं जो स्वयं को ईश्वर का अवतार घोषित कर चुके हैं। लेकिन जब देश में कोई आपदा आती है, तो ये सब अवतार अंडरग्राउंड हो जाते हैं। इनके आश्रमों में सन्नाटा छा जाता है और प्रवचन मंचों पर प्रेस नोट चस्पा कर दिया जाता है-बाबा जी ध्यान साधना में हैं, कृपया किसी अन्य समय संपर्क करें। विचार कीजिए, यदि ये लोग सचमुच संकट पूर्वानुमानित कर सकते हैं, तो क्यों नहीं एनडीआरएफ या प्रधानमंत्री कार्यालय को पहले से सूचित कर देते? क्यों नहीं आपदा प्रबंधन में इनका कोई उल्लेख होता है? कारण स्पष्ट है-इनकी भविष्यवाणी एक मार्केटिंग उत्पाद है, एक प्रकार की भावनात्मक ज्योतिषीय फैंटेसी, जिसे धार्मिक आस्था की चादर में लपेटकर बेचा जा रहा है। दुख की बात यह है कि यह लोग आमजन की पीड़ा और अज्ञान का लाभ उठाकर एक ऐसा मायाजाल बुनते हैं जिसमें न तर्क है, न पारदर्शिता।

**सवाल यह उठता है कि यदि इनके पास सचमुच कोई दिव्य दृष्टि है तो वो सार्वजनिक हित में क्यों नहीं लगाई जाती? क्या इनकी चेतना सिर्फ प्रेम विवाह के उपाय, दुश्मन को वश में करने की विधि या विदेश यात्रा कब होगी जैसे प्रश्नों तक ही सीमित है? क्या ईश्वर से सीधा संपर्क रखने वाले लोगों की जिम्मेदारी नहीं बनती कि वे देश, समाज और मानवता के हित में समय रहते चेतावनी दें?हाल ही में एक वायरल टिप्पणी ने सोशल मीडिया पर खूब सुर्खियां बटोरी- ¸इतने बड़े-बड़े भविष्य वक्ता, ऊपर वाले से सीधा संपक...'फिर भी किसी बड़े हादसे की खबर तक नहीं मिलती!¸ यह वाक्य जितना सरल है, उतना ही तीव्र और तर्कपूर्ण भी है। क्योंकि यह धार्मिक चमत्कारों की उस औद्योगिक प्रणाली पर सवाल खड़ा करता है जो लोगों की भावनाओं को भुनाकर अरबों का कारोबार करती है।**

इनकी भविष्यवाणी जेनरिक होती है-अगले 6 महीने बहुत चुनौतीपूर्ण होंगे, देश में बड़ी घटना होने वाली है, भूकंप या महामारी की संभावना है। अब जरा सोचिए, ये तो किसी भी समय पर लागू किया जा सकता है। यह वाटरप्रूफ भविष्यवाणी होती है-गलत हुई तो कहा जाएगा तुम्हारी श्रद्धा कम थी, सही हुई तो देखा, बाबा ने पहले ही बताया था! बाजार ने भी इनकी दुकानदारी को बढ़ावा दिया है। टीवी चैनलों से लेकर सोशल मीडिया तक, हर जगह इनका बोलबाला है। इनके प्रवचन में भक्ति कम, ब्रांडिंग अधिक होती है। कोई यू-ट्यूब पर लाइव भविष्यवाणी करता है। कोई इंस्टाग्राम पर ध्यान सत्र लेता है। इनके पास एचडी कैमरे, माइक सेटअप, वीडियो एडिटर तो हैं पर जब देश को दिव्य चेतावनी चाहिए होती है, तब इनका नेटवर्क फेल हो जाता है। यह विडंबना नहीं, त्रासदी है कि भारत जैसे देश में जहां विज्ञान, तकनीक और आपदा प्रबंधन की व्यापक ज़रूरत है, वहां संकट की घड़ी में लोग अब भी किसी ऐसे चमत्कारी की फेसबुक लाइव पर आश्वासन खोजते हैं। यह एक गहरी सामाजिक असुरक्षा और वैज्ञानिक सोच की कमी का परिचायक है। यहीं पर जिम्मेदारी बनती है सरकारों, शिक्षकों और सामाजिक संस्थानों की। धर्म आस्था का विषय है, लेकिन जब वह वैज्ञानिक विवेक, सामाजिक उत्तरदायित्व और मानवता से दूर जाकर एक कॉरपोरेट माया बन जाए, तो उसके खिलाफ खड़ा होना जरूरी है। यह कोई धर्म-विरोध नहीं, बल्कि अंधविश्वास-विरोध है।

# इजराइल दुनिया को एक बड़े युद्ध में झोंकने की तैयारी में!

**शकील अख्तर**

विज्ञान और तकनीक में प्रगति इंसान की बेहतरी के लिए। मगर आज लग रहा है कि वह विनाश के लिए है। पूरी मानवता के विनाश के लिए। कुछ देशों ने उसका ऐसा ही विकास किया है। एक समय था जब स्कूल में फ्रि कालेज में भी वाद-विवाद में यह विषय जरूर होता था कि विज्ञान वरदान या अभिशाप! वह समय नेहरू के साइंटिफिक टेंपर (वैज्ञानिक मिजाज) के बाद का था और देश में ही नहीं विदेशों में भी विज्ञान इंसान की जिन्दगी को आसान और खुशहाल बना रहा था।

द्वितीय विश्व युद्ध के बाद दुनिया शांति की तलाश में थी और विज्ञान के जरिए उस शांति में सुख समृद्धि लाना चाहती थी। उसी दौर में हिटलर के अत्याचारों से एक पूरी कौम के नष्ट हो जाने की आशंका को देखते हुए दुनिया ने यहूदियों को जर्मनी से निकालकर अरब देशों के बीच एक सुरक्षित ठिकाना दिया। इजराइल नाम का एक नया देश बना। लेकिन जो पीड़ित था वह बाद में खुद दूसरों के लिए इतनी बड़ी समस्या बन जाएगा कि एक और बड़े युद्ध की आशंका दुनिया को डराने लगेगी यह किसी ने नहीं सोचा था। पहले गजा में नरसंहार। दो साल होने जा रहे हैं। करीब 60 हजार फ्लिीस्तिनियों को इजराइल ने मारा। जिनमें बड़ी तादाद में बच्चे शामिल हैं। यूनिसेफजो संयुक्त राष्ट्र की एक एजेंसी है बच्चों के लिए काम करने वाली, उसके आंकड़ों के मुताबिक जख्मी और मारे गए बच्चों की तादाद 50 हजार के करीब है। इजराइल ने गजा पहुंचने वाली सारी रसद दूध, दवाइयां बंद कर रखी है जिसकी वजह से मौत की संख्या रोज बढ़ रही है। एक छोटा सा देश इजराइल जो चारों तरफ से अरब देशों से घिरा हुआ है किस तरह इतना अत्याचार कर पा रहा है। एक अमेरिका के समर्थन तो है मगर जिस तरह उसने नए-नए हथियार बना लिए हैं, सुरक्षा सिस्टम जिसे आयरन डोम कहा जाता है उससे वह खुद को अजेय और पूरी तरह सुरक्षित समझ रहा है। इसी भ्रम में उसने ईरान पर हमला बोल दिया। लेकिन ईरान के जवाबी हमले ने उसके आयरन डोम से सुरक्षा की खुशफहमी को तोड़ दिया। मीडिया सारा पश्चिमी है। वह मुख्यतरू इजराइल का साथ दे रहा है। इजराइल के हमले से ईरान को कितना नुकसान हुआ यह तो बढ़ा चढ़ाकर बता रहा है। मगर ईरान ने उसका कितना नुकसान किया इस पर कहता है कि ईरान के दावे हैं मगर इजराइल खंडन करता है। यह मीडिया रुस-युक्रेन युद्ध में युक्रेन को उकसा रहा था। भारत से भी सारे न्यूज चौनलों को युक्रेन ले जाया गया था। यह पश्चिमी मीडिया अमेरिका के हितों को देखकर काम करता है। हमारे यहां भी लोग इसके प्रभाव में आ जाते हैं। मगर भारत-पाक के बीच अभी हुए सीमित युद्ध में हम लोगों को इस पश्चिमी मीडिया ने झटका दिया। चूंकि अमेरिका पाकिस्तान के साथ खड़ा था तो उसका मीडिया भी पाकिस्तान के पक्ष में प्रचार कर रहा था। हमें अपनी विदेश नीति देश हित के अनुरूप रखना चाहिए। मगर मोदी जी द्वारा इसे अपनी व्यक्तिगत छवि बनाने के लिए उपयोग करने से दुनिया में हम अकेले पड़ गए। सच को सच कहने के साहस की वजह से विश्व में हमारा सम्मान था। मगर अब हम बचने लगे। अभी संयुक्त राष्ट्र महासभा में गजा में संघर्ष विराम के लिए हुई वोटिंग से हम दूर हट गए। मतलब हमने संघर्ष विराम के पक्ष में वोटिंग नहीं की। संदेश गया कि भारत शांति नहीं चाहता। 193 सदस्यीय महासभा में युद्ध विराम के पक्ष में 149 वोट पड़े। विरोध में केवल 12 और 19 देश जिनमें भारत भी था ढुलमुल। भारत ऐसा कभी नहीं था। वह तो इनमें से 120 देशों का नेतृत्व करता था। गुटनिरपेक्ष आंदोलन। नेहरू इसके नेता थे। मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस ने बहुत तगड़ा हमला किया। पूछा कि क्या आज युद्ध और नरसंहार के खिलाफ भी खड़े होने की मोदी सरकार में हिम्मत नहीं है? कांग्रेस ने कहा यह शर्मनाक है। भारत हमेशा शांति न्याय और मानवीय गरिमा के पक्ष में खड़ा रहा है। मोदीजी भूल रहे हैं कि पिछले दिनों बिहार चुनाव के समय उन्होंने जिन दिनकर को याद किया था। उन्होंने लिखा था कि जो तटस्थ हैं समय लिखेगा उनके भी अपराध! और उनके ही गुजरात सूरत के शायर वसीम मलिक ने इसे और आगे बढ़ाते हुए कहा है कि- -इसलिए जिन्दा हूं कि मैं बोल रहा हूं दुनिया किसी गूंगे की कहानी नहीं लिखती! खैर मोदी जी को कौन समझा सकता है।




**मेषः-** कोई छोटी बात भी परिवार में तनाव का कारण बन सकती है। महत्वपूर्ण प्रयत्न की सार्थकता हेतु नये उत्साह का संचार होगा। सामाजिक गतिविधियों में क्रियाशीलता बढ़ेगी।

**वृषभः-** हर घटना से आपको सीख लेने की जरूरत है। नये क्षेत्र में निवेश से पूर्व जानकार लोगों से विचार-विमर्श करें। भविष्य के प्रति निराशाजनक विचारों को मन पर हावी न होने दें।

**मिथुनः-** निकट संबंधों में मधुर संवाद से अपनी सुंदर छबि बनायें। कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओं की पूर्ति होने के आसार हैं। सामान्य दिनर्चया के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा।

**कर्कः-** भविष्य संबंधी कुछ चिंताएं उत्पन्न होंगी। किसी कार्य को छोटा-बड़ा समझने के बजाए अपने कर्त्तव्यों का सही ढंग से निर्वहन करें। वर्तमान कार्य से मन असंतुष्ट रहेगा।

**सिंहः-** पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति हेतु चिंता उत्पन्न होगी। अपने स्वास्य के प्रति लापरवाही न बरतें एवं जीवन साथी के स्वास्य के प्रति भी ध्यान दें।

**कन्याः-** परिवार की छोटी-छोटी बातों बाहरी लोगों से न कहें। भावना से उद्वेलित मन संबंधियों के सुख-दुख के प्रति चिंतित होगा।

**तुलाः-** समय के साथ समझौता करके चलने का प्रयास करें। कार्यक्षेत्र को ही अपनी पूजा समझें और स्वयं को उसी ओर केंद्रित करें। पत्नी के साथ मधुर वणी का प्रयोग करें। रोजगार में लाभकारी स्थिति रहेगी।

**वृश्चिकः-** स्वयं को सही दिशा और लक्ष्य की ओर केंद्रित करें तभी जीवन में सही प्रगति कर सकते हैं। किसी पुराने संबंध के प्रति विशेष निकटता की अनुभूति करेंगे।

**धनुः-** किसी भी प्रयास में आर्थिक अभाव अवरोधक होगा। साहस व बुद्धित्ता से पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर सुख की अनुभूति करेंगे। विषम स्थितियों के मध्य परिश्रम व लगन से प्रगति की ओर अग्रसर होंगे।

**मकरः-** बुद्धिमत्ता व परिश्रम का मिले-जुले संयोग का भरपूर लाभ उठाएंगे। आर्थिक क्षेत्र में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

**कुंभः-** शासन-सत्ता में व्यस्तता बढ़ेगी। मन आर्थिक सुदृढ़ता हेतु चिंतित होगा। सामाजिक सक्रियता से मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी। राजनीति को ग्रहों की अनुकूलता का लाभ मिलेगा।

**मीनः-** महत्वाकांक्षी अभिलाषाएं मन में असन्तुिष्ट पैदा करेंगी। तामसिक विचारों को मन से दूर ही रखें। विपरीतलिंगी संबंधों के प्रति आकर्षण बढ़ेगा।

# स्टार्टअप्स के लिए जरूरी है, समझ की तब्दीली

**अरविंद सरदाना**

**यदि टेक्नालॉजी में शोध की नींव कमजोर है तो स्टार्टअप हवा से प्रकट नहीं होंगे। शोध में निवेश करना सरकार का काम है। कई दशकों से चीन इस दिशा में बड़ी मात्र में निवेश कर रहा है। वर्तमान उदाहरण ही लें तो इस समय चीन का रिसर्च और डेवलपमेंट का बजट 715 अरब डॉलर है जो भारत से दस गुना अधिक और कई सुनियोजित प्लानिंग के साथ किया गया है। हमारे एक विज्ञान के साथी ने एक घटना सुनाई जो इस बात को दर्शाती है। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि विज्ञान एवं टेक्नालॉजी में शोध करने वाले कई असफ्लताओं से गुजरकर ज्ञान के भंडार को पुख्ता करते हैं।**

हाल ही में केन्द्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने एक मीटिंग में भारत के स्टार्टअप्स को फ्टकार लगाते हुए कहा कि भारत के स्टार्टअप दुकानदारी-नुमा नवाचार कर रहे हैं। मेहनती हैं, किन्तु केवल बाजार व्यवस्था में खरीदने-बेचने के नए तरीके के ही प्रयोग कर रहे हैं। इसकी तुलना में चीन में अधिकांश स्टार्टअप तकनीकी क्षेत्र में प्रयोग करते हुए प्रगति की राह पर चल रहे हैं।

मंत्री जी का यह कथन सही है, लेकिन क्या इसमें स्टार्टअप का दोष है या सरकारी नीतियों की कमी और उनकी दूरदृष्टि का अभाव? भारत में किसी भी स्टार्टअप के मूल में दो बातें देखी जाती हैं दृ एक, नवाचार और दूसरी, बाजार में सफ्लता! नवाचार की दृष्टि से यह परखा जाता है कि उस विचार में कितना दम है, क्या यह प्रयोग करने योग्य है? साथ-ही-साथ यह प्रश्न भी पूछा जाता है कि क्या यह बाजार में चल पायेगा? हम यह भूल रहे हैं कि बाजार का आकलन बहुत दूरदृष्टि का नहीं हो सकता। एक विचार जो पुख्ता है, लेकिन उसके बाजार में टिकने की सम्भावना नहीं है, ऐसे स्टार्टअप को वित्तीय मदद कौन करेगा? टेक्नालॉजी में अधिकांश नए विचार शोध के क्षेत्र में होते हैं जो विश्वविद्यालयों या विशेष शोध-संस्थानों में किए जाते हैं। इनमें से कई विचारों को बाजार में उतरने में कई बरस या दशक लग जाते हैं तब जाकर स्टार्टअप की कल्पना की जा सकती है। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि विज्ञान एवं टेक्नालॉजी में शोध करने वाले कई असफ्लताओं से गुजरकर ज्ञान के भंडार को पुख्ता करते हैं।

यदि टेक्नालॉजी में शोध की नींव कमजोर है तो स्टार्टअप हवा से प्रकट नहीं होंगे। शोध में निवेश करना सरकार का काम है। कई दशकों से चीन इस दिशा में बड़ी मात्र में निवेश कर रहा है। वर्तमान उदाहरण ही लें तो इस समय चीन का रिसर्च और डेवलपमेंट का बजट 715 अरब डॉलर है जो भारत से दस गुना अधिक और कई सुनियोजित प्लानिंग के साथ किया गया है। हमारे एक विज्ञान के साथी ने एक घटना सुनाई जो इस बात को दर्शाती है। दो दशक पहले जब वे जर्मनी के एक लैब में अपना पोस्ट-डॉक्टरेट काम कर रहे थे तो उनके जैसे कई स्टूडेंट चीन से थे, पर खास बात यह थी कि चीन के छात्रों के साथ उनकी मदद करने वाले एक सीनियर वैज्ञानिक भी थे जो इस बात का भी आकलन कर रहे थे कि हम यह लैब चीन में कैसे बना सकते हैं। उन्होंने चीन सरकार को इसकी रिपोर्ट पेश की और एक दशक बाद चीन की यूनिवर्सिटी से उस प्रकार के उच्चतम स्तर के शोधपत्र निकल रहे थे जो इस बात को सिद्ध करता था कि उनके देश में उस प्रकार के लैब बन गए थे।

इसे एक अन्य उदाहरण से भी समझा जा सकता है। चीन के बाद भारत मोबाइल फोन का सब से बड़ा निर्यातक है, पर दोनों में खास अंतर है। चीन में जब मोबाइल फोन बनता है तो उसका लगभग 90 फीसदी तकनीकी हिस्सा चीन में ही बनाया जाता है। भारत में बनने वाले मोबाइल फोनों के 75 फीसदी तकनीकी पाट्र्स बाहर से आयात किए जाते हैं। इस प्रकार के तकनीकी उद्योग जो मोबाइल फोन के अलग-अलग खास पाट्र्स बना पाएं, उनको भारत सरकार एक इको-सिस्टम में नहीं ढाल पाई। तकनीकी उद्योग की नींव में जो शोध होना चाहिए वह भी नहीं बन पाया है। इसका एक कारण है कि हमने इंफ्रास्ट्रक्चर को केवल सड़क, पानी और बिजली तक सीमित रखा है। ये सब उपलब्ध हों तो निजी उद्यमी अपने आप उद्योग का निर्माण करेंगे, किन्तु आज के समय के लिए यह समझ अधूरी है। इंफ्रास्ट्रक्चर का अहम हिस्सा है तकनीकी ज्ञान भंडार और उसमें कुशल मानव संसाधन। यदि यह देश में उपलब्ध नहीं है तो सरकार का काम है उसे उपलब्ध करवाए। इसमें सरकार की कई भूमिकाएं हैं - खुद कारखानों में निवेश करना व चलाना, शोध के लिए विशेष कदम उठाना और उन विदेशी कम्पनियों को लाना जिनके पास यह टेक्नालॉजी है।

इन कदमों के बिना इस प्रकार के उद्योग नहीं लग सकते। तकनीकी ज्ञान आपको आसानी से कोई नहीं देगा।हम मेक इन इंडिया करना चाहते हैं। नारा सही है, पर उसकी कारगर नीति नजर नहीं आती। उद्योग के लिए जरूरी है नए कारखाने लगें और एक तरह का जाल या आपसी सम्बन्ध बने जहां एक का सामान दूसरा उपयोग करता हो। देश के लिए औद्योगीकरण में गहराई तभी बनती है, जब किसी भी सामान को बनाने के अधिकांश पाट्र्स हम देश में बना सकते हैं। यहां विस्तृत योजना की जरूरत है। कुछ क्षेत्रों में सरकार को खुद निवेश करना होगा।वर्तमान समय के अध्ययन बताते हैं कि हम कारखानों के लिए जरूरी सामान का बड़ा हिस्सा आयात कर रहे हैं। अधिकांश चीन पर निर्भर हैं। प्राइवेट सेक्टर को जब तक सस्ता आयात करने का अवसर रहेगा तब तक वह इस दिशा में निवेश नहीं करेगा।

उसकी सोच दुकानदारी की होती है, दूरगामी नहीं। उदाहरण के लिए हम दवा उद्योग के क्षेत्र में अव्वल हैं, परन्तु इसका बहुत सारा जरूरी सामान चीन से आयात होता है। यदि यही सामान देश में बनाना है तो सरकार को खुद निवेश करना होगा और उसका तकनीकी ज्ञान हासिल करना होगा। हम इस नारे में फ्ंस गए हैं कि सरकार को कारखाने नहीं लगाने चाहिए। नतीजे में जरूरी बुनियादी उद्योग की अवधारणा को भूलकर नेहरूवादी आद्योगिकीकरण को नकारा बताने की निरर्थक बहस में मशगूल हो गए हैं। इन सभी कारणों को मिलाकर देखें तो दुकानदारी-नुमा स्टार्टअप का बनना हमारे वातावरण की उपज है।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
मुख्य कार्यालय ( *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। मो. नं. 7985738649, आरएनआई न . UPHIN/2013/55887
**संपादकीय कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 9451244788, 9554964672**

# नोडल अधिकारी ने की विकास कार्यों की समीक्षा बैठक

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**

राज्य मंत्री नगर विकास, शहरी समग्र विकास नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन विभाग उत्तर प्रदेश राकेश कुमार राठौर गुरु द्वारा माह जनपद महोबा में किए गए भ्रमण कार्यक्रम के दौरान दिए गए निर्देशों की प्रगति समीक्षा एवं मुख्यमंत्री डैश बोर्ड के सम्बन्ध में बैठक जनपद के नोडल अधिकारी/सचिव वित्त विभाग उत्तर प्रदेश शासन शाहिद मंजर अब्बास रिजवी की अध्यक्षता एवं अपर जिलाधिकारी वित्त/राजस्व राम प्रकाश और मुख्य विकास अधिकारी की उपस्थिति में विकास भवन सभागार में आयोजित हुई।

बैठक में नोडल अधिकारी ने सर्वप्रथम गौ संरक्षण, गौशाला, चारागाहों को राजस्व विभाग द्वारा अवैध कब्जे से मुक्त कराने तथा प्लांटेशन और नैपकिन ग्रास लगाने एवं गोवंशों का टीकाकरण का कार्य किए जाने के निर्देश दिए। इसी क्रम में लोक निर्माण विभाग को निर्देश देते हुए कहा कि जल्द से जल्द नए रोडो का कार्य पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया। ग्रामीण जलापूर्ति की समीक्षा में पाया कि हर घर नल योजना के तहत पाइप लाइन बिछाई गई है, इससे छतिग्रस्त सीसी रोड में रोड का मरम्मत कार्य पूर्ण कर लिया गया है शेष गांव में कार्य प्रगति पर है। इसी क्रम में कृषि अधिकारी को कृषक गोष्ठी कराने और मोटे अनाज के उत्पादन और उनसे होने वाले लाभ के बारे में किसानों को बतानें तथा उन्हें जागरूक करने एवं योजनाओं का




प्रचार प्रसार करानें हेतु निर्देशित किया। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि रोड पर घूम रहे अन्ना जानवरों को गौशाला में पहुंचाया जाए तथा गौशाला में चारा आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। मंडी सचिव को जल्द से जल्द सूपा मंडी शुरू करानें के निर्देश दिए।उद्यान विभाग अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि पोली हाउस के फायदे किसानों को बताये जाए तथा योजनाओं का प्रसार प्रसार कराकर किसानों को लाभ दिया जाए और किसानों को बागबानी के लिए जागरूक किया जाए। कृषि अधिकारी को निर्देशित किया कि खरीफ व रवि फसलों का ज्यादा से ज्यादा प्रचार - प्रसार किया जाए तथा गोष्ठी के माध्यम से किसानों को कृषि के फायदे बताए जाएं। तथा खाद समय पर किसानों को उपलब्ध कराई जाए दुग्ध विकास अधिकारी को दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के लिए समितियों को अमूल दूध कंपनियों से जोड़ा जाए, जिससे दुग्ध समितियां की आय को बढ़ाया जा सके। मत्स्य विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि पट्टा धारकों को ज्यादा से ज्यादा लाभ दिया जाए। जल निगम नगरीय के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शहर में समय से पानी की सप्लाई की जाए तथा शहर वासियों को शुद्ध पानी समय पर दिया जाए।मुख्यमंत्री डेस बोर्ड की समीक्षा में उन्होंने सभी सम्बंधित आधिकारिओं को निर्देश दिए कि चल रहे निर्माण कार्यों को ससमय पूर्ण किया जाये तथा C,D,E, रैंकिंग वाले विभाग अपनी रैंकिंग में सुधार करें।

उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया की आयुष्मान कार्ड बनाने के कार्य में तेजी लाएं और लक्ष्य को जल्द पूर्ण करें।

बैठक में अपर जिलाधिकारी रामप्रकाश, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे मोईनुल इस्लाम, मुख्य विकास अधिकारी हरेन्द्र कुमार सिंह, डी.डी.ओ. पंकज यादव सहित जनपद स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## निषाद पार्टी की शिकायत को अधिकारियों ने झुठलाया

**जांच के नाम पर टीम ने ओवर लोडिंग के खिलाफ चला दिया अभियान**

**हमीरपुर।** अवैध मौरंग खनन की निषाद पार्टी की ओर से की गई शिकायत जांच में खनिज विभाग ने झुठला दी। अधिकारियों ने आरोपों को निराधार बता दिया। साथ ही ओवर लोडिंग की जांच कर सात वाहनों का ऑनलाइन चालान कर तीन लाख जुर्माना वसूल कर अपनी पीठ थपथपा ली है। सोशल मीडिया में ग्राम इछौरा जिटकरी के खंड संख्या-25/2 में अवैध खनन की शिकायत निषाद पार्टी के जिलाध्यक्ष मूलचंद्र निषाद ने जिलाधिकारी घनश्याम मीणा से की थी। इस पर खनिज एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने जांच की। टीम ने मौके पर पहुंच कर तहसील सरीला के ग्राम इछौरा जिटकरी के खण्ड संख्या-25/2 जांच की। जांच के समय सभी सीमा स्तम्भ लगे पाये गये। खनन क्षेत्र में पीटी जेड कैमरा चालू हालत में मिला। खनन क्षेत्र में वे.-सीसीटीवी कैमरे लगे पाए गए। ग्राम इछौरा जिटकरी के खंड संख्या-25/2 के पट्टाधारकों द्वारा खनन कार्य अपने स्वीकृत क्षेत्र के अंदर करते पाया गया तथा अधिकारियों को नदी की जलधारा में कोई खनन कार्य नहीं मिला। इसके साथ ही साथ अवैध खनन परिवहन पर निगरानी कर कार्यवाही निरंतर की जा रही है। इसके अलावा टीम ने 15 से 17 जून के बीच में ओवर लोडिंग की जांच की जिसमें सात ओवरलोड ट्रकों का ऑनलाइन चालान कर 3.18 लाख का जुर्माना वसूल करने का दावा किया है।

## खबरें एक नजर में

### ट्रक मालिक ने चालक को पीट कर अधमरा किया, शिकायत

**मौदहा(हमीरपुर)।** ट्रक चालक से रुपये गिरने की बात सुनकर ट्रक मालिक ने चालक को मारपीट कर अधमरा कर दिया है। बिवांर थाना क्षेत्र के सायर निवासी सुरेश कुमार ने मौदहा कोतवाली में दिए प्रार्थना पत्र में कहा कि मै मुजीब अली पुत्र मोहम्मद अली पता अज्ञात के यहाँ ट्रक की ड्राइवरी करता था शनिवार को मै ट्रक लेकर भाड़े में कानपुर गया था जहां पर मुझे 53 हजार रूपये भाड़ा मिला मै रूपये और ट्रक लेकर कानपुर से चला तो कानपुर में ही ट्रक खराब हो गया जहां मैने ट्रक बनवाया जिसमें वहीं पर मेरे 53 हजार रूपये गिर गए या किसी ने निकाल लिए मै समझ नहीं पाया जब ट्रक लेकर मौदहा आया तो ट्रक मालिक मुजीब अली से रूपये खोने की बताई तो वह आग बबूला हो गया और मुझे गाली गलौज करने लगा मना करने पर मुझे लाठी से पीटते हुए अधमरा कर दिया जब मै वही बेहोस हो गया तो छोड़ कर चले गए कोतवाली इंचार्ज चंद्रशेखर ने बताया ड्राइवर की मारपीट की तहरीर मिलीं है जिस पर एससीएसटी का मुकदमा लिखा गया है जांच कर कार्यवाही की जाएगी

### पुलिस ने वांछित बदमाश को गिरफ्तार कर जेल भेजा

**राठ(हमीरपुर)।** सर्राफा व्यापारी के घर में घुसे नकाबपोश बदमाश को पुलिस ने दूसरे बदमाश को भी जेवरात सहित गिरफ्तार किया है। पहले पुलिस ने एक बदमाश को मुठभेड़ में गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। कोतवाल राम आसरे सरोज ने बताया कि सात जून को मियांपुरा मोहल्ला निवासी प्रमोद सर्राफ के घर में घुसकर दो नकाबपोश दस लाख रुपए के जेवरात लेकर भाग गए थे। एक बदमाश छत के रास्ते से भागा तो दूसरा बदमाश मैन गेट के रास्ते से भागा था। जो सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गए थे। सर्राफा व्यापारी ने चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। एसपी डॉ दीक्षा ने घटना का खुलासा करने के लिए तीन टीमें गठित की थी। बताया कि फरार चल रहे 25 हजार रुपए के इनामिया वांछित सचिन उर्फ शनी बसोर पुत्र गब्बर उर्फ मन्नू निवासी ग्राम बिजरारी थाना पनवाड़ी जनपद महोबा को बस स्टैण्ड से नहर बाई पास मल्हौवा रोड से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपित के पास से सोने की चार चूड़ी बरामद हुई है। आरोपित के ऊपर राठ सहित कुलपहाड़ थाने में मामले दर्ज हैं। पहले पुलिस ने मुस्करा थाने के बंधौली गांव निवासी राजेंद्र को पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। आरोपित के पास से एक तमंचा, कारतूस और लूट का मंगलसूत्र बरामद किया गया था।

### मारपीट कर घायल करने का आरोप

**राठ(हमीरपुर)।** घरेलू विवाद के चलते दंपति ने पुत्र व बहू पर मारपीट कर घायल करने का आरोप लगाया है। पीड़ित दंपती ने मझगवां थाने में तहरीर देकर कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। मझगवां थाने के खिरिया गांव निवासी 50 वर्षीय रतीरानी ने बताया कि सोमवार की शाम पुत्र से घरेलू झगड़ा हो गया था। मंगलवार की सुबह साढ़े आठ बजे पुत्र व दोनों बहुओं ने उसे व उसके पति को लाठियों से जमकर मारा–पीटा। मारपीट से उसे व उसके पति को शनिवार में चोटें आईं हैं। एंबुलेंस कर्मियों ने घायलों को इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया है। पीड़ित ने पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है।

### गड्ढा बना जान का दुश्मन, रोजाना गिरकर घायल हो रहे लोग

**राठ(हमीरपुर)।** उरई मार्ग पर बड़े.बड़े गड्ढे होने पर आए दिन लोग गिर कर घायल हो रहे हैं। मंगलवार को सवारियों से भरा ई रिक्शा पलट गया। जिससे रिक्शे में बैठी युवती घायल हो गई है। जरिया थाने के अमूंद गांव निवासी सविता ने बताया कि वह ई रिक्शा से राठ आ रही थी। तभी राठ से पहले उरई मार्ग पर पानी भरे बड़े गड्ढे से निकलने में ई रिक्शा पलट गया है। जिससे उसका पैर दब गया। आनन–फानन में मौजूद लोग मौके पर आये और सविता को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जहां पैर फैक्चर निकला। वहीं कस्बे के चरखारी रोड सिकंदरपुरा मोहल्ला निवासी 26 वर्षीय इम्तियाज पुत्र अहमद ने बताया कि वह ई रिक्शा लेकर आ रहा था। तभी पोस्टमार्टम हाउस के पास तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने रिक्शा में टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को इलाज के लिए सीएचसी ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने मेडिकल कालेज उरई रेफर कर दिया है।

### 18 घंटे बिजली गुल रहने से हाहाकार, केविल हो गयी थी ब्लास्ट

**राठ(हमीरपुर)।** गायत्रीनगर पठानपुरा मोहल्ले में ट्रांसफार्मर की केविल ब्लास्ट होने पर 18 घंटे बिजली गुल रही। जिससे इस भीषण गर्मी में मोहल्लेवासी बिलबिला उठे। मंगलवार की शाम तक विद्युत कर्मचारी केविल ठीक करने में जुटे रहे। सोमवार की रात करीब 11 बजे गायत्री नगर पठानपुरा मोहल्ले में मुख्य मार्ग पर रखे ट्रांसफार्मर की केविल तेज धमाके के साथ ब्लास्ट हो गई। बिजली चली जाने से भीषण गर्मी में मोहल्लेवासी बिलबिला उठे। रात में ही बिजली विभाग को सूचित किया गया था। लेकिन अधिकारियों की नाकामी से मोहल्लेवासी रात भर घर की छतों और गलियों में टहलते नजर आए। मोहल्ले के संतोष, आशा, मुकेश, कमलेश आदि ने बताया कि भीषण गर्मी में सुबह 10 बजे कर्मचारी मौके पर पहुंचे और शाम 5 बजे तक केविल दुरुस्त करने में जुटे रहे। विभाग द्वारा बिजली का कोई रोस्टर नहीं है। मनमानी तरीके से कटौती की जा रही है। रात में कई कई घंटे बिजली न होने से लोग परेशान रहते हैं।

### सालों ने मारपीटा रुपये छीने, पुलिस से शिकायत

**राठ(हमीरपुर)।** ससुराल शादी में शामिल होने गए युवक ने सालों पर हाथ पैर बांध कर मारपीट कर रुपए छीनने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने उच्चाधिकारियों को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। कस्बे के जलालपुर रोड पठानपुरा मोहल्ला निवासी आशाराम पुत्र धनीराम ने बताया कि 13 जून को वह अपनी पत्नी प्रतिमा के साथ ससुराल शादी समारोह में शामिल होने गया था। जैसे ही अपनी ससुराल पहुंचा तो वहां मौजूद साला कहने लगा कि तुम यहां क्यों आये तो तुम्हे किसने बुलाया है। बताया कि अपनी पत्नी को वहीं छोड़ कर वापस अपने घर आने के लिए निकल आया। 10 मिनट बाद उसकी पत्नी का फोन आया कि तुम वापस आ जाओं मैं भी साथ चलूंगी। वह वापस उनके घर पहुंचा तो वहां मौजूद तीनों साले गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर जमकर मारापीटा। आरोप लगाया कि ससुरालियों ने उसके हाथ पैर बांध कर डाल दिया और उसके पांच हजार रुपए छीन लिए। जब उसे दो घंटे बाद होश आया तो वह मौका पाकर भाग निकला। घर आकर उसने स्वजनों को घटना की जानकारी दी। पीड़ित ने आनलाइन उच्चाधिकारियों को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई करने की गुहार लगाई है।

### सड़क दुर्घटनाओं में चार घायल, तीन गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर

**मौदहा हमीरपुर।** हुई सड़क दुर्घटनाओं में चार लोग घायल हो गए तीन की हालत गंभीर हो ने पर प्राथमिक उपचार डाक्टरों ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार महोबा जिला के गांव गयुड़ी निवासी बाद वीरू 28 वर्ष पुत्र आनंद राम मंगलवार के दिन दोपहर बाद बाइक में सवार हो मौदहा से अपने गांव ग्युड़ी जा रहा था तभी कुनेहटा और मौदहा के बीच बाइक और ऑटो में आमने–सामने टक्कर हो गई जिससे बाइक सहित सड़क पर गिर घायल हो गया राहगीरों की मदद से मौदहा के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान हालत में सुधार बताया गया है वहीं मुस्करा विकासखंड के गांव बसवारी निवासी आदर्श 26 वर्ष पुत्र छत्रपाल, मुकेश 36 वर्ष पुत्र गुलाब वही हमीरपुर निवासी आदर्श मनी 30 वर्ष पुत्र इंद्र नारायण लोडर में बैठकर मुस्करा की ओर जा रहे थे तभी बसवारी गांव के पास लोडर अनियंत्रत होकर खाई में जा घुसा जिससे तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें ग्रामीणो की मदद से नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां हालत गंभीर होने पर तीनों घायलों को प्राथमिक उपचार कर डॉक्टरों ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

## बहू से आहत सास ने खाया ज़हरीला पदार्थ इलाज के दौरान मौत

**सुमेरपुर, हमीरपुर।** क्षेत्र के ग्राम मुंडेरा में घरेलू कलह से परेशान एक वृद्धा ने जहरीला पदार्थ खा लिया। गंभीर हालत में उन्हें जिला अस्पताल लाया गयाए जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। ग्राम मुंडेरा निवासी कालका सिंह की 65 वर्षीय मां कुसमा देवी ने सोमवार सुबह कथित रूप से बहू की प्रताड़ना से आहत होकर घर में रखा जहरीला पदार्थ सेवन कर लिया। परिजन उन्हें तत्काल सदर अस्पताल ले गए, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। थानाध्यक्ष अनूप सिंह ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही हल्का इंचार्ज को अस्पताल भेजा गया था। परिजन पोस्टमार्टम के लिए तैयार नहीं हैं। प्रथम दृष्टया मामला घरेलू विवाद से जुड़ा प्रतीत हो रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## पत्नी ने पति को दी मारकर गटर में फेंकने की धमकी

**कभी भी हो सकती है हत्या, पति ने एसपी से लगाई गुहार**

**सुमेरपुर, हमीरपुर।** साहब मुझे मेरी पत्नी से बचा लीजिए। उसने धमकी दी है कि हंसिए से कटवा कर प्रेमी से गटर में फिंकवा दूंगी। प्रेमी संग अतरंग फोटो सोशल मीडिया में वायरल कर रही है। अगर समय रहते उसे न्याय नहीं मिला तो उसकी हत्या हो सकती है। क्षेत्र के चंदपुरवा बुजुर्ग के एक युवक का है। जिसने पुलिस अधीक्षक को शिकायत सौंप कर आप बीती सुनाई है। उसने आरोप लगाया है कि उसकी शादी गत 29 अप्रैल को सुमेरपुर निवासी एक युवती के साथ हुई थी। बताया कि 13 जून को वह अपने पिताएमां सहित अन्य रिश्तेदारों के साथ उसके घर पर जमकर तोड़फोड़ की। इसके बाद घर में रखे 25 हजार रुपये नकदी व जेवरात लेकर चले गए।पीड़ित ने बताया कि घटना के समय उसके परिजन खेत में मूंग की फसल काटने गए थे। पत्नी ने पुलिस को बुलाकर उसे थाने में भिजवा दिया था। आरोप लगाया कि पत्नी ने धमकी दी है कि वह प्रेमी के साथ हंसिया से कटकर गटर में फेंकवा देंगी। उसने पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई है। उधर पत्नी ने 13 जून को थानाध्यक्ष को तहरीर देकर पति पर खिलाफ मारपीट कर घर से निकालने का आरोप लगाया था। इस पर पुलिस ने पति के खिलाफ शांतिभंग की कार्यवाही की थी।

## केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी दी, भाजपा ने आयोजित की संकल्प यात्रा

**मौदहा (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज़।**

विकसित भारत का अमृत काल सेवा सुशासन गरीब कल्याण केन्द्र सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा विकसित भारत संकल्प सभा पूर्वी मण्डल मौदहा के ग्राम नायकपुरवा पंचायत भवन सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लालाराम निषाद मण्डल प्रभारी ने केन्द्र सरकार की योजनाओ का ग्रामीणों को विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि पीएम मोदी ने अपनी योजनाओ को अंतिम पायदान में खड़े व्यक्ति को लाभ पहुंचाने का काम किया है इसके लिए उन्होंने सारी योजनाओ को ऑनलाइन प्रक्रिया कर दी गई है। इससे विकास कार्यो की




पारदर्शिता बनी रहती है। जिला पंचायत सदस्य विपिन विहारी पाण्डेय ने कहा कि मोदी सरकार में हमारा देश सुरक्षित ही नहीं विकास की ओर अग्रसर है। मोदी सरकार में युवाओं को मेकइन इंडिया से जोड़ने के लिए कुटीर उद्योग लगाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इस मौके प्रधान सुनील कुमार, शैलेन्द्र कुमार, श्याम बाबू गुप्ता, पवन कुमार, संजय त्रिपाठी, छोटे यादव साधू सभी वरिष्ठ एवं कनिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## युवक ने की फांसी लगाकर आत्महत्या, परिवार में कोहराम

**सुमेरपुर, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

कस्बे के कांशीराम कॉलोनी निवासी 25 वर्षीय युवक जो पावर हाउस परिसर में कॉमन सर्विस सेंटर संचालित कर विद्युत बिल जमा करने का कार्य करता था, मंगलवार को अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना के समय अमर गुप्ता घर में अकेला था। उसके भाई अंकित उर्फ लल्लू अपनी पत्नी के साथ घाटमपुर स्थित कुष्मांडा देवी मंदिर दर्शन के लिए गया हुआ था। घर लौटने पर जब परिजनों ने अमर गुप्ता को फांसी पर लटका देखा तो उनके होश उड़ गए। तुरंत पुलिस को



सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अमर की अचानक मौत से पूरे परिवार में शोक की लहर है। आत्महत्या के कारणों का फिलहाल स्पष्ट पता नहीं चल सका है।

## मौसम ने बदली करवट, गर्मी से मिली राहत बारिश से मौसम हुआ सुहावना

**बारिश होते ही गुल हुई बिजली देर रात नहीं मिली**

**हमीरपुर।** जनपद में मंगलवार की शाम अचानक मौसम ने करवट ली। भोर के समय तेज धूप और गर्मी से लोग बेहाल दिखे। शाम होते ही आसमान में घने काले बादल छा गए और हल्की बूंदाबांदी शुरू हो गई। मौसम में इस बदलाव से गर्मी से बेहाल लोगों को बड़ी राहत मिली और ठंडी हवाओं और बादलों की छांव ने मौसम का खुशनुमा हो गया। वहीं बारिश शुरू होते ही जिला मुख्यालय को आई बिजली लाइन में फाल्ट आ गया और पिछले चार घंटों से लोग अंधेरे में हैं। मंगलवार को अधिकतम तापमान 36 डिग्री व न्यूनतम तापमान 28 डिग्री रिकार्ड किया गया।जिले में बीते कई दिनों से गर्मी से लोग परेशान थे। गर्मी से राहत पाने के लिए तरह तरह के उपाय कर रहे थेए लेकिन गर्मी से राहत नहीं मिल रही थी। मुख्यालय में मंगलवार की शाम चार बजे अचानक मौसम का मिजाज बदल गया और आसमान में बादल डेरा जमाए रहे। शाम को हुई बारिश से जगह जगह जलभराव हो गया। वहीं बारिश होते ही जिला मुख्यालय की ओर सुमेरपुर कस्बे से आई 132केवी लाइन में फाल्ट आ गया। जिससे करीब चार घंटे से बिजली गुल है। देखा जा रहा है कि जब भी कभी मौसम बदलता है और हल्की हवा के साथ बारिश हो जाए तो फिर बिजली के लोग तरस जाते हैं। कमोवेश यही हाल मंगलवार को भी देखने को मिला। लोग पीने के पानी को तरस गए। जिससे लोगों को खासी परेशानी उठानी पड़ी। वहीं तापमान में गिरावट आई और लोगों को चिलचिलाती धूप से निजात मिली। बाजार में चहल अन्य दिनों की अपेक्षा का काफी कम रही। वहीं सुमेरपुर कस्बे में तेज हवाओं के साथ हुई गर्जना के साथ आसपास के गांवों में झमाझम बारिश हुई इससे लोगों को गर्मी से राहत मिली और मौसम खुशनुमा हो गया। किसान इस बारिश को प्री मानसून की बारिश मान रहा है। किसानों का कहना है कि इस बारिश के बाद जुताई का मार्ग प्रशस्त हो गया। किसान अब खरीफ की फसलों की तैयारी में जुट जाएगा।

## प्रतिवर्ष की भांति सुख शांति की कामना के साथ हुआ भंडारा

**सुमेरपुर, हमीरपुर।** ग्राम बिदोखर इंगोहटा रोहारी अछरेला की सीमा पर लीणा नाला किनारे बने शिव मंदिर में अखंड रामायण पाठ के बाद विशाल भंडारे का आयोजन कराया गया। भंडारे में आधा दर्जन गांवों के लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी आषाढ़ मास में क्षेत्र में सुख समृद्धि की कामना करते हुए प्राचीन शिव मंदिर में अखंड रामायण के उपरांत हवन पूजन के बाद भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में बिदोखर पुरई, बिदोखर मेदनी, इंगोहटा अछरेला बहरेला, पाटनपुर, रोहारी आदि गांवों के ग्रामीणों ने हिस्सा लेकर प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे को सफल बनाने में बिदोखर पुरई प्रधान सुंदरलाल यादव, कल्लू धुरिया, देशराज, राजेश, निर्मल, जय करन सागर, कामता साहू, रामदास, गोपाल प्रजापति, जय किशोर साहू, छोटेलाल प्रजापति ने मौजूद रहकर सहयोग किया। भाजपा नेता जगत राज प्रजापति ने मुख्य अतिथि के रूप में भंडारे में शामिल हुए।

## घायलों को सीएचसी भेजा गया

**कुरारा, हमीरपुर।** क्षेत्र के बचरौली गांव निवासी भुइंयादीन कोरी पुत्र मैयादीन व मैकू श्रीवास पुत्र बउआ बाइक से दोपहर में कस्बा आ रहे थे। तभी रघवा गांव में मोड के पास महिला कौशल्या के अचानक सामने आ जानेसे उनकी बाइक टकरा गई। हादसे में महिला सहित दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। इस पर पहाड़ी देव बाबा समिति के अध्यक्ष गणेश तिवारी ने एंबुलेंस बुलाकर तीनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया है।

## महिला हत्याकांड का पुलिस ने किया खुलासा, प्रेमी ने खुरपे से महिला की हत्या कर जंगल में फेंका था शव, कातिल गिरफ्तार

**रामसनेहीघाट बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

असन्दरा थाना क्षेत्र में शनिवार को ठठेरहा गांव के जंगल में मिली महिला की हत्या के मामले में पुलिस ने 48 घण्टे के अंदर सनसनीखेज खुलासा करते हुए मृतका के प्रेमी के निशान देही पर हत्या में प्रयुक्त खुरपा बरामद कर आरोपी को जेल भेज दिया है। पुलिस के अनुसार, मृतका शांति (35) असन्दरा क्षेत्र के देवडहरा गांव की निवासी थी। उसका शव शनिवार को ठठेरहा गांव के बाहर जंगल में मिला था, जिससे इलाके में सनसनी फैल गई थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हत्या की पुष्टि होने पर पुलिस ने पिता रामसेवक की तहरीर पर अज्ञात में




मुकदमा दर्ज किया और छानबीन शुरू की।जांच में सामने आया कि शांति के मायके कुंवरपुर में रहने के दौरान उसका 23 वर्षीय रिश्तेदार बृजेश यादव निवासी सधवापुर से अवैध संबंध बन गया था। शांति का पति सतीश लंबे समय से सूरत में रहकर मजदूरी करता है। इस दौरान शांति का अधिकतर समय मायके में ही बीतता था।कोतवाल अंकित त्रिपाठी ने बताया कि बीते गुरुवार को शांति दवा लेने सीएचसी आई थी। लौटते समय भिटरिया चौराहे के पास बनी मोड़ के पास उसे बृजेश मिल गया। पूछताछ के दौरान दोनों में कहासुनी हुई और बृजेश ने एकांत में ले जाकर ठठेरहा के जंगल में खुरपे से ताबड़तोड़ वार कर शांति की हत्या कर दी। वारदात के बाद आरोपी खुरपा जंगल में छिपाकर मौके से फरार हो गया।पुलिस ने सर्विलांस व ग्रामीणों की मदद से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने अपना गुनाह कबूल कर लिया है। आरोपी की निशानदेही पर खुरपा भी बरामद कर लिया गया है। मंगलवार को आरोपी को जेल भेज दिया गया।इस सनसनीखेज खुलासे से चर्चाओं पर विराम लग गया।

## रेडक्रॉस सोसाइटी ने जिला पुस्तकालय में उपलब्ध कराए पल्स ऑक्सीमीटर

**बाराबंकी।** इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी बाराबंकी के द्वारा जनहित में राजकीय पुस्तकालय में पुस्तकालय अध्यक्ष को पल्स ऑक्सीमीटर प्रदान किया गया। रेडक्रॉस के चेयरमैन शैलेन्द्र सिंह ने पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ पूनम सिंह को तीन सेट पल्स ऑक्सीमीटर प्रदान करते हुए कहा कि देश मे कोरोना जैसी महामारी ने बचाव एवं स्वास्थ्य सावधानियों के लिए नागरिकों को संवेदनशील बना दिया है। देश में फिर से कोरोना के संक्रमण की सूचनाएं मिलने लगी हैं, रेडक्रॉस सोसाइटी सेवा सहायता के लिए प्रतिबद्ध है और जिला पुस्तकालय में अध्ययन करने वाले छात्रों के लिए ऐहतियातन यह प्लस ऑक्सीमीटर प्रदान किया गया है। रेडक्रॉस सोसाइटी के वाइस चेयरमैन अधिवक्ता हुमायूँ नईम खान ने कहा कि पीड़ित मानवता की सहायता करना रेडक्रॉस सोसाइटी की पहचान है, जो बाराबंकी में यह पहचान कायम है। पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ पूनम सिंह ने पल्स ऑक्सीमीटर प्राप्त किया और कहा कि पुस्तकालय में पुस्तकें, आलमीरा फर्नीचर आदि तमाम सामग्री पुस्तकालय प्रेमियों द्वारा दान में दी गई हैं। डॉ पूनम सिंह ने रेडक्रॉस सोसायटी के पदाधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर रेडक्रॉस के पदाधिकारियों ने पुस्तकालय में अध्ययन करने वाले छात्र छात्राओं से मिलकर उनका कुशल क्षेम जाना और पुस्तकालय की उत्तम व्यवस्थाओं के लिए डॉ पूनम सिंह को बधाई दी गई।

## ननोरा सड़क हादसा: मुढारी निवासी तीन युवकों के शव आते ही मची चीख-पुकार, गांव में छाया मातम

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**

जनपद कोतवाली कुलपहाड़ा के अंतर्गत ग्राम मुढारी में दो चचेरे भाई भरतलाल कुशवाहा व अजय कुशवाहा अपने मुहल्ले के दोस्त संजू उर्फ़ संजीव कुशवाहा सभी एक साथ बाइक पर सवार होकर बेलाताल श्रीनगर मार्ग के रास्ते ननोरा गांव अपने फूफा लक्ष्मीप्रसाद कुशवाहा से कुछ दिन पूर्व लिए रुपये वापिस देने जा रहे थे।अतः तीनों हलवाई का काम करते थे। जिसमें से मुख्य रूप से भरतलाल मुख्य कारीगर था। एवं अन्य दोनों सहयोग के तौर पर सादी विवाह एवं अन्य कार्यक्रमों में खाना बनवाने में हाथ बटवाते थे। उन्हें क्या पता की फूफा के यहाँ पहुंचने से





पहले ही ठीक उसी वक्त मौत उनका पीछा कर रही होंगी तभी चरखारी के बगरोन निवासी कृपाल कुशवाहा के पुत्र कुश की पत्नी कंचन की दूसरी विदाई कराने के लिए श्रीनगर के रास्ते ननवारा गांव जा रहे थे। उसी वक्त ननोरा के पास बाइक सवार व्यक्तियों व चार पहिया वाहन इको गाड़ी की आमने - सामने जोरदार भिड़ंत हो गई थी। जिसमें मुढारी के तीन युवक दर्दनाक घटना के शिकार हो गए और मौके पर ही तीनों की मौत हो गई। आमजन के दिलों को झकझोर देने वाली इस भीषण घटना से हर ग्रामवासी की आंखे नम हो गई यहाँ तक की गांव की हर गली एवं रास्तो में सन्नाटा पसरा हुआ है। मृतको के मुहल्ले में चूल्हे ठन्डे पड़े हुए है। हर व्यक्ति बड़े -बूढ़े और बुजुर्ग की जुबा से यहीं बात सुनाई दें रही थी। की ऐसा वाक्या और समय गांव में पहली बार देखा गया परिजनों पर दर्द का पहाड़ टूट पड़ा है। एक साथ तीन - तीन चिताये जलाई गई है। संजू उर्फ़ संजीव अपने पिता राकेश का एकलौता वारिश था। जिसके घर का चिराग बुझ गया। संजू की तीन बहिने है।बड़ी बहिन पूजा है। जिसकी एक वर्ष पहले सादी हुई है। दूसरी का नाम तुलसा है। तीसरी बहन का नाम खुशी है। पिता की आर्थिक स्थिति बेहद ख़राब है। पिता किसान है। पिता राकेश बीमारी से परेशान है। वही मृतक भरतलाल की तीन संताने है।जिनमे दो बेटी मानसी 5 वर्ष की है। दानवी 4 वर्ष की है। लड़का रज्जू साढ़े तीन वर्ष का है। भरतलाल के तीनों बच्चों एवं पत्नी रामकली का रो रोकर बुरा हाल है। एवं बच्चें बार - बार यहीं कह रहे की मम्मी अब पापा कबे घरे आहे और कहाँ चले गए और पापा अबे तक काये नई आये भरतलाल के पिता आशादीन हलवाई का काम एवं किसानी करते है।अजय तीन भाई है। अजय भाइयों में मझला है।अजय के पिता सुनील मजदूरी एवं खेतीपाती कर परिवार का भरण पोषण करते है।तीनों मृतकों की अंतिम यात्रा एक साथ निकाली गई और तीनों का एक साथ अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम यात्रा में शामिल लोगों की लाइन एक किलोमीटर तक दिखाई दें रही थी। हजारों की तादाद में लोगों का हुजूम दिखाई दें रहा था। इस बड़ी एवं दर्दनाक घटना से पूरे गांव में शोक की लहर दिखाई दें रही है।

# मोदी सरकार के 11 साल गरीब कल्याण के नामः भूपेंद्र चौधरी

**प्रधानमंत्री की दूरदर्शी नीतियों ने भारत को वैश्विक मंच पर एक प्रभावशाली स्तंभ के रूप में स्थापित किया :सतीश चंद्र शर्मा**

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत का अमृत काल सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण÷ के मंत्र को लेकर चल रही सरकार के 11 साल पूर्ण होने के अवसर पर मंगलवार को विधानसभा हैदरगढ़ के मंडल सुबेहा के जयचंदपुर मजरे गोसियामऊ गांव में विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन किया गया है जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह ने हिस्सा लिया।

इसके अलावा राज्य मंत्री सतीश चंद्र शर्मा उत्तर प्रदेश अनु. जाति जनजाति आयोग के अध्यक्ष बैजनाथ रावत जिला अध्यक्ष अरविंद मौर्य क्षेत्रीय विधायक दिनेश रावत आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पहुंचे सभी



अतिथियों का विधायक दिनेश रावत के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं द्वारा फूलमाला पहनकर एवं बुके देकर सम्मानित किया गया।

अपने संबोधन में मुख्य अतिथि चौधरी भूपेंद्र सिंह ने भाजपा की केंद्र सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने विकसित भारत के अमृत काल मे सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के विकास की नई यात्रा तय की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 11 वर्ष के दौरान सशक्त भारत सुरक्षित भारत का सपना साकार हुआ है जहां आतंकवादीयो के खिलाफ कठोर और निर्णयक कार्यवाही हो रही है वहीं रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता और सामाजिक शक्ति को नई ऊंचाइयों तक पहुंचा कर भारत ने अपनी सुरक्षा को अटूट बनाया है। राज्य मंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार की दूरदर्शी नीतियों ने भारत को वैश्विक मंच पर एक प्रभावशाली और सम्मानित सुरक्षा स्तंभ के रूप में स्थापित किया है यही सशक्त भारत सुरक्षित भारत का सच है यहां विकास और सुरक्षा एक साथ मौजूद हो रही है।

क्षेत्रीय विधायक दिनेश रावत में कहा कि जहां नारी शक्ति विकास की परिधि से निकलकर केंद्र में आई है वहीं मध्यम वर्ग को रोजमर्रा की जिंदगी में सम्मान मिला है किसानों के बजट में बढ़ोतरी हुआ, गरीबों को 4 करोड़ प्रधानमंत्री आवास दिया जा चुका है तथा सरकार पुनः 3 करोड़ आवासों को देने की व्यवस्था कर रही है। इसके अलावा जिला अध्यक्ष अरविंद मौर्य ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रामदेव सिंह पूर्व ब्लाक प्रमुख सुनील सिंह नगर पंचायत अध्यक्ष आलोक तिवारी ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किया। कार्य म में प्रमुख रूप से ब्लॉक प्रमुख आरती रावत मंडल अध्यक्ष रणवीर सिंह मोनू मंडल महामंत्री रंजीत सिंह महंत युवा भाजपा नेता गोविंद पाठक प्रधान मंसाराम यादव प्रधान अरुण शुक्ला लाला लक्ष्मी नारायण साहू वेद प्रकाश बाजपेई पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष पंकज दीक्षित सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

### मोबाइल चोर मारफीन के साथ गिरफ्तार

**मसौली, बाराबंकी।** दो दिन पूर्व थाना व कस्बा मसौली के मोहल्ला बाजार से चोरी हुए दो एन्ड्राइड मोबाइल को बरामद करते हुए एक अभियुक्त को भयारा मोड से गिरफ्तार कर उसके कब्जे 110 ग्राम मार्फीन बरामद की है पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय के निर्देशन में चोरी,लूट की घटनाओं पर रोकथाम लगाने व चोरी,लूट की घटनाओं में संलिप्त अपराधियों के विरुद्ध अभियान चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह एव कस्बा प्रभारी राहुल शर्मा की टीम ने चेकिंग के दौरान भयारा मॉड के निकट से जहाँगीराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम दरहरा निवासी. महफूज उर्फ रोमियो पुत्र मिट्ठू को भयारा मोड़, से गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी के 2 एन्ड्राइड मोबाइल फोन (ओप्पो, टेक्नो कंपनी) बरामद एव 110 ग्राम अवैध स्मैक बरामद किया है।

## सीएचसी अधीक्षक के तबादले के बाद नवागत अधीक्षक ने संभाला कार्यभार

**▸ केन्द्र में विवादों के बीच सीएचसी अधीक्षक डॉ सुशील सरोज का हुआ तबादला**

**ज़ैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

सीएचसी मे विवादो के बीच अधीक्षक का हुआ तबादला,राम भरोसे चल रहे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैदपुर का नवागत अधीक्षक ने कार्यभार संभाला। ज्ञात हो कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ज़ैदपुर में आसपास क्षेत्र से आने वाले मरीजो को बाहर की दवा लिखने से मरीजों की जेब खाली करने वाले समुदायिक स्वास्थ्य का हाल किसी से छुपा नहीं है।उसी केन्द्र में विवादों के बीच



सीएचसी अधीक्षक डॉ सुशील सरोज का तबादला कर दिया गया। वहीं नवागत सीएचसी अधीक्षक डॉ जगदीश कुमार ने पदभार संभाला और मंगलवार को सीएचसी परिसर में विभिन्न अभिलेखों के साथ रखरखाव व विभिन्न कक्षो का निरीक्षण किया। इसके साथ ही उन्होंने करीब दर्जनों मरीज का इलाज किया।इस दौरान उन्होंने कहाकि क्षेत्र से आने वाले मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिले यह उनका प्रयास रहेगा।

# स्मैक के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**▸ दोनो अभियुक्तो के जैदपुर कोतवाली मे संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर भेज गया जेल**

**ज़ैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**





मुखबिर की सूचना पर जैदपुर पुलिस ने दो तस्करों को हरख के पास से गिरफ्तार कर कब्जे से 30 पूडिया 25 ग्राम स्मैक बरामद कर संबंधित धाराओ मे मुकदमा दर्ज कर आरोपियो को जेल भेज दिया गया है।

जानकारी के अनुसार अपराधो पर अंकुश व तस्करो के हौसले पस्त करने वाले दरोगा आलोक सिंह,अनुज सिंह व राहुल कुमार यादव सहयोगी पुलिस के जवान द्वारा मंगलवार को करौदी कला मोड़ के पास से मुखबिर की सूचना पर दो लोगो को गिरफ्तार किया गया। जिनकी तलाशी लेने पर 30 पुड़िया व 25 ग्राम स्मैक बरामद की गयी पकड़े गये अभियुक्तो का नाम गयासुद्दीन पुत्र कयूम,-मोहम्मद रजी पुत्र वसीम निवासी गण करौदी कला थाना सतरिख जनपद बाराबंकी बताया गया है। दोनो अभियुक्तो के जैदपुर कोतवाली मे संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। इस संबंध मे दरोगा आलोक सिंह ने बताया कि अपराधी किसी भी हाल में बक्शे नहीं जायेंगे। दोनो आरोपियो के पास से अवैध स्मैक बरामद कर मुकदमा पंजीकृत किया गया और दोनो को जेल भेज दिया गया है।

## प्रदेश अध्यक्ष का विधायक व भाजपा नेताओं ने किया स्वागत



**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज।**

विकसित भारत संकल्प सभा में शामिल होने जा रहे भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह का आज दौलतपुर टोल प्लाजा के निकट क्षेत्रीय विधायक दिनेश रावत पूर्व ब्लॉक प्रमुख सुनील सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया गया। बताते चले की प्रधानमंत्री के नेतृत्व में विकसित भारत का अमृत काल सेवा सुशासन गरीब कल्याण के मंत्र को लेकर चल रही सरकार के 11 साल पूर्ण होने पर जगह-जगह पर विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन किया जा रहा है। स्वागत करने वालों में प्रमुख रूप से क्षेत्रीय विधायक दिनेश रावत पूर्व ब्लाक प्रमुख सुनील सिंह भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष अवधेश श्रीवास्तव जिला अध्यक्ष अरविंद मौर्य मंडल अध्यक्ष मोहित मिश्रा युवा नेता अतुल सिंह रावत वरिष्ठ भाजपा नेता लाला लक्ष्मी नारायण साहू पूर्व जिला पंचायत सदस्य रणविजय सिंह पिंकू पूर्व प्रधान पंकज सिंह बाबा कुसुमेश चंद्र मिश्रा अजय तिवारी नन्हे आदि मौजूद रहे।

## टीकाराम धाम की इंटरलॉकिंग मार्ग सहित वाटर कूलर का विधायक ने किया लोकार्पण

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज।**

विकासखंड हैदरगढ़ के बाबा टीकाराम धाम मंदिर प्रांगण में 10 लाख की लागत से क्षेत्र पंचायत निधि से बनी नवनिर्मित इंटरलॉकिंग एवं ग्राम पंचायत चौकी में चौकी चौराहे पर नवनिर्मित वाटर कूलर का लोकार्पण क्षेत्रीय विधायक दिनेश रावत एवं ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि रामदेव सिंह संयुक्त रूप से किया और साथ ही साथ बाबा टीकाराम धाम के श्री चरणों में माथा टेक कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक दिनेश रावत ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार हमेशा विकास कार्यों के लिए जागरूक है सड़क बिजली पानी एवं स्वास्थ्य सेवाएं दिन प्रतिदिन बेहतर



होती जा रही है ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रामदेव सिंह ने कहा कि कोई भी गांव विकास से अछूता नहीं रहेगा सरकार की मंशा के अनुरूप विकास कार्यों को कराया जा रहा है। इस अवसर प्रखंड विकास अधिकारी संजीव गुप्ता मंडल अध्यक्ष मोहित मिश्रा पूर्व मंडल अध्यक्ष रामसागर मौर्य जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि आरंभिक त्रिवेदी पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष पंकज दीक्षित युवा भाजपा नेता गोविंद पाठक मंडल महामंत्री रंजीत सिंह महंत संतोष श्रीवास्तव प्रधान विक्रम सिंह दीनबंधु पांडे रामकिशोर मिश्रा सहित क्षेत्र पंचायत सदस्य पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता एवं क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### साइबर ठगी की शिकार महिला को वापस कराए एक लाख 64 हजार



**मसौली, बाराबंकी।** साइबर सेल की मुस्तैदी से एक महिला साइबर ठगी का शिकार होने से बच गयी और उसका 1 लाख 64 हजार रुपया वापस मिल गया। यह सराहनीय कार्य पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय के निर्देशन मे जिले की साइबर सेल की टीम ने किया। साइबर सेल प्रभारी डॉ. विनय प्रकाश राय ने बताया कि मसौली थाना क्षेत्र के कस्बा सहादतगंज निवासी शबनम पत्नी आमिर ने हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराई कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने बीजा बनवाने के नाम पर आनलाइन 1 लाख 64 हजार रुपये की ठगी कर ली है सूचना मिलते ही सक्रिय हुई साइबर सेल प्रभारी डॉ. विनय प्रकाश राय ने साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराते हुए बैंक व भुगतान गेटवे से सम्पर्क करके रकम को होल्ड करवा दिया और सम्पूर्ण प्रक्रिया अपनाते हुए पीड़िता की सम्पूर्ण रकम खाते मे वापस जमा करा दी। आम जनमानस से अपील करते हुए साइबर सेल प्रभारी डॉ. विनय प्रकाश राय ने कहा कि आप लोग किसी भी अनजान काल पर इंस्टाल पासवर्ड लिंक पर किल्क न करे तथा किसी को भी बैंक संबंधी ओटीपी, बाइमैट्रिक डिटेल साझा न करे।

### ऑटो में बैठकर गांव जा रही महिला का पर्स हुआ चोरी

**जालौन,उरई।** ऑटो में बैठकर गांव जा रही महिला के पर्स से मंगलसूत्र, चौन सहित 10 हजार रुपये नकद चोरी हो गए। पीड़ित महिला ने चोरी की सूचना पुलिस को दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पीपल चौक संगम बिहार नई दिल्ली निवासी राधा देवी ने पुलिस को बताया कि वह उरई में अपनी बहन के यहां आई थी। बहन से मिलकर वह सोमवार की शाम ऑटो से गोरा भूपका गांव जा रही थी। उरई के जिला परिषद से वह ऑटो पर बैठी थी। वहां से देवनगर चौराहे के बीच किसी ने उसके पर्स में रखा मंगलसूत्र, चार चेन, अंगूठी, कुंडल और 10 हजार रुपये नकद चोरी कर लिए। पर्स वह अपने साथी लेकर बैठी थी। घर जाकर जब पर्स को खोलकर देखा तो सारा सामान चोरी हो चुका था। पीड़ित महिला की सूचना पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### एसडीएम के निरीक्षण में शराब ठेके पर व्यवस्थायें मिली दुरुस्त



**जालौन,उरई।** तहसील क्षेत्र के ग्राम उरगांव स्थित सरकारी देशी शराब की दुकान का एसडीएम विनय मौर्य ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद एसडीएम ने आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण में एसडीएम ने दुकान में सफाई व्यवस्था को देखा और उसे बेहतर बनाने के निर्देश दिए। आसपास भी सफाई कराने की बात कही। दुकान में उपलब्ध स्टॉक का मिलान स्टॉक रजिस्टर से किया, जिसमें कोई भी अनियमितता सामने नहीं आई। शराब की बोतलों की संख्या, ब्रांड और उनके बारकोड को बारीकी से जांचा गया, जो रजिस्टर में अंकित विवरण से मेल खा रही थी। मौके पर उपस्थित ग्राहकों से एसडीएम ने शराब की कीमत, उपलब्धता और बिक्री समय को लेकर जानकारी ली। ग्राहकों ने बताया कि शराब प्रिंट रेट पर ही बेची जा रही है और दुकान सरकार द्वारा तय समय–सारणी के अनुसार खुलती और बंद होती है। एसडीएम ने स्पष्ट निर्देश दिए कि कोई भी टेट्रा पैक या बोतल बिना बारकोड के न बेची जाए। उन्होंने कहा कि यदि किसी भी दशा में बिना बारकोड की शराब बेची जाती है या ओवररेटिंग की शिकायत मिलती है, तो संबंधित के खिलाफकड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### चकमार्गो से हटाया जा रहा है अवैध अतिक्रमण

**बाराबंकी।** शासन के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा लगातार जनता की समस्याओं को प्राथमिकता से निस्तारित किया जा रहा है। जिसके क्रम में जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी द्वारा कलेक्ट्रेट स्थित अपने कार्यालय में प्रातः 10 से 12 बजे तक जनता की समस्याओं को सुना जाता है और समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिये सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया जाता है। इसी तरह जिले की तहसीलों में उपजिलाधिकारी द्वारा प्रतिदिन प्रातः 10 से 12 बजे तक जनतादर्शन के तहत सुनवाई की जाती है। जिसमें फरियादी सीधे जिलाधिकारी से या सम्बंधित तहसीलों में उपजिलाधिकारी से मिलकर अपनी समस्या/शिकायत सम्बंधी प्रार्थना पत्र दे सकते है जिस पर त्वरित कार्यवाही कर उनकी समस्याओं का निस्तारण किया जाता है।

# तीन करोड़ 67 लाख की योजनाओं के प्रस्तावों को मिली मंजूरी

**रामनगर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

ब्लाक प्रमुख संजय तिवारी की अध्यक्षता एवं खंड विकास अधिकारी जितेंद्र कुमार के संयोजन में क्षेत्र पंचायत की बैठक संपन्न हुई।जिसमें 3 करोड़ 67 लाख की लागत से कराये जाने वाले विकास कार्यों के प्रस्तावों को आम सहमति से मंजूरी दी गयी।ब्लाक प्रमुख संजय तिवारी ने बैठक में कहा कि क्षेत्र का विकास मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

अभी तक प्रत्येक क्षेत्र पंचायत सदस्य के वार्ड में काम करने का प्रयास किया है।जो शेष है वह एक साल में बिना किसी भेदभाव के हो जाएंगे।अधिकारियों से मुखातिब होते हुए ब्लाक प्रमुख श्री तिवारी ने कहा कि गांवों की गरीब जनता को का लाभ दिलाने में ग्राम प्रधानों की महत्वपूर्ण



भूमिका है।जन प्रति निधियों के कामों को प्राथमिकता के आधार पर कराया गया है।ग्राम प्रधानों एवं बी डी सी सदस्यों की शिकायत पर ब्लॉक प्रमुख संजय तिवारी ने जल जीवन मिशन के तहत गांवों में डाली जा रही घटिया पाइपलाइन और बर्बाद हो रही सड़कों के मामले पर कार्रवाई के लिए शासन को पत्र लिखे जाने की बात कही। बैठक में प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ प्रणव श्रीवास्तव उपमुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी सुरजीत सचान अवर अभियंता लघु सिंचाई अरुण कुमार व्यास सहायक विकास अधिकारी कृषि डॉ दलबीर सिंह यादव एडीओ आई एस बी जय राम वाल्मीकि शिक्षा विभाग के देवेंद्र सिंह ने भी अपने विभाग के द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में जानकारी दी।उन्होंने छोटे-छोटे बच्चों का विद्यालय में नामांकन करने के लिए जनप्रतिनिधियों का सहयोग मांगा।ग्राम प्रधान और क्षेत्र पंचायत सदस्यों का सबसे अधिक गुस्सा जल जीवन मिशन के द्वारा खोदकर बर्बाद की जा रही सड़कों और घटिया कार्य को लेकर था।ग्राम प्रधानों का कहना था कि करोड़ों रुपए की लागत से गांव में इंटरलॉकिंग और सीसी रोड बनी है। सड़क को खोद कर दोबारा उसी तरह बनाने का पैसा मिलता है परंतु ठेकेदार और अधिकारी खोद कर चले जाते हैं सड़क बनाने नहीं आते हैं।इस बैठक में अवर अभियंता मनीष बर्मा सहित सभी विभागों के अधिकारी एवं भारी संख्या में क्षेत्र पंचायत सदस्य और ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

### एक दर्जन ग्रामीणों ने भाजपा नेता पर लगाया परेशान करने का आरोप



**फतेहपुर, बाराबंकी समृद्धि न्यूज।** तहसील क्षेत्र अन्तर्गत किसानो और भाजपा नेता के बीच यूकेलिप्टिस के पेड़ों को लेकर विवाद सामने आया है।बनमऊ गांव के एक दर्जन किसानों ने भाजपा नेता ओमप्रकाश पर उन्हें परेशान करने का आरोप लगाया है।प्राप्त जानकारी रज्जू, वीरेंद्र,राम गोपाल, विक्रम, राजेश और पिताम्बर समेत किसानो ने एसडीएम कार्तिकेय सिंह को शिकायती पत्र सौंपा है।किसानो ने बताया कि जमीन विवाद ग्राम न्यायालय फतेहपुर में चल रहा था। 30 मई 2025 को कोर्ट ने किसानों के पक्ष में फैसला सुनाया।कोर्ट ने ओमप्रकाश को किसानो के कब्जे मे दखल न देने का आदेश दिया।पीड़ित किसानो का कहना है कि उनकी जमीन पर लगे यूकेलिप्टिस के पेड़ों को काटने से भाजपा नेता ओम प्रकाश रोक रहे है। किसानो ने एसडीएम से न्यायालय के आदेश का पालन कराने और विपक्षियो पर कार्रवाई की मांग की हैएसडीएम कार्तिकेय सिंह ने कहा कि इस मामले मे सिविल न्यायालय में भी एक वाद प्रचलित है। ऐसे मे प्रशासन की ओर से कोई कार्रवाई नही की जा सकती। उन्होने दोनो पक्षो से मौके पर यथास्थिति बनाए रखने को कहा।

## पुलिस मुठभेड़ में तीन गोतस्करों को किया गिरफ्तार

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

थाना सफदरगंज पुलिस टीम द्वारा सोमवार- मंगलवार की रात्रि लूट, चोरी, गौतस्करी की घटनाओं की रोकथाम के लिए गश्त/चेकिंग की जा रही थी तभी मुखबिर द्वारा सफदरगंज से बदोसराय रोड पर एक संदिग्ध डीसीएम में गोवंश होने की सूचना प्राप्त हुई। प्राप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर चेकिंग करते हुए संदिग्ध डीसीएम को रोकने का इशारा किया गया किन्तु डीसीएम न रोककर बदोसराय की तरफ भागने लगे, पुलिस टीम द्वारा पीछा किया तो डीसीएम परसा तिराहा से आगे कच्ची सड़क की तरफ डीसीएम मोड़ दी गयी, आगे रास्ता बंद होने के कारण डीसीएम में सवार संदिग्ध व्यक्ति डीसीएम से उतरकर



भागने लगे तथा गिरफ्तारी से बचने के लिए पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग की गयी। पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ फायरिंग में एक गोतस्कर पैर में गोली लगने से घायल हो गया। घायल, गिरफ्तार अभियुक्त जय प्रकाश तिवारी पुत्र देवकी नन्दन निवासी ग्राम सूर्यपुर खपरैला थाना सफदरगंज जनपद बाराबंकी अंजनी कुमार पुत्र राजाराम निवासी ग्राम सूर्यपुर खपरैला थाना सफदरगंज असलम बंजारा पुत्र शरीफुद्दीन निवासी ग्राम मतौली जनपद लखीमपुर को गिरफ्तार कर मु0अ0सं0 301/2025 धारा 3(5)/109 बीएनएस, 3/5क/8 गोवध निवारण अधिनियम, 3/25 आर्म्स एक्ट व 11(1)डी पशु क्रूरता अधिनियम पंजीकृत किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण के कब्जे से एक अदद डीसीएम में 20 राशि गोवंश, एक अदद तमंचा .315 बोर मय 01 जिन्दा व 02 खोखा कारतूस बरामद किया गया।

## चोरी की भैसों के साथ तीन चोर गिरफ्तार

**जालौन,उरई समृद्धि न्यूज।**

छिरिया मलकपुरा चौकी पुलिस ने तीन भैंस चोरों को पकड़ा है। पकड़े चोरों से चोरी की गयी चार भैंसें व दो चाकू बरामद किए हैं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ चोरी व आयुध अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों को न्यायालय में पेश किया है। छिरिया मलकपुरा चौकी प्रभारी मदनपाल व जालौन चौकी प्रभारी जितेंद्र सिंह बंगरा मार्ग पर भ्रमण कर रहे थे। इसी दौरान उन्हें सूचना मिली कि नदीगांव से भैंस चोर भैंसों को चोरी करके पैदल मलकपुरा की ओर आ रहे हैं। सूचना मिलते ही वह पुलिस फोर्स के साथ दमां संपर्क मार्ग पर पहुंच गए। जहां उन्होंने बबूल के पेड़ की छाया में भैसों के साथ खड़े संजीव उर्फ संगम व चांदनूर निवासीगण रेढ़र एवं शमशेर खां निवासी मलकपुरा को घेराबंदी कर पकड़ लिया। जामा तलाशी के दौरान पुलिस ने उनके पास से दो चाकू बरामद किए। पूछताछ के दौरान बताया कि उन्होंने 11 जून को ग्राम गनेशपुरा थाना नदीगांव निवासी प्रहलाद सिंह परिहार के यहां से चारों भेसों को चोरी की थी। चोरी की हुई भैसों को वह दूसरी जगह रखने के लिए ले जा रहे थे। तभी रास्ते में उन्हें पकड़ लिया गया। पकड़े गए तीनों आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर उन्हें न्यायालय में पेश किया है।

**सूचना**

मेरे पुत्र का नगर पालिका रजि. सं.-2538 से दिनांक 10/10/2014 को जन्म प्रमाण पत्र बनवाया गया था। जिसमें उसका नाम गोपाल वर्मा अंकित हो गया है, जबकि शैक्षिक व अन्य दस्तावेजों में पुत्र का नाम निकुन्ज वर्मा अंकित है, जो सही है। मेरे पुत्र को इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। शिल्पी पत्नी राजीव वर्मा निवासी 3/15 वैजनाथ स्ट्रीट, जिला फर्रुखाबाद।

# डीएम ने दिवंगत होमगाड्र्स आश्रित को सौंपी 30 लाख की चेक





दिवंगत होमगार्ड जवान के आश्रित को तीस लाख की चेक देते डीएम व अन्य।

**जालौन,उरई समृद्धि न्यूज।**

मंगलवार को कलैक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को आयोजित एक संक्षिप्त कार्यक्रम में सेवाकाल के दौरान दिवंगत हुए होमगार्ड स्वर्गीय पर्वत सिंह के पुत्र नीरज को एक्सिस बैंक, शाखा कोंच द्वारा 30 लाख की दुर्घटना बीमा सहायता राशि का चेक प्रदान किया गया। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने स्व. पर्वत सिंह के आश्रित को यह चेक सौंपते हुए उन्हें ढांढस बंधाया और परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। उल्लेखनीय है कि स्वर्गीय पर्वत सिंह, जो कि होमगाड्र्स कम्पनी कोंच नगर में तैनात थे, की दिनांक 15 जनवरी 2025 को अपने निवास पर आग तापते समय झुलसने से अप्राकृतिक मृत्यु हो गई थी। स्व. पर्वत सिंह एक्सिस बैंक के खाताधारक थे, और इसी के अंतर्गत बैंक द्वारा दुर्घटना बीमा योजना के तहत यह सहायता राशि उनके आश्रित को उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर जिला कमाण्डेन्ट होमगाड्र्स राजेश कुमार सिंह, एक्सिस बैंक के क्लस्टर हेड पंकज त्यागी, शाखा प्रबन्धक सुशील तिवारी, प्रतिनिधि अब्दुल मुहीम, होमगाड्र्स एडीसी राकेश कुमार सहित विभाग के कई अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### किशोरी से दुष्कर्म के आरोपी पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कोंच ,जालौन।** नदीगांव कस्बे में 13 वर्षीय नाबालिग किशोरी के साथ दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने आरोपी सौरभ यादव पुत्र प्रह्लाद के विरुद्ध धारा 65, 352, 351, 331 बीएनएस, 5(एल), 6 पॉक्सो एक्ट तथा 3(2), 5 एससी-एसटी एक्ट में रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। रिपोर्ट दर्ज होते ही फरार हुए आरोपी सौरभ को थाना पुलिस ने मंगलवार की सुबह मुखबिर की सूचना पर नाली मोड़ नदीगाँव से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थाना नदीगांव कस्बे की रहने वाली एक 13 साल की नाबालिग किशोरी को कस्बे का ही सौरभ यादव पुत्र प्रह्लाद डरा धमकाकर उसके साथ पिछले डेढ़ माह से दुष्कर्म कर रहा था। डर के मारे किशोरी अपने साथ होने वाले इस कुकृत्य के बारे में घर के लोगों को भी नहीं बता रही थी।

## आबकारी टीम की छापेमारी में तीन लाख की शराब बरामद



**जालौन,उरई समृद्धि न्यूज।**

**▸ मकान के तहखाने से विभिन्न ब्रांड की 1198 मिली बोतलें**

पुलिस व आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने छापामारी कर औरैया मार्ग पर चुंगी नंबर 4 के पास मकान में रखी अंग्रेजी शराब बरामद की गयी। टीम ने विभिन्न ब्रांड की मकान में रखी शराब 1198 बोतलें बरामद किये है। पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। औरैया मार्ग पर स्थित चुंगी नंबर 4 के पास संचालित देशी शराब की दुकान के बगल में रामप्रकाश का मकान है। मकान के तहखाने में बड़ी मात्रा में पिछली वित्तीय वर्ष की अंग्रेजी शराब रखी थी। पिछली वित्तीय वर्ष की शराब की चोरी चोरी ब्रिकी की जा रही थी। पिछले वित्तीय वर्ष की बेची जा रही शराब की सूचना मुकबिर ने आबकारी पुलिस को दे दी। मुकबिर की सूचना पर लोकेश कुमार प्रभारी जिला आबकारी अधिकारी अपनी टीम मुलचन्द्र, निमिष त्रिपाठी, राम पटेल के साथ मौके पर पहुंच गये तथा इसकी जानकारी कोतवाली पुलिस को दी। सूचना मिलने पर चौकी प्रभारी जितेंद्र सिंह, कोतवाली प्रभारी अजीत सिंह मौके पर पहुंच गये। पुलिस ने टीम ने मकान मालिक रामप्रकाश कुशवाहा से सम्पर्क किया तो पता चला कि उनका मकान मोहित राठौर किराये पर लिये। बुलाने पर दोनों के न आने पर पुलिस ने ताला तोड़ कर देखा तो तहखाने में मैकडबल व्हिस्की 41 बोतल, 750 एमएल 207 अद्दा, 375 एमएल, एन्टीक्यूटी ब्लू ब्रान्ड के 24 अदा, 08 पीएम ब्लैक ब्राण्ड 75 पाउवे, 180 एमएल तथा रायल चौंलेज ब्राण्ड के 375 एमएल के 74 अध्द्दे, तथा क्लिन्टर रम ब्राण्ड के 180 एमएल के 25 पाउवे बरामद हुए हैं।

**सूचना**

मैंने अपने पुत्र सुमित सिंह व उसकी पत्नी रानी देवी से संबंध विच्छेद करके चलअचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। इनके द्वारा किए गए किसी भी कार्य, घटना, मुकदमा व लेनदेन की मेरे सहित मेरी पत्नी सुरजा देवी, पुत्रों अमित सिंह भदोरिया, आयुष, पुत्रियों पूनम देवी पत्नी मुनेंद्र सिंह, रजनी, लक्ष्मी, रश्मि की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**सूरजभान सिंह पुत्र ओमकार सिंह निवासी ग्राम चंदरपुर छिबरामऊ (कन्नौज) हाल निवासी हाउस नं. 336 स्ट्रीट नं. 16 गोपालपुर, डॉ मुखर्जी नगर जिला नॉर्थ वेस्ट दिल्ली।**

# अवनि सिंह ने नीट क्वालीफाई कर बढ़ाया मान

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



न्यू टीचर्स कॉलोनी निवासी शिक्षक दंपति की पुत्री अवनि सिंह ने नीट 2025 में 15,542वीं रैंक हासिल कर नगर का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि पर समाजसेवियों और परिजनों ने उनके घर पहुंचकर फूल-मालाओं के साथ जोरदार स्वागत किया। अवनि ने बताया कि उनका सपना एक कुशल चिकित्सक बनकर समाज के गरीब, असहाय और वंचित वर्ग की सेवा करना है।

डॉक्टर बनकर करेंगी समाजसेवा

अवनि के पिता अभिजीत सिंह चौहान दीनपुर प्राथमिक विद्यालय में शिक्षक हैं, जबकि माता निधि सिंह चौहान हरकरनपुर प्राथमिक विद्यालय में अध्यापिका हैं। अवनि ने अपनी मेहनत और लगन से यह मुकाम हासिल किया। उन्होंने हाईस्कूल में 96.2 प्रतिशत और इंटरमीडिएट में 91 प्रतिशत अंक प्राप्त किए थे। अपनी पढ़ाई के दौरान उन्होंने चिकित्सक बनने के लक्ष्य को केंद्र में रखा और कठिन परिश्रम के साथ नीट की तैयारी की। अवनि की उपलब्धि पर पूर्व प्रधान शैलेंद्र सिंह राठौर, रिटायर्ड बैंक मैनेजर एके सिंह, सपा नगर अध्यक्ष रवि गुप्ता, सपा व्यापार सभा के जिलाध्यक्ष प्रियतेश तोमर, सनल सिंह, उनके बाबा अशोक कुमार सिंह और भाई अर्नव सिंह ने माल्यार्पण कर और मिठाई खिलाकर उनकी सफलता की सराहना की। अवनि ने कहा कि वह अपनी शिक्षा और चिकित्सा कौशल से समाज के कमजोर वर्ग की मदद करेंगी। उनकी इस उपलब्धि से क्षेत्र में खुशी की लहर है।

## बालश्रम की रोकथाम के लिए चलाया हस्ताक्षर अभियान

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** प्रदेश सरकार की ओर से अन्तराष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर 12 से 17 जून तक अन्तराष्ट्रीय बाल श्रम निषेध सप्ताह के रूप मनाया जा रहा है। जिसके क्रम में बाल श्रम के विरुद्ध आम जनमानस में व्यापक जागरुकता एंव प्रचार- प्रसार के क्रम में दिनेश चन्द्र, खण्ड विकास अधिकारी सदर व मनरेगा रोजगार सेवक/ मजदूर, थाना एएचटी टीम व नवनीत कुमार श्रीवास्तव श्रम प्रवर्तन अधिकारी के द्वारा विकास खण्ड सदर से तिर्वा क्रॉसिंग तक बाल श्रम के विरुद्ध आम जनमानस में व्यापक जागरुकता एंव प्रचार- प्रसार की रैली का आयोजन किया गया। उक्त अभियान के दौरान व्यापार मण्डल पदाधिकारी व दुकानदार आदि के साथ बाल श्रम की रोकथाम हेतु हस्ताक्षर अभियान चलाया गया।

# जि.पं अध्यक्ष ने पुलिस सेवा में चयनित भाइयों को दी बधाई

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य ने ग्राम धीरपुर नगरिया में उत्तर प्रदेश पुलिस सेवा में चयनित पप्पू कठेरिया के पुत्र दो सगे भाइयों, नीरज कठेरिया और पंकज कठेरिया के घर पहुंचकर उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दीं। ग्रामीणों ने मल्लार्पण करके उनका जोरदार स्वागत किया।

इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए प्रिया शाक्य ने दोनों भाइयों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर प्रिया शाक्य ने कहा नीरज और पंकज की इस सफलता से हम सभी को गर्व है।

यह उपलब्धि कठिन परिश्रम और समर्पण का परिणाम है। भारतीय जनता पार्टी की योगी सरकार युवाओं को अवसर प्रदान करने के लिए कटिबद्ध है। सरकार की नीतियों और प्रोत्साहन के कारण आज हमारे युवा नई ऊंचाइयों को छू रहे हैं। मैं दोनों भाइयों को बधाई देती हूं और आशा करती हूं कि वे देश और समाज की सेवा में योगदान देंगे। यह आयोजन ग्रामवासियों के बीच उत्साह का माहौल लेकर आया। कार्यक्रम के अंत में यहां आयोजित अखण्ड पाठ में प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर राम प्रकाश शाक्य बड़े, डॉक्टर जवाहरलाल शाक्य, अमित शाक्य चंचल सहित बड़ी संख्या में गांव वासी उपस्थित रहे।

▸ प्रिया शाक्य बोली, नीरज और पंकज की इस सफलता से हम सभी को गर्व

# प्रभु इच्छा में मिलती है सहज जीवन की प्रेरणा

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



पूर्वी बाईपास स्थित संत निरंकारी भवन में आयोजित सतसंग में महात्मा रामप्रकाश भदौरिया ने संगत को प्रभु इच्छा में सहज होकर जीने का संदेश दिया।

उन्होंने कहा कि मानव के बस से परे कार्य प्रभु के अधीन हैं। हमें सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के मार्गदर्शन में निराकार परमात्मा पर अटूट विश्वास रखना चाहिए। सतगुरु माता ने मानवीय व्यवस्थाओं से ऊपर उठकर प्रभु के हर आदेश को स्वीकार करने का उपदेश दिया है, जो संतों का सच्चा धर्म है।महात्मा रामप्रकाश ने कहा कि माता सुदीक्षा जी की कृपा से हम सभी भाग्यशाली हैं, विशेषकर मदर डे के इस पावन अवसर पर, जब माता जी का आशीर्वाद प्राप्त हो रहा है। माता का प्रेम बच्चों के प्रति अनुपम है। उन्होंने प्रार्थना की कि हम निस्वार्थ भाव से सेवा करें और प्रभु के हर आदेश का पालन करें, ताकि हमारा जीवन मानवता के लिए सार्थक हो।महात्मा हरिश्चंद्र के संचालन में हुए इस सतसंग में अर्चना सक्सेना, मालती, जय देवी, अनामिका गुप्ता, अंकिता, माला, सीता, प्रेमचंद, क्षेत्रपाल, बाबूराम, सियाराम, इंद्रेश, राजकुमार, ईश्वर दयाल, रोशन सिंह, संतोष कुमार और सेवा दल संचालक मनीष कुमार ने भजनों व प्रवचनों से संगत को प्रभु भक्ति में सराबोर किया।



संत निरंकारी भवन में सत्संग



## धूमधाम से होगा बाबा खाटू श्याम मंदिर का भूमि पूजन

**छिबरामऊ, कन्नौज।** विशुनगढ़ रोड पर रामलीला मैदान में बाबा खाटू श्याम मंदिर का भूमि पूजन 22 जून, रविवार को सुबह 11 बजे हर्षोल्लास के साथ संपन्न होगा। श्री खाटू श्याम सेवा समिति के अध्यक्ष विवेक गुप्ता ने मुख्य अतिथि विधायक एवं पूर्व राज्य मंत्री अर्चना पांडेय को उनके कैंप कार्यालय में आमंत्रण पत्र सौंपा। विवेक गुप्ता ने बताया कि प्रभु श्री राम की कृपा से कलयुग के अवतारी शीश के दानी बाबा खाटू श्याम के भव्य मंदिर का निर्माण शुरू हो रहा है। उन्होंने सभी भक्तों से तन, मन, धन से सहयोग कर इस पुण्य कार्य में भागीदार बनने की अपील की। समारोह में भक्ति भजनों और धार्मिक अनुष्ठानों के साथ उत्साहपूर्ण माहौल रहेगा। इस अवसर पर रामानंद वर्मा, दिलीप गुप्ता, अमित भारतीय, रामदत्त गुप्ता, प्रतीक त्रिपाठी सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे।

# सोलर प्लेट लगाते समय कारीगर करंट की चपेट में आया

▸ गंभीर हालत में सैफई किया रेफर

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



मंगलवार सुबह तहसील रोड पर स्थित पंडित आटा चक्की की छत पर सोलर प्लेट लगाने के दौरान एक कारीगर जोरदार बिजली के करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गया। घायल कारीगर को तत्काल सौ शैया अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए सैफई मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार, मैनपुरी जिले के बहादिनपुर निवासी अमन शाक्य (पुत्र ज्ञान सिंह शाक्य) सौरिख रोड की एक सोलर कंपनी में कार्यरत हैं। वह अपने साथी कारीगरों के साथ सोलर प्लेट लगाने के लिए आटा चक्की की छत पर काम कर रहे थे। काम के दौरान अचानक हाईटेंशन लाइन की अर्थिंग के कारण उन्हें करंट लग गया, जिससे वह बेहोश होकर छत पर गिर पड़े। साथी कारीगरों ने गिरने की आवाज सुनकर उन्हें तुरंत अस्पताल पहुंचाया। प्रारंभिक जांच में हाईटेंशन लाइन की अर्थिंग को हादसे का कारण माना जा रहा है, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि बाकी है।

## खबरें एक नजर में

### पांच लोगों पर दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** दहेज की मांग पूरी न होने पर पति सहित ससुरालियों ने महिला से गाली गलौज की और मारपीट कर घायल कर दिया। इसके बाद घर से निकाल कर तलाक व जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने एसपी को शिकायती पत्र देकर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। ग्राम इस्माईलपुर निवासी राविया बेगम पुत्री स्वर्गीय मुख्तियार ने कोतवाली में दर्ज कराई रिर्पोट में कहा है कि उसकी शादी थाना छिबरामऊ के ग्राम कपूरपुर निवासी तहसीन से तीन वर्ष पहले हुई थी। शादी के बाद पति तहसीन, जेठ तहीम, सास अनीसन, ननद फ्रीनव, सरीन ने दहेज में एक कार व तीन लाख रुपये की मांग शुरू कर दी। मांग पूरी न होने पर बीती 23 मई की सुबह लगभग 11:30 बजे पति सहित ससुरालियों ने उसके साथ गाली गलौज की और मारपीट कर घायल कर दिया। इसके बाद घर से निकाल दिया। 02 जून की दोपहर लगभग 01 बजे पति व ससुराली ने उसके मायके आकर तलाक व जान से मारने की धमकी दी। कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### वृद्ध को तेज रफ्तार कार ने मारी टक्कर, हालत गंभीर



**छिबरामऊ, कन्नौज।** सौरिख रोड पर कालिका देवी मंदिर के पास मंगलवार को एक तेज रफ्तार वैगनआर कार ने 69 वर्षीय वृद्ध चेतराम शाक्य को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में उनका बायां पैर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। चेतराम, जो सौरिख खड़नी के निवासी और कृषक इंटर कॉलेज, चपुन्ना से सेवानिवृत्त शिक्षक हैं, अपने बेटे विकास के साथ मकान या प्लॉट देखने आए थे। वाहन का इंतजार करते समय यह हादसा हुआ। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें तुरंत सौ शैया अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत के कारण तिर्वा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। हादसे से इलाके में दहशत है, और लोग तेज रफ्तार वाहनों पर अंकुश लगाने की मांग कर रहे हैं।

### छज्जा गिरने से आधा दर्जन बच्चे घायल, दो गंभीर

**कम्पिल, समृद्धि न्यूज।** शादी समारोह के बाद छत पर खेल रहे बच्चे छज्जे पर जाकर बैठ गए। छज्जा भरभराकर नीचे आ गिरा। जिसके मलबे में बच्चे दब गए। हालांकि एक बच्चा के सिर में चोट लग गई। स्वजन इलाज के लिए ले गए। क्षेत्र के गांव भोगपुर निवासी अशोक कुमार की बहन सुमन की सोमवार को बारात आई थी। घर में रिश्तेदार सहित अन्य लोग मौजूद थे। मंगलवार देर शाम बच्चे छत पर खेल रहे थे। बच्चे अचानक पड़ोसी हरिश्चंद्र के छज्जे पर जाकर बैठ गए। छज्जा अचानक भर-भराकर नीचे गिर गया। छज्जे पर बैठे आधा दर्जन बच्चे भी नीचे आ गिरे। मौके पर अफरा-तफरी मच गई। छज्जे के नीचे दबकर अशोक कुमार का सात वर्षीय पुत्र अभय प्रताप व साली प्रीति गंभीर रूप से घायल हो गई। स्वजन आनन-फानन में उनको निजी अस्पताल ले गए।

# पुलिस भर्ती में चयनित प्रतिभा और पंकज को किया सम्मान

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



कठेरिया समाज कल्याण समिति ने उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती में कान्स्टेबल पद पर चयनित प्रतिभा सिंह कठेरिया (खोजीपुर) और पंकज कठेरिया (धीर पुर, विशुन गढ़) को फूल मालाएं, मेडल, और भारतीय संविधान की प्रति देकर सम्मानित किया। चयनितों के माता-पिता को भी माला पहनाकर मिठाई खिलाई गई।

समिति ने अपेक्षा जताई कि दोनों नौकरी में लोगों को न्याय दिलाएंगे। प्रशिक्षण सीतापुर में शुरू होगा। जिलाध्यक्ष राजेश कुमार कठेरिया, एडवोकेट ने कहा, ÷शिक्षा शेरनी का दूध है, जितना पिएंगे, उतना दहाड़ेंगे।÷ डिप्टी सीएमओ डॉ. महेंद्र भान सिंह बोले, आधी रोटी खाओ, बच्चों को पढ़ाओ। फर्रूखाबाद के अवधेश चंद्र कठेरिया ने कहा, समाज के बच्चे पढ़ाई से नाम रोशन करें। समारोह में अशोक कठेरिया, रामवीर सिंह, प्रवीण कठेरिया, सुनील कठेरिया, अरुण प्रताप सिंह, राहुल कठेरिया सहित कई लोग मौजूद रहे।

# चालक के विरुद्ध दर्ज कराई दुर्घटना की रिपोर्ट

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

बाइक सवार युवक को सामने से आ रही बाइक के चालक ने तेज गति से टक्कर मार दी थी। इससे बाइक सवार युवक गंभीर रुप से घायल हो गया था। घायल युवक के भाई ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है।

ग्राम मोहनपुर रतनपुर भवानीपुर निवासी कश्मीर सिंह पुत्र केशव दयाल ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि उसका भाई रामलखन 10 जून की शाम लगभग 05 बजे घर से मौरंग, सीमेंट के 15 हजार रुपये देने के लिए बाइक से जा रहा था। तभी गांव स्थित मोड़ के पास वह मोबाइल से बात करने लगा। तभी सामने से आ रहे ग्राम निजामपुर निवासी सुरेश चन्द्र ने उसकी बाइक में तेज गति से चलाते हुए टक्कर मार दी थी।

इससे उसका भाई गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिसे आनन फानन नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया था। जहां आराम न मिलने पर चिकित्सक ने से जिला अस्पताल रेफर कर दिया था। जहां उसका उपचार चल रहा है। बताया कि दुर्घटना के दौरान उसकी जेब में रखे रुपये भी गिर गए। कोतवाली पुलिस ने बाइक के चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## ग्रामीणों से परेशान आंगनबाड़ी कार्यकत्री ने एसडीएम को सुनायी व्यथा

**कोंच,जालौन।** सींगपुरा गाँव की आंगनबाड़ी कार्यकत्री ने गाँव के ही कुछ लोगों पर उसे परेशान करने का आरोप लगाते हुए एसडीएम को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही किए जाने की मांग की है। कैलिया थाना क्षेत्र के ग्राम सींगपुरा निवासी आंगनबाड़ी कार्यकत्री नीतू पत्नि पर्वत सिंह ने मंगलवार को एसडीएम ज्योति सिंह को शिकायती पत्र देकर बताया कि गाँव के ही ऊंची जाति के कुछ लोग उसे जातिसूचक शब्दों से अपमानित करते हैं और कार्यकत्री की नौकरी से इस्तीफा देने का दवाब बना रहे हैं। इतना ही नहीं, जब वह रास्ते में कहीं आती जाती है तो उक्त लोग अश्लील गाना गाने लगते हैं। विरोध करने पर उसके साथ अप्रिय घटना को अंजाम देने की धमकी देते हैं।

# फिल्मी स्टाइल में तमंचा लहराते युवक का सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा वीडियो

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सोशल मीडिया पर एक युवक का तमंचा लहराते हुए फोटो वायरल हो रहा है। हालांकि पुलिस ने अभी तक उपरोक्त वीडियो को संज्ञान में लेकर युवक पर कोई कार्यवाही नहीं की है।

जानकारी के अनुसार मंगलवार को थाना कादरी गेट क्षेत्र के एक युवक का 315 बोर का .तमंचा लहराते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो से ऐसा लग रहा है कि इस युवक को पुलिस का कतई भय नहीं है। जिसके चलते यह वेखौफ होकर तमंचे को लहरा रहा है। हालांकि अभी तक यह वीडियो पुलिस के संज्ञान में आया अथवा नहीं। यदि आता भी है, तो पुलिस उपरोक्त युवक पर क्या कार्यवाही करती है। फिलहाल इस प्रकार के वीडियो से युवक के अंदर की मानसिकता साफ झलक रही है कि वह वह बेखौफ है। उसके अंदर कानून का कतई भय नहीं है। ऐसे लोग समाज के लिए घातक सिद्ध हो सकते हैं। पुलिस को इस मामले में तुरंत संज्ञान लेना चाहिए और उपरोक्त युवक को सलाखों के पीछे भेजने का काम करना चाहिए।



तमंचे दिखाता युवक

# गर्मी में करें धूप से बचाव, खूब पीएं पानी

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

भीषण गर्मी और लू ने लोगों की चिंता बढ़ा दी है। अत्यधिक तापमान से हीट स्ट्रोक (लू लगना) हो सकता है। जिसमें शरीर का आंतरिक ताप 40 डिग्री से ऊपर चला जाता है और ताप नियमन प्रणाली फेल हो जाती है। इससे मस्तिष्क, हृदय इत्यादि अंगों को क्षति हो सकती है। गर्मी से डीहाइड्रेशन (निर्जलीकरण) भी होता है। क्योंकि शरीर से पसीना अधिक निकलता है और पानी की कमी हो जाती है। इस स्थिति में मल, चक्कर, उल्टी, तीव्र थकावट और सिरदर्द जैसे लक्षण दिखते हैं। साथ ही धूप में त्वचा गर्म-शुष्क हो जाती है। इससे रक्तचाप गिर सकता है और शरीर की सामान्य क्रियाएँ प्रभावित होती हैं। यह जानकारी डा. सचिन द्विवेदी ने दी। बताया कि गर्मी से विशेष कर कमज़ोर समूह प्रभावित होते हैं। छोटे बच्चे, बुजुर्ग और गर्भवती महिलाओं को गर्मी का खामियाज़ा जल्दी उठाना पड़ सकता है। इनके शरीर में तापमान नियंत्रित करने की क्षमता कमजोर होती है। गर्भवती महिलाओं में अत्यधिक गर्मी से परेशानियाँ बढ़ सकती हैं। इसलिए इनका विशेष ध्यान रखना चाहिए। इन जोखिमों से बचने के लिए सावधानी और बचाव के उपाय अपनाना अनिवार्य है। सरकार और स्वास्थ्य मंत्रालय ने निम्न दिशा-निर्देश दिए हैं। दिनभर जितना हो सके पानी, नींबू-पानी, छाछ, देसी आम का पना, ओआरएस पीते रहें। ताकि शरीर हाइड्रेट रहे। 12 बजे से शाम 4 बजे तक घर के अंदर या छाया-क्षेत्र में रहें। बाहर निकले तो हल्के-ढीले सूती कपड़े पहनें, सिर पर टोपी या छाता लगाएं। भोजन में ताज़े फल-सब्जियाँ, खीरा, तरबूज आदि लें। तीखा-भूना खाने से परहेज़ करें। यदि किसी को लू या हीट स्ट्रोक के लक्षण दिखें (चक्कर, उल्टी, भ्रम, कमजोरी आदि), तो तुरंत ठंडी जगह पर जाकर पानी पिएं और डॉक्टर की सलाह लें।



डॉ. सचिन द्विवेदी।

# साइबर क्राइम से बचाव के लिए किया जागरूक

▸ बाल श्रम अधिनियम व साइबर क्राइम के सम्बन्ध में दी मौजूद लोगों को जानकारी

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

विकास खण्ड कार्यालय हसेरन में खण्ड विकास अधिकारी रतिराम, प्रमोद कुमार तिवारी थाना प्रभारी एएचटीयू मय टीम व चाइल्ड हेल्प लाइन टीम के द्वारा विधि विरूद्ध कार्यों में लिप्त बच्चों के संरक्षण, कल्याण एवं पुर्नस्थापना को सुनिश्चित करने हेतु मिशन वात्सल्य योजना के सुचारू एवं सुगम क्रियान्वयन हेतु तथा विकलांग बच्चों की पहचान एवं स्वास्थ्य परीक्षण हेतु बैठक की गई। तथा बाल श्रम अधिनियम व साइबर क्राइम के सम्बन्ध में मौजूद लोगों को जानकारी दी गई। ए.एच.टी.यू. टीम द्वारा शासन एंव प्रशासन द्वारा जारी टोल फ्री हेल्प लाइन नम्बर- 1090, 1098, 108, 112, 1076 व 181 आदि के सम्बन्ध मे जानकारी दी गयी।




ब्लॉक हसेरन में लोगों को जागरूक करते प्रमोद कुमार तिवारी

# हिट एंड रन मामले में मृतकों के वारिसों को मिला दो-दो लाख का मुआवजा

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

▸ सदर तहसील के तीन व छिबरामऊ के एक कुल चार प्रकरणों का किया भुगतान

हिट एंड रन मामले में मृतकों के वारिसों को दो-दो लाख रुपए का मुआवजा दिया गया। जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने बताया कि ऐसी सड़क दुर्घटनाएं जहाँ किसी व्यक्ति को गंभीर चोट/ मृत्यु पहुँचाने वाले वाहन की पहचान या पता नहीं लगाया जा सकता है। हिट एंड रन दुर्घटनायें कहलाती हैं। हिट एंड रन मोटर वाहन दुर्घटना- 2022 की क्षतिपूर्ति राशि को संशोधित कर अब मृत्यु होने पर 2 लाख रुपये और गंभीर चोट लगने पर 50,000 रुपये कर दिया गया है। यह योजना 01 अप्रैल 2022 से लागू है। हिट एंड रन मुआवजा योजना- 2022 के अन्तर्गत अज्ञात वाहन से दुर्घटना में हुई मृत्यु सुशील कुमार निवासी ग्राम मकदुमापुर, तहसील सदर एवं मृतक मनोज राठौर निवासी मोहल्ला लाला मिश्रा तथा मृतक गौरव शंखवार निवासी मोहल्ला सरायबहादुर व मृतक गुलाब सिंह निवासी नवादा तेराजकेट, छिबरामऊ के मृतक आश्रितों को 02-02 लाख रू0 का भुगतान कर दिया गया। इस प्रकार तहसील सदर के 03 प्रकरण तथा छिबरामऊ के 1 प्रकरण कुल 04 प्रकरणों का भुगतान किया गया।

# अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए बनाएं व्यापक रणनीतिः डीएम

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

बच्चों एवं महिला उत्पीड़न से संबंधित मामलों में सजा दिलाये जाने हेतु पैरवी की जाये। जिन मामलों में समाज पर सीधा असर पड़े। ऐसे प्रकरणो को प्राथमिकता के साथ पैरवी कर निस्तारित किया जाये। सरकार की प्राथमिकता में है, कि गंभीर अपराधियों को सजा दिलाने हेतु पैरवी की जाये। अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाये जाने हेतु व्यापक रणनीति बनायी जाये। यह बात जिला अधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने कलेक्ट्रेट सभागार में कानून व्यवस्था, अभियोजन एवं नारकोटिक्स के सम्बन्ध में हुई बैठक में कही। उन्होंने कहा कि माह मई में गंभीर अपराधों के 25 मामलों में सजा हुई हैं।

उन्होनें कहा कि माह मई में पॉक्सो एक्ट के 10 निर्णीत प्रकरणों में 6 को सजा हुई हैं। पॉस्को एक्ट से संबंधित प्रकरणों में शत- प्रतिशत सजा दिलाये जाने हेतु पैरवी की जाये। कहा कि पांच वर्ष से अधिक पुराने मामलों की संख्या 3809 हैं। जिन्हें प्राथमिकता से पैरवी कर निस्तारित किया जाये। बैठक में एसपी विनोद कुमार, एडीएम आशीष कुमार सिंह, प्रशिक्षु आईएएस अर्पित कुमार, जिला अभियोजन अधिकारी, जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी, अपर जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी आदि उपस्थित रहे।




कलेक्ट्रेट में अधिकारियों के साथ बैठक करते जिलाधिकारी

# झोलाछाप के गलत इंजेक्शन लगाने से युवक की मौत

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**


रोते बिलखते मृतक के परिजन व इन्सेट में मृतक का फाइल फोटो

झोलाछाप के गलत इंजेक्शन लगा देने से उपचार के दौरान युवक की मौत हो गयी। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। घटना की सूचना पाकर पहुंच पुलिस ने जांच पड़ताल की। वहीं फॉरेंसिक टीम ने नमूने एकत्र किये। बाद में पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों ने चिकित्सक के विरुद्ध तहरीर दी है।

जानकारी के अनुसार नवाबगंज विकास खंड क्षेत्र के थाना मेरापुर के गांव रसीदपुर नगला केल निवासी उमाकांत पुत्र खुशीराम जो कि कई दिनों से बुखार तथा अन्य कई बीमारियों से पीड़ित था, लेकिन गरीब होने के कारण वह किसी अच्छे डॉक्टर से इलाज नहीं कर सका। परिजन गांव में ही बैठने वाले झोलाछाप से इलाज करवाने लगे। झोलाछाप पड़ोस के ही गांव गुठिना निवासी रूपलाल पुत्र बनवारी लाल अपने गांव तथा आसपास क्षेत्रों में घूमकर इलाज करता है। परिजनों के बताए मुताबिक इलाज के दौरान गलत तरीके से इंजेक्शन लगाने से उमाकांत की एकदम हालत खराब हो गई और उपचार के दौरान मौत हो गई। मौत की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक अपने पीछे एक पुत्र तथा दो मासूम पुत्रियां काव्या तथा पुत्री लाडो को छोड़ गया। घटना के बाद से मृतक की पत्नी शशि तथा अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। सूचना मिलने पर थाना पुलिस व फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने जांच पड़ताल की। जांच पड़ताल के बाद थाना पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। घटना के संबंध में परिजनों ने झोलाछाप के विरुद्ध तहरीर दी है।

# बाइक से स्टंट कर रहे युवकों ने पिता पुत्री को मारी टक्कर, पिता की मौत

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।**


मृतक का फाइल फोटो

शादी समारोह से वापस लौट रहे पिता पुत्री की बाइक में स्टंट कर रहे युवकों ने टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। स्वजन इलाज के लिए दोनों को निजी अस्पताल ले गए। इलाज के दौरान पिता की मौत हो गई। शव देखकर स्वजन बिलखने लगे।

जानकारी के अनुसार क्षेत्र के गांव बिल्हा निवासी 45 वर्षीय बबलू चौहान रविवार दोपहर बेटी कुसुम के साथ वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने थाना राजेपुर के गांव जैनापुर स्थित ससुराल गए थे। सोमवार सुबह बाइक से बेटी के साथ घर वापस लौट रहे थे। घर वापस लौटते समय पिता पुत्री थाना शमशाबाद स्थित ढाईघाट में गंगा नहाने के लिए चले गए। गंगा नहाने के बाद वह पुल पर खड़े होकर बाइक में झोला बांध रहे थे। उसी समय पीछे से स्टंट करते आए तेज रफ्तार दो बाईकों पर सवार चार युवकों ने सड़क किनारे खड़े पिता पुत्री को टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। राहगीरों ने मामले की सूचना स्वजनों व पुलिस को दी। स्वजन इलाज के लिए दोनों घायलों को फर्रुखाबाद ले गए। हालत गंभीर होने पर बबलू को स्वजन बरेली ले गए। मंगलवार दोपहर इलाज के दौरान बबलू की मौत हो गई। शव देखकर स्वजन बिलखने लगे। जबकि पुत्री कुसुम का इलाज जारी है। मृतक के दो पुत्र सचिन, युवराज एक पुत्री कुसुम है। मृतक की पत्नी प्रेमलता का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। स्वजन बरेली के लिए रवाना हो गए। मृतक अपने परिवार के साथ हरियाणा के सोनीपथ में रहता था। दो दिन पूर्व परिवार के साथ शादी समारोह में शामिल होने गांव आया था।

## बच्ची समेत दो को बंदरों ने काटकर किया घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र में बंदरों का आतंक इस कदर हावी है कि आज बच्ची समेत दो लोगों को काटकर घायल कर दिया। जिनका सीएचसी में उपचार कराया गया। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के गाँव रिटौल निवासी मानसी उम्र ढाई वर्ष पुत्री शिवपाल घर पर बैठकर खेल रही थी। उसी दौरान बन्दर ने उस पर हमला कर काटकर घायल कर दिया। वहीं कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला चिलाँका निवासी रिंकू उम्र 35 वर्षीय पुत्र जाकिर मन्सूरी बेकरी से पैदल अपने घर के लिए जा रहे थे। कोरी समाज धर्मशाला चिलॉका के पास पहुंचते ही वहाँ पर मौजूद बन्दरों ने उस पर हमला कर दिया। जिससे मासूम बच्ची सहित दोनों लोग घायल हो गये। आनन-फानन में दोनों के परिजन नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया।


बच्ची के इंजेक्शन लगाती नर्स

## ब्लेकमेल से क्षुब्ध महिला के आत्महत्या करने के मामले में मुकदमा दर्ज

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।** युवक ने महिला को झांसे में लेकर अश्लील वीडियो व फोटो ले लिए। फोटो व वीडियो को सोशल मीडिया पर प्रचलित कर धमकी दी। जिससे आहत महिला ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पीड़ित की तहरीर पर आरोपित युवक के खिलाफमुकदमा दर्ज किया गया। क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने दी तहरीर में बताया कि गांव निवासी युवक संकेश ने उसकी पत्नी को झांसा में लेकर अश्लील वीडियो व फोटो ले लिए। युवक महिला से रुपए की मांग करने लगा। रुपए न देने पर युवक आए दिन महिला को प्रताड़ित कर फोटो व वीडियो को सोशल मीडिया पर प्रचलित करने की धमकी देने लगा। महिला ने मामले की जानकारी पति को दी। इसी बात से क्षुब्द महिला ने लगभग एक माह पूर्व फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पीड़ित की तहरीर पर एक माह बाद पुलिस आने आरोपित युवक के खिलाफमुकदमा दर्ज कर लिया। थाना प्रभारी विश्वनाथ आर्या ने बताया मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान चलाकर चार का किया चालान

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**


ई-रिक्शा का चालान करते पुलिसकर्मी

यात्रा को सुरक्षित व बेहतर बनाने के लिए पुलिस अधीक्षक आरती सिंह के निर्देशन में नवाबगंज पुलिस ने सोमवार पैदल गस्ती कर नवाबगंज चौराहे पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन कर रहे चार वाहनों का चालान किया। जिसमें दो ई-रिक्शा व दो चार पहिया वाहन शामिल हैं। साथ ही टेम्पो चालकों, ई-रिक्शा चालकों, बाइक चालकों व बड़े वाहनों के चालकों से अपील की कि वह यातायात के नियमों का पालन करें। नियमों के उल्लंघन से हादसे का डर बना रहता है। नियम तोड़ने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि आजकल काफी सड़क दुर्घटनायें हो रही हैं। जिसका मुख्य कारण यातायात के नियमों का पालन न करना है। यदि हम पूरी तरह से नियमों का पालन करें, तो हम काफी हद तक सड़क दुर्घटनाओं को रोक सकते हैं। इस मौके पर थानाध्यक्ष विद्यासागर तिवारी, एसआई हेमंत कुमार, कांस्टेबिल अरविंद कुमार, किरन कुमार आदि मौजूद रहे।

# पुलिस की ट्रेनिंग लेने के लिए एक दर्जन युवक-युवतियां हुए रवाना

## मोहल्लेवासियों ने माला पहनाकर किया स्वागत, छुड़ाई आतिशबाजी

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

नगर से सुबह लगभग एक दर्जन से अधिक युवक-युवतियां पुलिस की वर्दी पहनने के लिए रवाना हुए। मोहल्लेवासियों ने माला पहनाकर व आतिशबाजी छुड़ाकर युवाओं को विदा किया।

मिली जानकारी के अनुसार पुलिस भर्ती के लिए नगर से लगभग एक दर्जन से अधिक युवा व युवतियां ट्रेनिंग के लिए रवाना हुए। जिसमें लगभग तीन लड़कियां भी शामिल हैं। इससे नगर में खुशी का माहौल है। लोगों का कहना है कि कांस्टेबिल पद पर इतने युवाओं के चयन के बाद तैयारी कर रहे बच्चों को और ऊर्जा मिलेगी। जिनको इस बार सफलता नहीं मिली वे और मेहनत करके अपने मुकाम को हासिल करेंगे। पुलिस में भर्ती हुए नगर के मोहल्ला पुराना गनीपुर निवासी सिद्धांत राज जिनके पिता का साया उनके बचपन में छिन गया था। मां आंगनवाड़ी कार्यकत्री है जिन्होंने मेहनत करके सिद्धांत राज को पढ़ा लिखाकर इस काबिल बनाया कि आज वह अपनी मां की मेहनत को देश की सेवा करके दिख सके। सिद्धांत राज का कहना है कि वह बहुत खुश है कि मेरा चयन पुलिस विभाग में हो गया है। यह मेरे लिए एक सपने के सच होने जैसा है। मैं अपने देश और समाज की सेवा करने के लिए तैयार हूं। इसके पीछे उनकी मां मीनाक्षी देवी, चाचा सर्वेश कुमार व गुरुजनों का सहयोग रहा है। सभी लाभार्थी सुबह नगर के युवा और युवतियां पुलिस प्रशिक्षण के लिए रवाना हो गए हैं।

### प्रशिक्षण के लिए इन जगह रवाना हुए नए पुलिसकर्मी

नगर के मोहल्ला पुराना गनीपुर निवासी सिद्धांत राज अयोध्या, सिरमौरा निवासी खुशबू पुत्री लालाराम लखीमपुर खीरी, सिरमौरा निवासी अभिषेक शाक्य रायबरेली, सिरमौरा निवासी राजू यादव अयोध्या, सिरमौरा निवासी आदित्य यादव रायबरेली, सिरमौरा निवासी प्रभा यादव पुत्री दलवीर यादव आंबेडकर नगर, मोहल्ला सलेमपुर बरतल निवासी रामखिलाड़ी रायबरेली, नवाबगंज बाजार निवासी हासिम इदरीस रायबरेली, बाजार निवासी अमित गुप्ता लखीमपुर व एक ही घर से चयनित हुए तिराहा निवासी चचेरे भाई बहन अंकित वर्मा सीतापुर, तनु वर्मा पुत्री रामवीर सिंह लखीमपुर खीरी के लिए रवाना हुए।

# जानलेवा हमले में दोष सिद्ध, सजा पर सुनवाई 30 जून को



जनपद न्यायालय फर्रुखाबाद

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अपर जिला जज एंव सत्र न्यायाधीश विशेष तृतीय शैलेन्द्र सचान ने बृजेश पुत्र देशराज निवासी सुल्तानपुर कोतवाली मोहम्मदाबाद को जानलेवा हमले के मामले में दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 30 जून की तिथि नियत की गयी है।

बीते 16 वर्षों पूर्व कोतवाली मोहम्मदाबाद की पुलिस को जादुनाथ पुत्र अशर्फीलाल निवासी मीठापुर कमालगंज निवासी ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि वह अपने फूफा दिवारी लाल निवासी सुल्तानपुर मोहम्मदाबाद के पास रहकर खेती का कार्य करता था। उसके फूफा दिवारी लाल का एक जमीन संबंधी मुकदमा फूल सिंह से चल रहा था। जिससे फूल सिंह रंजिश मानते थे। दिनांक 29 मार्च 1994 को करीब पांच बजे शाम को फूल सिंह, देशराज, शिवनाथ, बृजेश अपने हाथों में तमंचा व लाठी व ईट पत्थर लेकर फूफा दिवारी लाल के दरवाजे पर आए और गालियां देने लगे। बृजेश ने तमंचे से फायर किया और कहा आज साले को जान से मार देंगे। शोर की आवाज सुनकर गांव के लोग आ गए। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर न्यायलय में फाइनल रिपोर्ट लगा दी। वादी ने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में प्रोटेस्ट दाखिल किया। न्यायलय ने साक्ष्य के आधार पर आरोपियों को तलब किया।

मुकदमा विचारण के दौरान फूल सिंह, देशराज की मृत्यु हो गई। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता की कुशल पैरवी के आधार पर न्यायाधीश शैलेन्द्र कुमार सचान ने बृजेश को जानलेवा हमले में दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 30 जून की तिथि नियत है।

## बाइकों की भिड़ंत में किशोर समेत तीन घायल


घायल किशोर का उपचार करता फार्मासिस्ट

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** बाइकों की भिड़ंत में तीन लोग घायल हो गये। जिन्हें सीएचसी में भर्ती कराया गया। वहीं गलती होने के बाद भी किशोर के पिता ने जबरन पुत्र की बाइक में टक्कर मारने का आरोप लगाकर बाइक सवारों से दस हजार रुपये वसूल लिये और अस्पताल से जाने दिया। जानकारी के अनुसार शमसाबाद थाना क्षेत्र के गाँव सैदवाड़ा निवासी परवेज उम्र 38 वर्षीय पुत्र मुखतियार अपने गाँव के साथी अफसार पुत्र मुश्ताक के साथ बाइक पर बैठकर रिश्तेदार शकील की मौत की सूचना पर उनके यहाँ कटिया थाना कम्पिल गये थे। वहाँ शकील के शव को कब्रिस्तान में दफन करने के बाद बाइक द्वारा अफसार व परवेज वापस अपने घर के लिए लौट रहे थे। कायमगंज-फर्रुखाबाद मार्ग टेड़ीकोन थाना कायमगंज के पास पहुँचते ही वहाँ से पैदल रोड क्रास कर रहे वीरू उम्र 16 वर्ष पुत्र रिजवान निवासी कुबेरपुर थाना कायमगंज की जोरदार टक्कर लगने से बाइक फिसल कर गिर गई। जिससे बाइक सवार अफसार व परवेज एवं वीरू गम्भीर रूप से घायल हो गये। आसपास के लोगों ने अफसार की बाइक को वहाँ पर खड़ी करके ई-रिक्शे द्वारा तीनों लोगों को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आये। जहाँ वीरू के पिता ने अफसार पर बेटे की बाइक में जबरन टक्कर मारने का आरोप लगाया और डायल 112 पुलिस को सूचना दी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पहुँची डायल 112 पुलिस ने दोनों पक्षों को समझाया और बाइक को चौकी पर खड़ी करने की बात कहकर चली गई। उसके बाद वीरू के पिता ने अफसार पर कार्यवाही करने की धमकी देते हुए बेटे का प्राइवेट में उपचार कराने की बात कही और उपचार के नाम पर अफसार से 10 हजार रुपये लेकर अफसार को जाने दिया।

# पंचायत सहायकों की हो गयी नियुक्ति लेकिन नहीं बना पंचायत भवन

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

पंचायत विभाग की लापरवाही एक बार फिर सामने आयी है। पंचायत सहायकों की नियुक्ति कर दी गयी, लेकिन पंचायत भवन अभी तक नहीं बन सका। जबकि नवीन ग्राम पंचायत का कार्यकाल खत्म होने की कगार पर है। जानकारी के अनुसार नवाबगंज विकास खंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत चांदपुर की नवीन पंचायत का गठन हुआ था जो की ग्राम पंचायत बघौरा में यह गांव लगता था जिसको काटकर ग्राम चांदपुर को नई ग्राम पंचायत का दर्जा दिया गया था। जिस पर ग्राम प्रधानी का चुनाव अभय राज की पत्नी ने जीता था और लगातार वह ग्राम पंचायत अध्यक्ष के रूप में काम कर रही थी। वहीं शासनादेश के अनुसार सभी ग्राम पंचायत में पंचायत सहायकों का गठन हुआ और उनको नियुक्तियां भी मिल गईं, लेकिन अभी तक विभाग पंचायत सहायक को बैठने के लिए पंचायत भवन उपलब्ध नहीं कर पाया, जबकि शासनादेश के मुताबिक लगातार अधिकारी प्रयासरत थे की सभी ग्राम पंचायत में पंचायत सहायकों के बैठने के लिए पंचायत भवन उपलब्ध कराया जाए जिससे कि ग्रामीण जनता को बार-बार विकास खंड कार्यालय के चक्कर न काटना पड़ें, लेकिन ग्राम पंचायत चांदपुर के लोग अभी भी पंचायत भवन उपलब्ध न होने के कारण विकास खंड कार्यालय के चक्कर काटते हैं। जब वहां पंचायत सहायक के लिए बैठने की जगह नहीं है, तो कहां वह अपने उपकरण रखें और कहां से जनता को सहूलियत दिला सकें।

जब इस बाबत विकास खंड अधिकारी सुनील जायसवाल से बात करनी चाही, तो उनका फोन नहीं लग सका। जिससे की पूर्ण जानकारी हो सके। ग्राम पंचायत के प्रधान पति अभय राज ने बताया की अब तो ग्राम पंचायत के प्रधानी का कार्यकाल भी पूरा हो चुका है जो भी महीने बचे हैं वह भी पूर्ण हुए जा रहे हैं, लेकिन अधिकारियों की लापरवाही से ग्राम पंचायत को पंचायत भवन नहीं उपलब्ध कराया जा सका।

# रंजिशन दबंगों ने पिता-पुत्री को पीटा

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**


मारपीट में घायल युवती

रंजिशन दबंगों ने पिता-पुत्री को मारपीट कर घायल कर दिया। घटना के संबंध में थाना पुलिस को तहरीर दी गयी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच पड़ताल शुरु कर दी है। जानकारी के अनुसार कम्पिल थाना क्षेत्र के गॉव कटिया निवासी शहनाज उम्र 18 वर्षीय पुत्री नन्हें ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कहा है कि 15 दिन पूर्व नाली के विवाद को लेकर पड़ोसी तौफीक पुत्र बजीर ने हमारे साथ मारपीट कर उल्टी हम लोगों के खिलाफ थाने में शिकायत की थी। हल्का इन्चार्ज भभूति प्रसाद ने हमारे पिता नन्हें का शांतिभंग में चालान कर दिया था। जिसकी जमानत हमने एसडीएम कोर्ट के बाबू श्रवण कुमार से करवाई थी। उसके बाद आज हमारे पिता नन्हें मवेशियों को खूंटे पर बांध रहे थे। उसी दौरान तौफीक अपने बेटे रहीम, अजीम, समद, अन्नू एक राय होकर आये और आते ही उसके पिता नन्हें के साथ गाली गलौज करने लगे। नन्हें ने गलियां देने का विरोध किया, तो उक्त लोग नन्हें के साथ लात-घूसों से पिटाई करने लगे। पिता को पिटता देख बीच बचाव के लिए आई बेटी शहनाज को भी उक्त लोगों ने घर में घुसकर मारापीटा। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर शहनाज का मेडीकल परीक्षण करवाने के लिए कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। जहाँ डाक्टर विपिन कुमार द्वारा शहनाज का मेडीकल परीक्षण किया गया।

# सलमान ने लोगों से की कांग्रेस से जुड़ने की अपील, हुआ स्वागत

**संगठन सृजन अभियान के तहत ग्रामीणों के साथ की बैठक**

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।**


स्वागत के दौरान सलमान खुर्शीद व जिलाध्यक्ष आदि

पूर्व विदेश मंत्री ने संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत एक गांव में बैठक की। उन्होंने ग्रामीणों को से बातचीत कर उन्हें आगामी चुनाव के बारे में समझाया। इस दौरान नगर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनका फूल मालाओं से स्वागत किया।

पूर्व विदेश मंत्री व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सलमान खुर्शीद मंगलवार दोपहर कंपिल पहुंचे। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनका फूल मालाओं से स्वागत किया। इसके बाद वह कटिया गांव मे लगी चौपाल में लोगों से मिलकर कांग्रेस से जुड़ने की अपील की। इस दौरान पूर्व विधायक लुईस खुर्शीद के अलावा कई कांग्रेस नेता मौजूद रहे। पूर्व विदेश मंत्री ने कहा की हमारा और पाकिस्तान के मुस्लिमों का एक ही मजहब है। फिर भी वह हिंदुस्तान के मुस्लिम भाइयों को नुकसान पहुंचा रहा है। हमारे लिए हमारा हिंदुस्तान ही सर्वोपरि है। इससे बढ़कर कोई रिश्ता नहीं है। कांग्रेस नेता ने कहा की वह राहुल गाँधी के निर्देश पर गांव-गांव जाकर लोगों का एक्सरा कर रहे हैं।

लोगों से मिलकर जानना चाह रहे है कि क्या कमियाँ रहीं और उनमें कैसे सुधार किया जाए।

उन्होंने मौजूद लोगों से कांग्रेस से जुड़ने की अपील की। उन्होंने अनपढ़ को पढ़ाने व पढ़े लिखे व्यक्ति को लोगों के सामने अपने विचार रखने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान कंपिल नगर कांग्रेस अध्यक्ष साबिर अली, रहमान, डॉ0 चंद्रपाल, संतोष राठौर, जोगपाल शाक्य सहित अन्य कांग्रेसी नेता मौजूद रहे।

# कृषि मंडी समिति में मक्का सुखाने का विरोध करने पर दबंगों ने अधेड़ को पीटा

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**


घायल का इलाज करते फार्मासिस्ट

कम्पिल थाना क्षेत्र के गाँव सुल्तानपुर निवासी हरिशचन्द्र उम्र 45 वर्षीय पुत्र रामचन्द्र ने कोतवाली कायमगंज में प्रार्थना पत्र देकर कहा है कि वह ट्रैक्टर द्वारा अपनी मक्का सुखाने के लिए कृषि मन्डी समिति कायमगंज आये थे। वहाँ पर हरिशचन्द्र ने ट्रैक्टर से मक्का नीचे उतार कर सुखाने लगे। उसी दौरान अजय अपने अज्ञात साथियों के साथ आया और आते ही हरिशचन्द्र के साथ गाली देते हुए बोला कि यहाँ पर मक्का हम सुखाते हैं और आज भी हम सुखायेंगे। हरिशचन्द्र ने मना किया, तो अजय ने अपने साथियों के साथ मिलकर लात-घूसे व लाठी-डन्डों से मारपीट कर घायल कर दिया। सूचना पर पहॅुची पुलिस ने एक व्यक्ति को मौके से पकड़ लिया। साथ ही घायल हरिशचन्द्र को मेडीकल परीक्षण करवाने के लिए कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भेजा। जहाँ उसका मेडीकल परीक्षण डॉ. विपिन कुमार ने किया।

# दुकान का ताला तोड़कर किरायेदार का निकाला सामान, पुलिस को दी तहरीर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


दुकान का ताला तोड़ने के बाद मौजूद महिलायें

दुकान का ताला तोड़कर किरायेदार का सामान निकाल लिये जाने के संबंध में पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही करने की मांग की है।

जानकारी के अनुसार पीड़ित पंकज कान्त मिश्रा पुत्र स्व. श्री कृष्णकान्त मिश्र निवासी मोहल्ला नुन्हाई थाना कोतवाली फर्रुखाबाद वर्तमान निवासी राजकर अधिकारी राजकर कार्यालय बदायुं ने पुलिस अधीक्षक को दी गयी हरीरमें कहा है कि मेरी दुकान फर्रुखाबाद रोडवेज बस स्टेशन पर स्थित है।

मैंने उपरोक्त दुकान जूली एवं संतोषी पुत्रीगण स्व. रामऔतार शुक्ला द्वारा वर्ष 2012 में खरीदी थी। तब से मैं उक्त दुकान का मालिक व कब्जेदार हूँ। मेरी उपरोक्त दुकान में प्रदीप एवं अरविन्द पुत्रगण स्व0 भीकम सिंह निवासी अल्लाहनगर अण्डियाना डिग्गीताल थाना कादरीगेट दोनों तब से किरायेदार हैं। दिनांक 12.05.2025 को शाम लगभग 4:00 बजे जूली शुक्ला व संतोषी शुक्ला व दिनेश दुबे पुत्र रामप्रकाश दुबे व अर्पित दुबे पुत्र दिनेश दुबे द्वारा मेरे भाई प्रदीप एवं बहनोई सर्वेश दुकान पर बैठे थे। उक्त चारों व्यक्तियों ने दुकान का सामान लूटकर अपनी दुकान में भर लिया तथा धमकाकर बाहर से ताला लगा दिया। जिसकी लिखित शिकायत मेरे किरायेदार द्वारा थाना कादरीगेट पर की गयी, परन्तु थाना पुलिस द्वारा कोई मदद नहीं की गयी। सामान लूटने की वीडियो भी दिखायी तथा पुनः दिनांक 14.06.2025 को करीब सुबह 4:00 बजे ताला तोडकर डीप फ्रिज एवं अन्य सामान निकाल लिया गया। उपनिरीक्षक कपिल कुशवाहा के सहयोग से निकाला गया। मेरे किरायेदार द्वारा जब उपनिरीक्षक को कॉल की गयी तो उपनिरीक्षक द्वारा दोनों पक्षों को थाने पर बैठाया गया तथा जूली को तुरन्त छोड़ दिया गया तथा मेरे किरायेदार प्रदीप को सुपुदर्गी देकर शाम को छोड़ा गया।

# रंजिशन दो पक्षों में चले लाठी-डंडे, चार घायल

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।**

रंजिश में दो पक्ष आमने सामने हो गए। जिससे जमकर लाठी-डंडे चले। दोनों पक्षों से चार लोग लोग घायल हो गए। पुलिस ने सभी घायलों को इलाज के लिए सीएचसी कायमगंज भेज दिया। दोनों पक्षों ने थाने पहुंच मामले की तहरीर दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।


जानकारी देता घायल युवक

जानकारी के अनुसार क्षेत्र के गांव कटिया निवासी चांद मियां व रेहान खान में रंजिश को लेकर मंगलवार शाम विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर दोनों पक्षों से दर्जन भर से अधिक लोग इकट्ठे हो गए और जमकर लाठी-डंडे चले। जिसमें प्रथम पक्ष से चांद मियां, बहार अली व द्वितीय पक्ष से रेहान व रिजवान अली घायल गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस को देखते हमलवार फरार हो गए।

पुलिस सभी घायलों को थाने ले आई। प्रथम पक्ष के चांद मियां ने दी तहरीर में बताया कि वह शाम चार बजे अपनी मोटर साइकिल से कंपिल बाजार करके घर वापस जा रहा था। गांव में घुसते ही रेहान आधा दर्जन साथियों के साथ घेरकर गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर लाठी-डंडों से मारपीट कर दी। जिससे उसका सिर फट गया। दूसरे पक्ष के रेहान ने दी तहरीर में बताया कि वह कंपिल रोड स्थित परचून की दुकान पर खड़ा था। उसी समय गांव निवासी भरुआ, निहाल शिबू व गुड्डू आए और मारपीट करने लगे। बचाने आए भाई को भी मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने सभी घायलों को सीएचसी भेज दिया। थाना प्रभारी विश्वनाथ आर्या ने बताया तहरीर मिली है। मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## अयोध्या में महिला किसान नेता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** किसान यूनियन महिला मोर्चा की अध्यक्ष की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार फतेहगढ़ कोतवाली के क्षेत्र कर्नलगंज छावनी क्षेत्र निवासी विजय प्रताप चौहान की पत्नी साधना चौहान जो कि किसान यूनियन महिला मण्डल मोर्चा की अध्यक्ष बतायी गई। थाना कमालगंज के ग्राम बहवलापुर स्थित अपने मायके में रह रही थी। मंगलवार को अचानक परिजनों के अनुसार तबियत खराब होने पर उन्हें उपचार के लिए अस्पताल ले जा रहे थे, तभी रास्ते में मौत हो गयी। उनका बीते 25 वर्ष पूर्व विजय प्रताप चौहान के साथ विवाह हुआ था। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतका के पुत्र राहुल, गोलू, आकाश, सौरव, मनू व पुत्री मिठी का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतका के भाई अवनीश चौहान ने बताया कि बहन की तबियत खराब होने पर उसे उपचार के लिए ले जा रहे थे, तभी उसने रास्ते में दम तोड़ दिया। अस्पताल ले जाने पर चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। वहीं सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार साधना चौहान का चेहरा पूरी तरह नीला हो गया था ऐसा बताया जा रहा है। मौत के कारणों का पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने पर पता चलेगा।

# सपा ने भोजपुर में जन पंचायत में की पीडीए पर चर्चा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

समाजवादी पार्टी द्वारा भोजपुर विधानसभा के अंतर्गत बूथ संख्या 238 ग्राम नथुआपुर, भोला नगला, उमराव नगला में पूर्व विधायक उर्मिला राजपूत के नेतृत्व में संयुक्त जन पंचायत, पीडीए चर्चा एवं पीडीए संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला महासचिव जहान सिंह लोधी, प्रधान कश्मीर सिंह यादव, रामगोपाल वर्मा, तुलाराम वर्मा, रिशिपाल वर्मा, हाकिम सिंह, उमेश राजपूत, सुरेश चंद्र, रोहित वर्मा उपस्थित रहे।

बूथ संख्या 238 स्थित धारा नगला में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व प्रधान राजा राम वर्मा, विनोद शास्त्री, शिवरतन सिंह, रामविलास यादव, उदय सिंह यादव मौजूद रहे। बूथ संख्या 239 एवं 240 के अंतर्गत ग्राम बहुरन हवेली में भी डॉ0 रघुवीर सिंह वर्मा की अध्यक्षता में पीडीए संवाद कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसमें पूर्व प्रधान छोटेलाल वर्मा, रामनिवास वर्मा, डॉ. अवधेश वर्मा, सनी राजपूत, भूधर वर्मा तथा आदिल आदि ने भाग लिया। पूर्व विधायक उर्मिला राजपूत ने स्व. बाबूराम वर्मा के निधन पर उनके आवास पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की।


पीडीए कार्यक्रम में मौजूद उर्मिला राजपूत व ग्रामीण

उन्होंने कहा कि आज प्रदेश में भाजपा की सरकार पूरी तरह से जातिगत भेदभाव के आधार पर कार्य कर रही है।

उन्होंने कहा कि सिर्फ समाजवादी पार्टी और राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ही हैं, जो हर वर्ग, हर समुदाय और हर पीड़ित की आवाज बुलंद कर रहे हैं। समाजवादी पार्टी आज भी गरीबों, शोषितों और वंचितों के साथ मजबूती से खड़ी है।

# योग सप्ताह के तीसरे दिन ऑनलाइन व ऑफलाइन कार्यशाला का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अंतर्राष्ट्रीय योग सप्ताह समारोह के तीसरे दिन मंगलवार को मेजर एसडी सिंह पीजी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज में योग के साथ अपनी क्षमता को अनलॉक करें (योग से अपनी क्षमता को उजागर करें) थीम पर ऑनलाइन और ऑफलाइन योग कार्यशालाओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्जवलन और पतंजलि योग सूत्र की प्रार्थना से हुई। योग प्रशिक्षक डॉ. काविता नेगी ने सत्र का कुशलतापूर्वक आयोजन किया। जिसमें विभिन्न आसन, प्राणायाम और ध्यान अभ्यास किए गए। प्राचार्य डॉ. अंजना दीक्षित, उप प्राचार्य डॉ. नीतूश्री और अध्यापक डॉ. शीलू गुप्ता, डॉ. रीता सिंह, डॉ.जितेंद्र रॉय गौड़, डॉ. विजय मोहन गुप्ता, डॉ. मुकेश विश्वकर्मा, डॉ. मनीष उपाध्याय शर्मा, डॉ. रूमा डे, डॉ. मधु रंजन, डॉ.भारती पंचाल, डॉ. समर्पिता भट्टाचार्य, डॉ. विकास पटेल और डॉ. अरुण कुमार पांडे ने अपने परिवारों के साथ भाग लिया। गैर-शिक्षण स्टाफ के सदस्य जैसे राहुल, अनिल, अतुल, नीरज, सुनील और नंदू ने भी कार्यक्रम के सुचारू संचालन में योगदान दिया। बड़ी संख्या में पीजी शोधार्थियों और इंटर्न छात्रों ने ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरीकों से उत्साहपूर्वक भाग लिया। इंटर्न छात्रा आयुषी राज, सौम्या सिंह, तुषार आनंद, भास्कर ने दर्शकों के लिए योग प्रशिक्षक डॉ. काविता के मार्गदर्शन में आसनों का प्रदर्शन किया। योग के बारे में मूल्यवान जानकारी प्रदान की गई। उप प्राचार्या डॉ. नीतूश्री ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया।


योग करते प्रशिक्षु चिकित्सक व स्टाफ

# रोडवेज के रंग की डग्गामार बस सीज एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश

▸ बस का परमिट किया जायेगा निरस्त

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी के निर्देशानुसार मंगलवार को एआरटीओ-प्रवर्तन सुभाष राजपूत द्वारा कायमगंज रोड पर गुप्त प्रवर्तन अभियान चलाया गया एवं अभिसूचना के आधार पर प्रातः लगभग 08 बजे बस संख्या यूपी 14एचटी/3780 को फर्रुखाबाद से दिल्ली आनन्द विहार की ओर जाते हुये चेक किया गया तो बस का रंग उ.प्र. राज्य सड़क परिवहन निगम की बसों से मिलता हुआ प्रतीत हुआ। बस के आगे एवं पीछे ऊपरी भाग पर कौशाम्बी तथा उत्तर प्रदेश लिखा हुआ था। बस की साइड में उत्तर प्रदेश आपका अपना साथी लिखा हुआ पाया गया, बस के अन्दर दिल्ली आनन्द विहार की प्लेट लगी हुई थी। बस को उ.प्र. राज्य सड़क परिवहन निगम के फर्रुखाबाद बस स्टेशन पर चालान कर निरूद्ध कर दिया गया है तथा बस पर 48512 रुपये का जुर्माना लगाया गया है। बस का रंग उ.प्र. राज्य सड़क परिवहन निगम की बसों से मिलता हुआ होने के कारण एआरएम रोडवेज फर्रुखाबाद को बस स्वामी के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिये गये हैं। बस का परमिट निरस्त करने के लिये सचिव राज्य परिवहन प्राधिकरण लखनऊ को पत्र प्रेषित कर दिया गया है।


पकड़ी गयी बस के साथ मौजूद अधिकारी

# पंतजलि योग समिति द्वारा 20 जून को निकाली जायेगी रैली

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिला पंतजलि योग समिति एवं भारत स्वाभिमान ट्रस्ट जनपद इकाई द्वारा जिलाधिकारी व नगर मजिस्ट्रेट को पत्र सौंपकर बताया गया कि योग दिवस की पूर्व संध्या 20 जून को पाण्डेश्वर नाथ मंदिर से मधुर मिलन गेस्ट हाउस तक प्रचार-प्रसार हेतु रैली निकाली जायेगी। समिति के सभी पदाधिकारी व सदस्य 15 जून से 21 जून तक योग दिवस मनाने को लेकर योग कर रहे है। सभी ने निर्णय लिया कि जन-जन तक प्रचार-प्रसार हेतु कार्य करें और 20 जून को शाम 5 बजे से 7 बजे तक रैली में प्रतिभाग करें।

> सभी ने निर्णय लिया कि जन-जन तक प्रचार-प्रसार हेतु कार्य करें


# ऑपरेशन सिंदूर की सभी देशों ने की सराहनाः सलमान खुर्शीद

▸ कायमगंज क्षेत्र में जगह-जगह हुआ स्वागत

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

आपरेशन सिंदूर के बाद भारत सरकार ने पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद सहित प्रतिनिधि मण्डल विदेश भेजा था। वापस आने के बाद सलमान खुर्शीद का जनपद में जगह-जगह स्वागत हुआ।

मंगलवार को पितौरा स्थित शीतग्रह पर समर्थकों ने पहुंचकर उनका स्वागत किया। सलमान खुर्शीद के साथ पूर्व विधायिका लुईस खुर्शीद, उमर खुर्शीद व जुनैद खुर्शीद का भी स्वागत किया गया। कायमगंज में सम्मान समारोह कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष शकुंतला देवी ने कहा कि आपरेशन सिंदूर का प्रतिनिधित्व करते हुए सलमान खुर्शीद ने जो अनुभव साझा किये वह काबिले तारीफ है। कार्यक्रम के बाद वह कायमगंज की विधानसभा क्षेत्र में कई जगह गये वहां उनका स्वागत किया गया। सलमान खुर्शीद ने कहा कि विदेशी सरकारों के समक्ष भारत सरकार का पक्ष रखा। 33 देशों की यात्रा की। सभी जगह भारत को समर्थन मिला। उन्होंने कहा कि जिस तरह धीरे-धीरे कश्मीर में तनाव समाप्त हुआ है, कई देश इसी तरह तनाव मुक्त होना चाहते है और सभी जगह पाकिस्तान का विरोध दिखा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की विभिन्न देशों में प्रसंशा की गई। इस मौके पर शौकीन, साबिर, उजैर खान, शारुख खान, दानिश खान, अम्बार खान, आफताब खान, तारिक खान, सावेज खा, सैफी खान, मनोज कुमार, धर्मेन्द्र शाक्य आदि लोग मौजूद रहे।


कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते सलमान खुर्शीद

# बौद्ध कथा में हिन्दू धर्म पर टिप्पणी पर हिन्दू संगठन ने थानाध्यक्ष से कार्यवाही की मांग की

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

थाना राजेपुर क्षेत्र में बौद्ध अनुयायियों द्वारा बौद्ध धर्म में, बुद्ध के पूर्वजन्मों की कथाओं को जातक कथाएं चल रही है।

जिसे हिन्दू धर्म पर की गई अवैध टिप्पणी को लेकर गांव के युवक ने संज्ञान लेकर थाने में शिकायत की, लेकिन पुलिस ने कार्यवाही की बात छोड़ों युवक की तहरीर तक नहीं ली।

जिसकी जानकारी होने पर हिन्दू महासभा के नेताओं व करणी सेना के पदाधिकारियों ने पहुंचकर थाना का घेराव किया और थानाध्यक्ष से मामले की कार्यवाही करने की बात कही। जिस पर थानाध्यक्ष ने कार्यवाही का आश्वासन दिया। थाना राजेपुर के ग्राम सलेमपुर में बौद्ध धर्म के अनुयायियों द्वारा बौद्ध धर्म में, बुद्ध के पूर्वजन्मों की कथाओं को जातक कथाएं चल रही है। जिसमें बौद्ध अनुयायियों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। इसी दौरान कथा का प्रचवन कर रहे अनुयायी ने हिन्दू धर्म पर अवैध टिप्पणी की। जिसकी जानकारी होने पर गांव के नितेश मिश्रा ने थाना राजेपुर पहुंचकर कार्यवाही करने की बात कही।

जिस पर थानाध्यक्ष ने तहरीर न लेकर चलता कर दिया। मंगलवार को इसकी जानकारी होने पर हिन्दूमहासभा से विमलेश मिश्रा व करणी सेना के पदाधिकारियों ने थाना राजेपुर पहुंचकर कार्यवाही की बात कही।

जिस पर थानाध्यक्ष ने कार्यवाही का आश्वासन दिया।


थानाध्यक्ष से वार्ता करते हिन्दूवादी नेता

# सीसीटीवी से खुली पुलिस की पोल, थाने से ही चोरी हुई थी ट्रैक्टर-ट्राली


थाने के बाहर खड़ी ट्रैक्टर ट्राली

**फर्रुखाबाद/कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

क्षेत्राधिकारी द्वारा अवैध तरीके से मिट्टी खनन कर रहे ट्रैक्टर ट्राली को पकड़कर पुलिस को सुपुर्द की थी। वहीं से बीते दिन ट्रैक्टर ट्राली एक युवक फरार हो गया था। जब क्षेत्राधिकारी से पूछा गया तो वह पुलिस का बचाव करते हुए बोले कि ऐसी कोई बात नहीं है। वह समयावधि समाप्त होने के बाद भी मिट्टी खनन कर रहा था, इसलिए पकड़ा गया है। जानकारी होने पर हमारे समृद्धि न्यूज समाचार पत्र ने समाचार प्रमुखता से प्रकाशित किया कि पुलिस हिरासत से ट्रैक्टर ट्राली एक युवक लेकर फरार हो गया। मामला उच्चाधिकारियों के संज्ञान में आने पर जिस बात को पुलिस झुटला रही थी, अब वह खुद कह रही है कि ट्रैक्टर ट्राली एक युवक निकाल ले गया था।

सवाल इस बात का है कि ट्रैक्टर ट्रॉली थाने से कौन लेकर गया, पुलिस ने ट्वीटर पर जवाब लगाया कि ट्रैक्टर चालक मौके से भाग गया। प्राइवेट चालक से भोजपुर चौकी पर खड़ा कराकर करवाई की गई है। पुलिस कस्टडी से ट्रैक्टर ट्रॉली की पुलिसकर्मी की मिली भगत से ट्रैक्टर स्वामी ने थाने से निकलवा दिया था। अवैध खनन के मामले कमालगंज थाने में सुर्खियां में बना रहता है। थाना क्षेत्र में खनन रात होते हुए चालू हो जाता है।

खाकी की कृपा से खनन माफिया के इतने हौसले बुलंद हो गए है कि सीओ अमृतपुर के द्वारा पकड़े गए ट्रैक्टर ट्रॉली को पुलिसकर्मी की मिलीभगत से खनन माफिया ने अपने आदमी से निकलवा लिया और वह लेकर वहां से भाग गया। इस खबर के कस्बे में चर्चा होने लगी कि सीसो द्वारा पकड़े गए ट्रैक्टर ट्रॉली को पुलिसकर्मी ने ट्रैक्टर भगवा दिया और कमालगंज फतेहगढ़ मैने रोड पर मिट्टी गिरा दी। इस खबर के प्रकाशित होने पर पुलिस की बहुत किरकिरी हुई। तब जाकर पुलिस ने ट्वीट कर यह बात स्वीकार की कि ट्रैक्टर ट्राली मिट्टी से भरी पकड़ी गयी थी। सीसीटीवी फुटेज में एक युवक उसे ले जाते दिखाई दे रहा है। जब सीओ ने ट्रैक्टर पकड़ा था तब एक पुलिस कर्मी उस पर बैठकर उसे लाया था। पुनः पुलिस ने आनन फानन में उक्त ट्रैक्टर ट्रॉली को नाला बघार पर पकड़कर मिट्टी भराकर भोजपुर चौकी पुलिस के सुपुर्द कर दिया। जानकारी पर खनन अधिकारी संजय प्रताप ने ट्रैक्टर ट्राली सीज कर दी। थाना कमालगंज प्रभारी का कहना है कि थाने से कोई युवक ट्रैक्टर ट्रॉली लेकर नहीं भागा। जबकि सीसीटीवी फुटेज में साफ दिख रहा है और पुलिस ने ट्वीट कर साफ कर दिया कि थाने से ही ट्रैक्टर ट्राली गायब हुई थी।

## चौकी इंचार्ज संजीव कुमार की मिलीभगत से खनन माफिया सक्रिय


कैमरे में कैद हुआ ट्रैक्टर ले जाने वाला युवक

फर्रुखाबाद। सूत्रों की माने तो कस्बा इंचार्ज संजीव कुमार की मिली भगत से खनन माफिया सक्रिय है। चर्चा है कि खुलेआम जब मिट्टी का खनन हो रहा है तो चौकी इंचार्ज को अपने क्षेत्र में खनन होने की जानकारी क्यों नहीं है। क्षेत्र में जब भी कोई घटना घटित होती है तो पुलिस को पहले पता लग जाता है। रोड पर खुलेआम मिट्टी से भरी ट्रैक्टर ट्राली फर्राटे भर रही वह क्यों नहीं चौकी इंचार्ज को दिखायी दे रही है। जिले में खनन माफियाओं को पौबारा है। खनन अधिकारी जिस क्षेत्र में सख्ती कर देते है कुछ दिन खनन रुक जाता है और फिर खाकी के रहमो करम पर फिर से ट्रैक्टर ट्राली फर्राटे भरने लगती है। खनन माफियाओं को खाकी का डर नहीं है। जबकि एक घटना नवाबगंज में लगभग दो वर्ष पूर्व खनन करने वाले ट्रैक्टर चालक ने सिपाही पर ट्रैक्टर ट्राली चढ़ा दी थी। जिससे वह गंभीर रुप से घायल हो गया था और उपचार के दौरान उसकी मौत हो गयी थी। शमशाबाद में भी ऐसी घटना घटित हुई थी। जिसमें पुलिसकर्मी घायल हो गया था। बीते लगभग दो वर्ष पूर्व थाना कादरीगेट खनन माफिया सचिन ठाकुर ने आईटीआई चौकी इंचार्ज से अभद्रता की थी। उसके बाद खनन माफिया पर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही हुई थी। सीसीटीवी फुटेज में घटना से पुलिस की पोल खुल गयी।

## बैकफुट पर आयी पुलिस, ट्रैक्टर चोरी का मामला दर्ज

**फर्रुखाबाद।** थाने से ट्रैक्टर चोरी के मामले में सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरु कर दी। पुलिस कर्मी विवेक कुमार की तहरीर पर मामला दर्ज हुआ। जिसमें दर्शाया कि 16 जून को सुबह 8 बजे से थाना कार्यालय में कार्यलेख पर डियूटीरत था। समय करीब 9:55 बजे सुबह मुझे थाने तैनात का0 चालक नरेन्द्र पाल द्वारा एक चाबी दी और बताया कि यह चाबी टैक्टर की है, जो मैय ट्राली व मिटटी के अवैध खनन में लाया गया है। जो दाखिल होना है। मैं चाबी लेकर कम्पूटर रूम गया, वहां से निकल कर बाहर टैक्टर देखा तो बाहर कोई टैक्टर नहीं था। मैने तत्काल का चालक नरेन्द्र पाल से पूछा तो बताया कि ट्रैक्टर बाहर ही खड़ा कराया गया था, तभी थाने पर लगे सीसीटीवी कैमरा पर चेक किया गया तो एक चालक जो गुलाबी रंग की टी-शर्ट पहेन ट्रैक्टर को चलाकर ले जाते हुए दिखायी दे रहा था। यह व्यक्ति थाने परिसर में आता जाता भी दिखायी दे रहा है, जिसकी पहचान कराई गयी तो सोनू पुत्र मतलुम निवासी नगला दाउद सरैया थाना कमालगंज के रुप में पहचान हुई। जिसके सम्बन्ध में थाने पर उच्चाधिकारियों को अवगत कराया गया। टैक्टर संख्य यूपी 76एपी/9603 को दाखिल किया गया था। चालक सोनू पुत्र मतलुम उपरोक्त द्वारा टैक्टर को थाने से बिना किसी,अनुमति,परमीशन के चोरी करके ले जाने के मामले में मुकदमा बीएनएस की धारा 303 (2) के तहत दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। जबकि यही पुलिस कह रही थी कि कोई भी ट्रैक्टर लेकर नहीं भागा है।

# पुरानी पेंशन बहाली के लिए अटेवा करेगा आंदोलन तेज ज्ञानप्रकाश त्रिपाठी


अटेवा नेता ज्ञानप्रकाश त्रिपाठी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अटेवा के प्रदेश संयुक्त मंत्री ज्ञानप्रकाश त्रिपाठी ने बताया कि पुरानी पेंशन बहाली के लिए अटेवा आंदोलन करेगा। उन्होंने कहा कि 14 जून को लखनऊ में पेंशन शहीद डॉ. रामाशीष की मूर्ति का अनावरण व भवन का उद्घाटन किया गया था। जिसमें अटेवा व एनएमओपीएस के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधु ने कहा कि अटेवा आगामी दिनों में पेंशन बहाली के लिए आंदोलन तेज करेगा। जिसमें विभिन्न कार्यक्रम प्रदेश व जिला स्तर पर किये जायेंगे तथा एनपीएस व यूपीएस के खिलाफ एक निर्णायक संघर्ष किया जायेगा। प्रदेश संयुक्त मंत्री ज्ञानप्रकाश त्रिपाठी ने कहा कि कर्मचारियों को एश्योर्ड पेंशन के नाम पर दी जाने वाली यूपीएस को भी कर्मचारियों ने पूरी तरह से नकार दिया है। केंद्रीय कर्मचारियों पर लागू यूपीएस को केवल उन कर्मचारियों द्वारा ही स्वीकार किया गया है, जो सेवानिवृत्त हो चुके है या जल्द सेवानिवृत्त होने वाले है। एवं कर्मचारियों की संख्या बहुत कम है। इस प्रकार सरकार द्वारा थोपी जा रही एनपीएस व यूपीएस दोनों पेंशन योजनाओं को कर्मचारी पूरी तरह से अस्वीकार करते है तथा पुरानी पेंशन की बहाली चाहते है। जब तक पुरानी पेंशन बहाल नहीं हो जाती अटेवा संघर्ष जारी रखेगा तथा कर्मचारियों के हक व अधिकार के लिए आंदोलन करता रहेगा।

# मोहन लाल शुक्ला विद्यालय में सेवा सुशासन के तहत हुए कार्यक्रम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मोहन लाल शुक्ला आदर्श विद्यालय इंटर कालेज में विकसित भारत का अमृतकाल सेवा सुशासन, गरीब कल्याण के 11 साल कार्यक्रम/चौपाल का आयोजन प्रधानाचार्य भाजपा शिक्षक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक डॉ. संदीप कुमार चतुर्वेदी के नेतृत्व में सम्पन्न हुई। मुख्य अतिथि पीयूष त्रिपाठी व विशिष्ट अतिथि डॉ. आलोक बिहारी शुक्ला रहे। संचालन प्रमोद मिश्रा ने किया व अध्यक्षता वीरबहादुर पाल ने की। केंद्र सरकार के 11 साल की उपलब्धियों का वर्णन किया गया।

प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना आदि जनकल्याणकारी योजनाओं पर चर्चा की गई। ग्रामीण क्षेत्र के गरीबों को मुख्य धारा से जोड़ने हेतु मुफ्त राशन दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विकसित भारत बनाने के लिए सत्त प्रयत्नरत है।

जिला सह संयोजक डॉ. आलोक बिहारी शुक्ला ने किसान सम्मान निधि, आयुष्मान योजना आदि जनकल्याणकारी योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की। वीर बहादुर पाल ने पीएम के सुशासन की 11 वर्ष की उपलब्धियों की जानकारी दी। इस अवसर पर डॉ. अजय बाजपेयी, नरेन्द्र कुमार वर्मा, श्याम कुमार, पीयूष त्रिपाठी, रामकिशन दीक्षित, आयुष शाक्य, अतुल सक्सेना, बिल्लू सक्सेना आदि उपस्थित रहे।


कार्यक्रम को सम्बोधित करते भाजपा नेता

# उद्योग व्यापार मण्डल कंछल गुट के जिलाध्यक्ष बने प्रमोद जैन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल के प्रांतीय अध्यक्ष बनवानी लाल कंछल ने व्यापारी समाज के प्रति निष्ठा रखने वाले प्रमोद कुमार जैन को फर्रुखाबाद का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया है। वह व्यापार मण्डल की नीतियों व संविधान के अनुसार कार्य करते हुए व्यापार मण्डल को ऊंचाईयों तक ले जायेंगे। प्रमोद गुप्ता को निर्देशित किया गया है कि वह दो माह के अंदर जिला व नगर कमेटी के साथ प्रमुख कस्बों व मण्डल में पदाधिकारियों का गठन करें और उनके मोबाइल नम्बर सहित कमेटी प्रदेश कार्यालय को सौंपे। प्रमोद कुमार जैन ने बताया कि मुझे जो जिम्मेदारी दी गई है उसका मैं निर्वाह्न करूंगा और व्यापार मण्डल को शीर्ष तक पहुंचाने का कार्य करूंगा। उन्होंने बताया कि किन्हीं कारण वस एक साल से जिला व नगर कमेटी निष्क्रिय थी। जिसकी रिपोर्ट मिलने के बाद प्रदेश अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल कुछ दिन पूर्व फर्रुखाबाद आये और उन्होंने मेरे निवास पर पहुंचकर बातचीत की। उसके बाद उन्होंने मुझे जनपद जिलाध्यक्ष का दायित्व सौंपा। जिसका मैं उनका हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। प्रमोद कुमार जैन के जिलाध्यक्ष बनने पर समर्थकों ने बधाई दी और व्यापारियों ने माल्यार्पण कर स्वागत किया और मिठाई खिलाई।



# कम वसूली पर डीएम नाराज, विभागों को कारण बताओ नोटिस जारी

▸ कर करेत्तर की समीक्षा बैठक सम्पन्न

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी डॉ. आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में कर करेत्तर की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई।

समीक्षा में वाणिज्य कर विभाग की बसूली लक्ष्य से अत्यंत कम पाई गई। जिस पर डीएम ने नाराजगी जताई व संबंधित अधिकारियों को बसूली व प्रवर्तन की कार्यवाही बढ़ाने के निर्देश दिये। स्टाम्प एवं निबन्धन विभाग की राजस्व प्राप्ति कम पाई गई। आबकारी विभाग की वसूली अच्छी पाई गई। परिवहन विभाग का बसूली कम पाई गई। खनन विभाग की वसूली कम पाई गई। मंडी फर्रुखाबाद व कमालगंज की बसूली कम पाई गई, वन विभाग की बसूली अच्छी पाई गई, विद्युत विभाग की बसूली कम पाई गई। डीएम ने निर्देशित किया कि खनन विभाग, वाणिज्य कर विभाग, परिवहन विभाग, विद्युत विभाग, स्टाम्प व निबंधन विभाग प्रवर्तन का कार्य बढ़ाये, जिन विभागों की बसूली कम है उनको कारण बताओ नोटिस जारी किया जाये व उसकी प्रतिलिपि उनके प्रमुख सचिव को की जाये। बैठक में अपर जिलाधिकारी न्यायिक, उपजिलाधिकारी अमृतपुर, उपजिलाधिकारी न्यायिक कायमगंज व सम्बंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।


बैठक लेते डीएम

# जिला स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) समिति की बैठक सम्पन्न

## व्यक्तिगत शौचालय हेतु 3750 आवेदनों का नहीं हुआ निस्तारण


बैठक लेते डीएम मौजूद अधिकारीगण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में जिला स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में सभी जिला स्तरीय और विकास खण्ड स्तरीय अधिकारियों के अतिरिक्त जिला पंचायत सदस्य बढ़पुर प्रथम और ग्राम प्रधान न्यामतपुर ठाकरान उपस्थित रहे।व्यक्तिगत शौचालय हेतु 3750 आवेदनों का निस्तारण अभी तक नहीं हुआ है, जिलाधिकारी ने 10 दिन में सभी आवेदनों का निस्तारण कराने के निर्देश सभी बीडीओ को दिये। 06 ग्रामों में भूमि विवाद और एक ग्राम में लेखपाल द्वारा चिन्हांकन नहीं करने के कारण आरआरसी का निर्माण नहीं प्रारंभ होने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जतायी और निर्देशित किया गया कि सभी खंड विकास अधिकारी उप जिलाधिकारी के साथ समन्वय कर समस्त ग्रामों में भूमि चिन्हांकन का निराकरण कराकर निर्माण सुनिश्चित करें। सभी खंड विकास अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए गए की सभी ग्राम पंचायत में निर्मित सभी आरसी को संचालन और कूड़ा कलेक्शन करने के निर्देश दिये।


बैठक में मौजूद भाजपा नेता

# शक्ति केंद्र की बैठक में केंद्र सरकार की 11 साल की गिनाई गयी उपलब्धियां

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** केंद्र सरकार के 11 साल पूर्ण व प्रधानमंत्री के ११ साल के सेवा सुशासन गरीब कल्याण योजना की बैठक में जानकारियां दी गई। बढ़पुर पश्चिम मण्डल में भाजपा नेता अभिषेक बाजपेयी ने ग्रामीणों को बताया कि 11 साल के अंदर केंद्र सरकार ने सेवा सुशासन के तहत कई योजनायें दी। गरीबों को राशन कार्ड व राशन दिया। उज्ज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन, पीएम आवास के तहत पक्के मकान, किसानों को दो हजार रुपये किश्त देना व आसानी से किसानों को खाद मिलना आदि योजनाओं का लाभ पहुंचाया है। २०४७ तक विकसित भारत बनाने के लिए कार्य किया जा रहा है। पूरे देश में सड़कों का जाल व विभिन्न योजनाओं से लाभांवित किया जा रहा है। पश्चिम मण्डल के अर्रापहाड़पुर शक्ति केंद्र की बैठक में योजनाओं की जानकारियां दी गई। इस मौके पर ग्रामीण मौजूद रहे।

### जिला तकनीकी समन्वय समिति की बैठक में डीएम ने अधिकारियों को दिए निर्देश

# अधिकारियों की टीम करेगी गुणवत्ता की जांच



सोनभद्र

**समृद्धि न्यूज ।** कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में मंगलवार को जिलाधिकारी बीएन सिंह की अध्यक्षता में जिला तकनीकी समन्वय समिति की बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान मौके पर मौजूद अधिशासी अभियन्ता लघु सिंचाई खण्ड सोनभद्र ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में कराएं जाने वाले कार्यो के अनुमोदन के लिए प्रस्ताव डीएम के समक्ष प्रस्तुत किये। बाद डीएम ने पिछले वित्तीय वर्ष में रैन वाटर हार्वेस्टिंग, रूफटॉप, कूप मरम्मत/निर्माण से संबंधित कराएं गये कार्यों का जनपद स्तरीय अधिकारियों की समिति गठित कर भौतिक सत्यापन कराने के लिए मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी को निर्देशित किया।

कहा कि पीपीटी के माध्यम से कराएं गये कार्यो का प्रस्तुतिकरण सुनिश्चित किया जाए। निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की प्रभावी ढंग से कमेटी द्वारा जांच की जाए। इसके उपरान्त ही वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्रस्तावित कार्यो मसलन चेकडैम, तालाब, रूफटॉप रेनवाटर हार्वेस्टिंग स्थल का सत्यापन संबंधित विभागों द्वारा कराया जाए। रेनवाटर हार्वेस्टिंग की कार्यों की रिपोर्ट जिन भी कार्यालयों में रेनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के कार्य कराये गए हैं, उनसे संबंधित अधिकारियों से रेनवाटर हावेस्टिंग के निर्माण कार्यों की रिपोर्ट ली जाए। रिपोर्ट लेने के पश्चात ही अग्रिम कार्यों की कार्ययोजना पर कार्यवाही की जाए। इस मौके पर जिला विकास अधिकारी हेमन्त कुमार सिंह, डीसी मनरेगा रवीन्द्र वीर सिंह, अधिशासी अभियन्ता लघु सिंचाई पीके सिंह, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

### धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान की तैयारियों पर हुई मंत्रणा

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी बीएन सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद में धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान के संबंध में अधिकारियों के साथ बैठक की गयी। इस दौरान डीएम ने कहा कि जनपद के चयनित 176 जनजाति बाहुल्य ग्रामों को जिसमें विकास खण्ड बभनी के 39, दुद्धी – 29, म्योरपुर–30, चोपन–09, कोन–11, राबर्ट्सगंज–02, नगवा–24, चतरा–29, घोरावल–03 ग्रामों को संतृप्त करने के लिए चयनित ग्रामों का सर्वे कराते हुए क्रिटिकल गैप डाटा के संकलन के आधार पर जनजातीय समुदायों के लोगों को बिजली, पेयजल, सड़क, आवास, पशु पालन, रोजगार, कौशल विकास, दूरसंचार, स्वास्थ्य जैसी भारत सरकार की कुल 17 विभागों से संचालित योजनाओं से लाभान्वित कराया जाएं। वर्तमान में अनुसूचित जनजाति वर्ग के ग्रामवासियों को आधार कार्ड, राशन कार्ड, आयुष्मान भारत कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, अधिवास प्रमाण पत्र, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम–किसान, जन–धन खाता, बीमा कवरेज, सामाजिक सुरक्षा रोजगार और आजीविका मिशन योजनाएं, महिला एवं बाल कल्याण आदि से जनजाति समुदाय के व्यक्तियों को लाभान्वित किये जाने के लिये बैठक कर 18 जून से 28 जून तक धरती आबा अभियान जागरुकता और लाभ संतृप्ति शिविर का आयोजन ग्राम सभा की ग्राम पंचायतों पर किये जाएंगे। 30 जून को कैम्प का समापन कार्यक्रम जनपद मुख्यालय पर किया जाएगा। इस दौरान उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारी गांवों में आयोजित होने वाले कैम्पों में अधिक से अधिक ग्रामवासियों की सहभागिता प्रतिभागिता सुनिश्चित कराएंगे। केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा संचालित 17 प्रकार की योजनाओं से पात्र गरीबों को लाभान्वित कराना सुनिश्चित करेंगें। इस मौके पर जिला विकास अधिकारी हेमन्त कुमार सिंह, डीसी मनरेगा रवीन्द्र वीर सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह भदौरिया, अधिशासी अभियन्ता लघु सिंचाई पीके सिंह, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

# धनसीरिया माइनर में दो महीने के भीतर पुलिया मे पड़ी दरार, कार्रवाई की मांग

समृद्धि न्यूज



**राजगढ़ (मिर्जापुर)।** राजगढ़ क्षेत्र के कैनाल डिविजन द्वारा बनवाया गया नया पुल तीन महीने में ही दरक गया। ग्रामीणों ने इसकी जांच करा कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। राजगढ़ ब्लाक के धनसिरिया से पुँईनिया जाने वाली माइनर पर मिर्जापुर कैनाल डिवीजन ने एक पुल का निर्माण करवाया है जो बनते ही दरक गया है।

जब पुल के निर्माण का कार्य हो रहा था तभी ग्रामीणों ने इसकी गुणवत्ता पर विरोध किया था लेकिन उस समय ठेकेदार और विभाग के अधिकारियों ने उस पर ध्यान नहीं दिया जिसके कारण जिस समय पुल बन रहा था उस समय मार्ग को अवरुद्ध कर देने से लोगों को 4 किलोमीटर अतिरिक्त चक्कर लगाना पड़ रहा था। इतना ही नहीं इसी पुल के बनवाने के चक्कर में दो लड़के पुल द्वारा खोदा गया गड्ढे में गिर गए थे जो घायल हो गए थे। ग्रामीणों ने उस समय भी इसकी शिकायत की थी लेकिन विभाग ने ठेकेदार ने ग्रामीणों की बातों को अनसुना कर दिया।

अभी स्थिति यह है की पुल बने 3 महीने भी नहीं हुए कि उसमें दरार आ गया है जिससे पुल की गुणवत्ता पर प्रश्न चिन्ह खड़ा हो गया है। ग्रामीण संजू देवशरण सिंह डॉक्टर अरविंद पटेल आदि ग्रामीणों ने कहा कि जब से यह पुल बन रहा है तब से ग्रामीण इसकी गुणवत्ता को लेकर विभाग से इसकी शिकायत कर रहे थे लेकिन विभाग ने उस पर ध्यान नहीं दिया। जिसका परिणाम यह है कि पुल एक महीने में ही अपना रंग दिखा दिया और विभाग ने संबंधित के खिलाफकोई कार्रवाई नहीं किया। यह कोई नई बात नहीं है। इस प्रकार से भी कार्य हुए हैं। क्षेत्र में गुणवत्ताविहीन कार्य को कराने का मिर्जापुर कैनाल डिवीजन ने ठेका ले लिया है जिससे किसान और आम जनता हर समय परेशान रहे और उनका कार्य चलता रहे। इस संबंध में मिर्जापुर कैनाल डिवीजन के अधिशासी अभियंता प्रमोद कुमार ने कहा कि पुल में गड़बड़ी की शिकायत मिली है। जो कार्य ठीक से नहीं हुआ है उसे तोड़कर पुनः नए सिरे से कराया जाएगा और जो भी कमी होगी उसे सही किया जाएगा।

# नगर पालिका अध्यक्ष ने गांधी नगर वार्ड का किया निरीक्षण



▸ स्वच्छता, जल आपूर्ति, स्ट्रीट लाइट का जायजा लेने के साथ समस्याओं के समाधान का दिया आश्वासन

समृद्धि न्यूज

**महराजगंज।** नगर पालिका परिषद महराजगंज की अध्यक्षा डॉ. पुष्पलता मंगल ने मंगलवार को गांधी नगर वार्ड का दौरा किया। उन्होंने क्षेत्र में सफाई व्यवस्था, जल आपूर्ति और स्ट्रीट लाइट की स्थिति का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान नागरिकों ने बड़ी संख्या में भागीदारी की। लोगों ने अपनी समस्याएं और सुझाव अध्यक्ष के सामने रखे। डॉ.मंगल ने मौके पर ही अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नगर पालिका मूलभूत सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए लगातार काम कर रही है। कार्यक्रम में अध्यक्ष प्रतिनिधि निर्मेश मंगल, वार्ड सभासद संगीता देवी मौजूद रहीं। साथ ही सफाई लिपिक आदिल रज़ा और कर्मचारी संजय निषाद सहित नगर पालिका की पूरी टीम उपस्थित थी। डॉ. मंगल का यह दौरा प्रशासनिक सक्रियता का उदाहरण बना। उन्होंने जनता से सीधा संवाद किया और स्थानीय समस्याओं को प्राथमिकता देने का आश्वासन दिया।

## पंप के स्टार्टर में उतरे करंट से किसान की मौत

**हलिया (मिर्जापुर)।** लालगंज थानांतर्गत बेलन बरौंधा चौकी क्षेत्र के दिघुली गांव में मंगलवार को सुबह बिजली का करंट लगने से एक किसान की मौत हो गई। मौत की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंचे चौकी प्रभारी बरौधा हरिकेश सिंह ने परिजनों को सांत्वना देकर पंचनामा कराने के बाद मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। दिघुली निवासी मृत किसान के पुत्र नन्हें सिंह ने पुलिस को दी गई लिखित तहरीर में बताया कि उनके पिता लाल बिहारी सिंह (51) मंगलवार को सुबह छह बजे सोकर उठने के बाद अपना सबमर्सिबल पंप स्टार्ट करने गए थे। लेकिन किन्हीं कारणों से स्टार्टर में पहले से ही बिजली का करंट प्रवाहित हो रहा था। बताया कि सबमर्सिबल पंप स्टार्ट करने के लिए स्टार्टर के बटन पर हाथ रखते ही उनके पिता लाल बिहारी सिंह बिजली के करंट की चपेट में आ गए।

# गर्भवती पत्नी को पति ने की जिंदा जलाने की कोशिश

▸ 60 प्रतिशत झुलसी महिला जिंदगी और मौत से जूझ रही

समृद्धि न्यूज



**महराजगंज।** फरेंदा थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक घटना प्रकाश में आया है। गनेशपुर में रविवार रात करीब 11 बजे एक व्यक्ति ने अपनी गर्भवती पत्नी पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। महिला 60 प्रतिशत तक झुलस गई और उसके गर्भ में पल रहे बच्चे को डाक्टरो ने आपरेशन करके निकाला, किन्तु बच्चे की मौत हो गई।

घटना गनेशपुर निवासी सुमन की उम्र (28) वर्ष और उसके पति गोविंद (30) वर्ष के बीच हुए विवाद का उक्त परिणाम है। दोनों के बीच एक-दूसरे के चरित्र को लेकर शक हुआ करता था, जिसके कारण अक्सर विवाद होता रहता था। बीते रविवार की रात भी इसी बात को लेकर दोनों में तकरार हुई। गोविंद ने गुस्से में अपनी बाइक से पेट्रोल निकाला और पत्नी पर छिड़कर आग लगा दी। महिला के चिल्लाने पर आस-पास के लोग दौड़े और आग बुझाई। घायल महिला को पहले सीएचसी बनकटी ले जाया गया। हालत गंभीर देख चिकित्सको ने मेडिकल कॉलेज गोरखपुर के लिए भेज दिया जहां वह जिंदगी मौत से जूझ रही है। बताया जाता है कि परिजन विवाहिता को इलाज के लिए तत्काल सीएचसी बनकटी फरेंदा ले गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस क्षेत्राधिकारी दीपशिखा वर्मा व थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार पाठक मौके पर पहुंच गए। पुलिस की पूछताछ में विवाहिता ने पति पर आरोप लगाया की उसने पेट्रोल डालकर जिंदा जलाने की कोशिश की। पुलिस क्षेत्राधिकारी दीपशिखा वर्मा और थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार पाठक मौके पर पहुंचे। पीड़िता के बयान पर आरोपी पति के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। घटना के बाद से आरोपी फरार है। पुलिस उसकी तलाश कर रही है।

### दोनों करते हैं एक दूसरे के चरित्र पर शक

बताया जाता है कि पति पत्नी दोनों एक दूसरे पर शक करते थे। इसी बात को लेकर दोनों के बीच तकरार होती रहती थी। रविवार की रात भी यही बात हुई। पत्नी ने पति के चरित्र को लेकर लांक्षन लगाया तो पति ने भी उस पर लांक्षन लगाया। इसी बात को लेकर दोनों के बीच मामला इतना बढ़ गया की। पति ने ज्वलनशील पदार्थ डाल दिया । जब तक वह अपना बचाव करती, तब तक आग लगाकर फरार हो गया था।

## खबरें एक नजर में

### काशीराम सांस्कृतिक स्थल पर भंडारे का आयोजन



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** बगलाबाजार स्थित काशीराम सांस्कृतिक स्थल पर भंडारे का आयोजन किया गया। दोपहर 12 बजे भंडारा शुरू हुआ। हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम की शुरुआत हनुमान जी की पूजा–अर्चना और भोग अर्पण से हुई। आयोजक पार्क प्रबंधक अभिनव ने कहा कि बालाजी में उनकी गहरी आस्था है। यह आयोजन धार्मिक होने के साथ जनसेवा और सामाजिक एकता का प्रतीक भी है। श्रद्धालुओं के लिए पूड़ी, सब्जी, शरबत, छोला चावल और बैठने की पूरी व्यवस्था की गई थी। भंडारे में आए लोगों ने व्यवस्थाओं की सराहना की। उनका कहना था कि गर्मी के बावजूद सेवा भावना उत्कृष्ट थी। सभी ने मिलकर आयोजन को सफल बनाया। बड़े मंगल का यह भंडारा श्रद्धा और सामाजिक एकता का उदाहरण बना। कार्यक्रम में नेहा सिंह, मनीष, धर्मेन्द्र यादव, महेश यादव, डा नीति टंडन समेत अन्य लोगों ने भी सहयोग किया।

### सचिवों की बैठक में बीडीओ ने विकास कार्यों की हुई समीक्षा

**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** स्थानीय विकास खंड सभागार में मंगलवार को खंड विकास अधिकारी विजय शंकर त्रिपाठी ने एडीओ पंचायत, जेई, एपीओ, सचिवों, टीए, के साथ विकास कार्यो की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिया है। बीडीओ ने सचिवों को निर्देशित करते हुए कहा कि परिवार रजिस्टर की नकल, जन्म, मृत्यु प्रमाण पत्र आदि जनता के कार्य में लापरवाही करने वाले सचिव के विरुद्ध कार्य वाही तय है पेयजल में लगे टैंकर, रिबोर का भुगतान तत्काल करने की नसीहत दी। टीए व जेई को स्टीमेट बनाने में किसी प्रकार की लापरवाही न करें जिससे मनरेगा से नाली खडंजा, चकरोड आदि का कार्य चलता रहे जिससे मनरेगा के श्रमिकों को कार्य मिलता रहे इससे श्रमिकों का पलायन नहीं होगा। एडीओ एजी नरेंद्र कानापुरिया से किसानों के बीज वितरण कि जानकारी ली।

### ध्वस्त नाली के कारण सड़क पर जल जमाव, घरों में घुसा पानी

**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** मंगलवार की शाम अचानक बरसात से कस्बा की सडक में जलजमाव होने के दुकानों में पानी घुसने से लोगों में पीडब्ल्यूडी विभाग के कर्मचारियों पर आक्रोश व्यक्त किया है। कस्बा में सड़क निर्माण के समय पीडब्ल्यूडी द्वारा बगल में बनायी गई नाली को ध्वस्त कर दिया जिसका निर्माण नहीं कराया गया जिसकी शिकायत ग्राम प्रधान ने कई बार उच्च अधिकारियों सहित पीडब्ल्यूडी को लिखित प्रार्थना पत्र दिया इसके बावजूद भी नाली निर्माण नहीं कराया गया जिसके कारण पहली बरसात में ही सड़क पर जल जमाव के साथ अगल–बगल दर्जनों लोगों के दुकानों में बरसात का पानी घुसने से ओम् प्रकाश, जगनरायन, शनि अग्रहरि, तौहीर दीप चंद, ताराचंद, अरूण अग्रहरि आदि सहित दर्जनों घरो में पानी घुस आया।

रील बनाते समय भैसहा घाट पर निकला मगरमच्छ

### शूटिंग के दौरान युवक ने मगरमच्छ देखकर भागकर बचाई जान

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।** निचलौल ब्लॉक में एक व्यक्ति की मगरमच्छ से बाल–बाल बच गई। ग्राम बड़हरा चरगहा छावनी टोला के रहने वाले हरहंगी चौहान भक्ति गीतों की रील बनाते हैं। वह कुशीनगर जिले के भैंसहा घाट पर नारायणी नदी के किनारे रील बनाने गए थे। पूजा–पाठ के बाद जब वह वीडियो शूट कर रहे थे, तभी नदी से एक मगरमच्छ निकलकर उनकी तरफ बढ़ने लगा। मगरमच्छ को देखते ही हरहंगी के सहयोगी ने शोर मचाया। इसके बाद दोनों ने वहां से भागकर अपनी जान बचाई। हरहंगी ने बताया कि वह नियमित रूप से भक्ति गीतों पर आधारित रील बनाते हैं। इस बार की घटना ने उन्हें दहला दिया।

### आत्महत्या करने पेड़ पर चढ़े व्यक्ति को पुलिस ने बचाया

**सोनभद्र, समृद्धि न्यूज ।** अनपरा थाना पुलिस ने पेड़ की डाली पर फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास करने वाले व्यक्ति को सकुशल बचा लिया। जानकारी के अनुसार बीती रात अनपरा प्रभारी निरीक्षक शिव प्रताप वर्मा वाराणसी से साक्ष्य देकर वापसी में सिदहवां जंगल से गुजर रहे थे। उसी समय लोगों को रोड के किनारे खड़ा देख वे रुक गये। उन्होंने मौजूद लोगों से पूछा तो पता चला कि ललित गुप्ता उर्फ पप्पू निवासी सिदहवां थाना अनपरा पेड़ की डाली पर फांसी का फंदा लगाकर बैठा है। थाना प्रभारी अनपरा ने भीड़ को चुप कराकर हिकमत अमली से बात करके आत्महत्या के लिए फांसी का फंदा लगाकर पेड़ की डाली पर बैठे व्यक्ति को सकुशल पेड़ से नीचे उतार दिया। पूछने पर उसने खेत की बिक्री के 22 लाख रुपए को लेकर मां से विवाद होना बताया। ललित गुप्ता उर्फ पप्पू उपरोक्त विवाहित है और उसके 05 बच्चें हैं। अनपरा प्लांट में नौकरी करता है। प्रभारी निरीक्षक अनपरा ने उसे थाना अनपरा पर साथ लाया गया है और उसकी पत्नी, उसके पांचों बच्चों और माता–पिता को काउंसलिंग के लिए बुलाया गया है।

### एसडीएम ने तहसील के विभिन्न पटलों का किया निरीक्षण

**फरेंदा, महराजगंज,समृद्धि न्यूज।** उपजिलाधिकारी फरेंदा प्रतिक्षा त्रिपाठी ने मंगलवार को तहसील के विभिन्न कार्यालयों का गहनता से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न कार्यालयों का गहनता से निरीक्षण करते हुए सम्बन्धित कर्मचारियों को फ़ाइलों को सुव्यवस्थित ढंग से रखने एवं कार्यालयों के साफ–सफाई सहित आलमारी आदि को क्रम संख्या अनुसार रखने का दिशा निर्देश दिया साथ ही साथ जन समस्याओं को निस्तारित करने की भी हिदायत दिया। इस दौरान तहसील मजिस्ट्रेट बशिष्ठ वर्मा, नायब तहसीलदार अंकित अग्रवाल, पेशकार आलोक सिंह सहिल अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

### तेजी से बढ़ रहा पर्यावरण प्रदूषण

**सोनभद्र, समृद्धि न्यूज ।** आज के युग में पर्यावरण प्रदूषण तेजी से बढ़ रहा है। बढ़ती जनसंख्या और बड़ी–बड़ी इमारतों के कारण पर्यावरण की प्राकृतिक सुंदरता नष्ट हो रही है। घने वृक्ष काट कर बड़ी बिल्डिंगों का निर्माण करना पर्यावरण और प्रकृति के साथ छेड़छाड़ हैं। यह बातें एक्शन एड एचआरडी कमलेश कुमार ने कही। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में एक तरफ जहां घरों में फ्रीज, कुलर, पंखा, एसी लगवाने की होड़ मची है, वहीं दूसरी तरफ पौध शाला (नर्सरी) बिरान पड़े है। पौधों की अंधाधून कटान होने के साथ ही प्लास्टिक का उपयोग किया जा रहा है। खेतों में तालाब का निर्माण नहीं कराया जा रहा है। इससे जलवायु परिवर्तन में इजाफा हो रहा है। कहा कि जलवायु परिवर्तन से लोगों के सेहद पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। कहा कि गर्मी व प्रदूषण से स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। कहा कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में जनपदवासियों को बढ़चढ़ कर पौध रोपण करना होगा।

### महिला समेत तीन वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार

**सोनभद्र, समृद्धि न्यूज।** पिपरी थाना पुलिस ने तीन वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर कानून के हवाले कर दिया। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान विनोद कुमार राय पुत्र सुरेन्द्र कुमार राय निवासी चाचा कालोनी रेनुकूट, लखपतिया देवी पत्नी स्व राम बचन यादव निवासी मेन रोड रेनुकूट व नीशु कुमार पुत्र लोकनाथ पांडेय निवासी क–451(ज) मुरलीगढ़ी तुर्रा के रूप में की गयी है। पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा के निर्देशन में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में पिपरी पुलिस ने वारंटी विनोद कुमार राय, लखपतिया देवी व नीशु कुमार को गिरफ्तार कर कानून के हवाले कर दिया। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक सत्येन्द्र कुमार राय, उप निरीक्षक राजेश जी चौबे, दिलीप कुमार सिंह, हेड कांस्टेबल शंकर लाल, महेश कुमार सरोज, कांस्टेबल अजीत कुमार, सुनील कुमार खरवार, नेहा गिरी, रेनू यादव आदि पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

# लंबित विवेचनाओं का समय से करें निस्तारण



समृद्धि न्यूज

▸ सीओ ने करमा थाना का किया निरीक्षण, संबंधितों को दिए निर्देश

**सोनभद्र।** करमा थाना का मंगलवार को क्षेत्राधिकारी घोरावल राहुल पांडेय ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने लम्बित विवेचनाओं के संबंध में विस्तृत रूप से वार्ता करते हुए लंबित विवेचनाओं की समीक्षा किया। विवेचनाओं का समय से निस्तारण करने के लिए संबंधित विवेचकों को निर्देशित किया।

आईजीआरएस व जनशिकायतों की सुनवाई कर तत्काल जांच करने व विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने के लिए भी निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त क्षेत्राधिकारी ने अधिक समय से लंबित विवेचनाओं के शीघ्र निस्तारण पर जोर देते हुए वांछित अभियुक्तों व वारंटियों की गिरफ्तारी करने, आईजीआरएस प्रार्थना पत्रों एवं शिकायती प्रार्थना पत्रों का त्वरित निस्तारण, रात्रि में चौराहे, तिराहे पर चेकिंग करके अपराधियों के संचरण पर रोक लगाने सहित अन्य आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त अपराधियों का भौतिक सत्यापन करने, अवैध शराब एवं मादक पदार्थों के तस्करों व क्रय विक्रय करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने, थाने के मालों का निस्तारण तथा महिला संबंधी अपराधों में त्वरित गति से कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए। इसके साथ ही वर्तमान समय में शासन व उच्चाधिकारीगण द्वारा जारी आदेशों एवं अभियानों के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गये।

## धोखाधड़ी कर जमीन रजिस्ट्री के मामले का आरोपित गिरफ्तार

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के कोटार नाथ नहर चौराहा से धोखाधड़ी कर जमीन के बिक्री करने वाले आरोपित को पुलिस ने मंगलवार कि सुबह गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह के निर्देश पर एसआई श्याम लाल मय हमराह हेड कांस्टेबल इमरान व शशिकांत यादव के साथ मुखबिर कि सूचना पर धोखाधड़ी कर जमीन कि बिक्री के मामले के आरोपित परसिया मुड़पेली निवासी हनीफको गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है थाना क्षेत्र के रामपुर नौडिहा गांव निवासी भगवन्त ने तहरीर देकर गांव निवासी संत लाल, रामा, उद्यो, लालगंज थाना क्षेत्र के उसरी खम्हारिया निवासी मनीष, डडोरा गांव निवासी इंदु प्रकाश सिंह सब रजिस्टॉर लालगंज, कम्प्यूटर आपरेटर हरिओम गुप्ता व स्टाम्प बिंडर राजेंद्र प्रसाद फर्जी बैनामा कराकर जमीन हड़पना चाहते है। 31 दिसम्बर 2024 को उसके नाम पता का दुरूपयोग कर उसकी भूमि कि रजिस्ट्री करा लीं।

# बरी बसुहरा माइनर पूरी तरह क्षतिग्रस्त शिकायत के बाद भी नहीं हुआ मरम्मत

समृद्धि न्यूज



**हलिया (मिर्जापुर)।** सिरसी बांध प्रखंड के अदवा जलाशय से संचालित अदवा नहर का बरी बसुहरा माइनर जगह जगह पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है जिससे नहर का पानी किसानों के खेत व टेल तक नहीं पहुंच रहा है लेकिन सिंचाई विभाग के अधिकारियों की लापरवाही के कारण माइनर का मरम्मत कार्य नहीं कराया जा रहा है जिससे किसानों में भारी आक्रोश व्याप्त है। समय रहते बरी बसुहरा माइनर का मरम्मत कार्य नहीं कराया जाता है तो किसानों की सिंचाई प्रभावित होगी नहर का पानी टेल तक नहीं पहुंचेगा। हलिया गांव निवासी समाज सेवी राजन मौर्या ने बताया की क्षतिग्रस्त माइनर के मरम्मत कार्य कराने के लिए कई बार सिंचाई विभाग के अधिकारियो एवं कर्मचारियों कोई अवगत कराया गया लेकिन सिचाई विभाग के अधिकारियो व कर्मचारियों के लापरवाही के कारण कोई बात नही हो पाई।

### बाराती घराती में मारपीट, दो चोटिल, चल रहा उपचार

**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के सोनगढ़ा गांव निवासी लाल मोहम्मद के बेटे सद्दाम हुसैन की शादी सोमवार को राजपुर गांव निवासी निजामुद्दीन की बेटी सहाना से हुई। शादी में शरीक होने गए सोनगढ़ा गांव निवासी मंजूर अली(25) को 7–8 की संख्या में लोग पुरानी रंजिश वस गाली देते हुए मारने पीटने लगे बीच बचाव में मामला शांत हुआ। चोटिल का स्थानीय स्तर पर उपचार चल रहा है।वही लड़के के पिता लाल मोहम्मद को गाली देते हुए मारे पीटे लड़के के पिता रात्रि में अपने घर चले आए।

# न्यायालय के आदेश की अवहेलना करने पर आरोपी पर मुकदमा दर्ज

समृद्धि न्यूज

**हलिया (मिर्जापुर)।** ड्रमंडगंज पुलिस ने गोवध निवारण अधिनियम,पशु क्रूरता अधिनियम व एमवी एक्ट के दर्ज मुकदमे में अभियुक्त के न्यायालय में हाजिर नही होने पर उपनिरीक्षक अखिलेश कुमार यादव ने अभियुक्त जमशेद खान के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है।

उपनिरीक्षक अखिलेश कुमार यादव ने बताया कि वाराणसी कमिश्नरेट के थाना कैंट वरूणा के नुरूद्दीन फुलवरिया निवासी जमशेद खान उर्फ बाबू खान के विरुद्ध वर्ष 2024 में ड्रमंडगंज थाना में गोवध निवारण अधिनियम, पशुक्रूरता अधिनियम व एमवी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कराया गया था। वांछित जमशेद खान के विरुद्ध न्यायालय द्वारा बीते दो फरवरी को एनबीडब्ल्यू जारी किया गया था। आरोपित की गिरफ्तारी नही होने और न्यायालय में पेश नही होने पर न्यायिक दंडाधिकारी मिर्जापुर द्वारा 84 बीएनएनएस जारी किया गया था। जिसके अनुपालन में बीते तीस अप्रैल को आरोपित जमशेद खान के घर नुरूद्दीन फुलवरिया में नोटिस चस्पा कर मुनादी करवाई गई थी। नोटिस चस्पा कराने के बावजूद अभियुक्त जमशेद खान न्यायालय के समक्ष पेश नहीं हुआ। आदेश की अवहेलना करने पर उपनिरीक्षक अखिलेश कुमार यादव ने फरार चल रहे जमशेद खान के विरुद्ध बीएनएस की धारा 209 के तहत मुकदमा दर्ज कराया है।

### छेड़खानी व जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज

**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** ड्रमण्डगंज थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने हलिया थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक पर छेड़खानी व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए सोमवार की रात युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। तहरीर में युवती ने आरोप लगाया है कि 7 जून कि शाम को घर के पास नदी के घाट पर कपड़ा धुलाई करने गई थी। हलिया थाना क्षेत्र के बेदउर गांव निवासी विकास मोटरसाइकिल से आया नदी घाट पर मुझे अकेली देखकर मेरा हाथ पकड़ कर छेड़खानी करने लगा शोरगुल मचाने पर युवक जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकला। पुलिस ने युवक के विरुद्ध छेड़खानी व जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल में छूट गई। प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार सरोज ने बताया की युवती की तहरीर हलिया थाना क्षेत्र के बेदउर गांव निवासी विकास के विरुद्ध छेड़खानी व जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल किया जा रहा है।

## कहीं झमाझम बारिश तो कहीं बूंदाबांदी किसानों के चेहरे खिले

**मिर्जापुर।** जिले मेंसोमवार रात को मौसम नेअचानक बदलाव किया जिससेतेज बारिश हुई। यहमानसून की पहली बारिश थी जिसनेकिसानों के चेहरेपर मुस्कान ला दी। बारिश सेखेतों मेंनमी बढ़ गई। चमक के साथ हल्की बूंदा-बादी रुक कर होती रही लेकिन रात लगभग ढाई बजेके बाद तक तेज हवा और गरज चमक के साथझमाझम बरसात हुई। जनपद के कछवां, सीखड़, चुनार, लालगंज, हालिया, जमालपुर समेत लगभग सभी क्षेत्रों मेंमानसून की पहली बरसात होने से किसानों की बांछें खिल गई। खरीफकी खेती के तैयारी लिए यह बरसात संजीवनी का काम करेगी। बरसात तो आधे घंटे ही हुई लेकिन रुक रुक कर बूंदा बादी लगभग सुबह चार बजे तक हुई। खेतों की जुताई के लिए मिट्टी में पर्याप्त नमी हो गई। सोमवार शाम सेया कल सेखेत की जुताई की तैयारी में किसान जुट गए। ट्यूबवेल के पानी से जहां के किसानों नेधान की नर्सरी डाल चुके हैं, उनके लिए बरसात संजीवनी साबित हुई। धान की नर्सरी में किसान नलकूप से सिंचाई करते थे। धूप इतनी तेज होती थी कि नर्सरी का पानी गरम हो जाता था और धान के पौधों में रोग लग रहा था।

# वेतन बहाली की मांग को लेकर बीएसए को ज्ञापन

समृद्धि न्यूज

**सोनभद्र।** वेतन बहाली समेत विभिन्न मांगों को लेकर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के बैनर तले शिक्षकों ने सोमवार को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने मांगें पूरी न होने पर आंदोलन करने की चेतावनी दी।

संघ के जिला महामंत्री रविंद्र नाथ चौधरी ने कहा कि इस महंगाई के दौर में शिक्षकों का वेतन रोकना कहीं से भी न्यायसंगत नहीं है। वेतन बाधित होने से शिक्षकों को अपना घर चलाना मुश्किल हो गया है। पैसे के अभाव में बच्चों की पढ़ाई बाधित हो रही है। उन्होंने बीएसए का इस ओर ध्यान आकृष्ट कराते हुए शिक्षकों के रूके वेतन को तत्काल बहाल कराने की मांग किया। चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगें पूरी नहीं हुई तो वे मजबूर होकर आंदोलन का रास्ता अख्तियार करने को बाध्य होंगे।



### सदर कोतवाल का शिक्षकों ने किया स्वागत

शिक्षकों ने सोमवार को सदर कोतवाल गोपाल गुप्ता का माल्यार्पण कर स्वागत किया। बाद उन्होंने समाज में तमाम प्रकार के हो रहे आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने की मांग की। कहा कि आएदिन तमाम लोग साइबर फ्राड के शिकार हो रहे हैं। नगर में आपराधिक घटनाओं में तेजी से इजाफा हो रहा है। मांग की कि शिक्षकों के साथ साइबर फ्राड होने पर मामले की गहनता से जांच कर उचित कार्रवाई की जाएं। इस मौके पर रविंद्र नाथ चौधरी, रणजीत कुमार सिंह, विनोद कुमार, धनंजय कुमार सिंह, मनोज कुमार, श्याम बिहारी, मनीष कुमार, अजय कुमार कुशवाहा आदि शिक्षक नेता मौजूद रहे।

## आंधी से पेड़-पौधे हुए धराशाही, चरमराई विद्युत आपूर्ति



**सोनभद्र, समृद्धि न्यूज।** जिले में मंगलवार को तेज आंधी के साथ हुई बारिश से लोगों को उमश भरी गर्मी से काफी हद तक राहत मिली। ग्रामीण इलाकों में तेज आंधी से तमाम पेड़-पौधों के साथ विद्युत पोल धराशाही हो गये। सड़क पर पेड़ गिरने से लोगों को आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। सदर तहसील के बभनौली गांव में बांस-बल्ली के सहारे चल रही बिजली आपूर्ति पूरे दिन ठप रही। विद्युत तारों के साथ बांस-बल्ली के पोल सड़क पर गिर गए। गांव निवासी पुष्पा देवी, धर्मशिला, संगीता पाठक, राजेश कुमार मोदनवाल, उमेश जायसवाल, ज्ञानती देवी, सत्यम पाठक, सोनी देवी, सविता सिंह, पार्वती देवी ने बताया कि उनके वार्ड में कनेक्शन तो बिजली विभाग द्वारा दे दिया गया है, मगर पोल नहीं लगाया गया। बांस-बल्ली के सहारे बिजली तार खिंचकर किसी प्रकार से वे बिजली जला रहे हैं। सोमवार की रात आई आंधी से तमाम विद्युत तार सड़क पर गिर गए। इससे उनके वार्ड की आपूर्ति पूरी तरह ठप है। बताया कि इसकी बिजली विभाग के अधिकारियों से कई बार शिकायत की जा चुकी है, लेकिन समस्या पर ध्यान नहीं दिया गया।